ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 07 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 19 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-63 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

शाहरुख के खास दोस्त ने 'डंकी' ... पेज 10 पर



## मुख्यमंत्री, स्पीकर, मुख्य सचेतकों, नेता प्रतिपक्ष के वेतन और भत्ते में होगी बढ़ोतरी, प्रतिवेदन पेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो , नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, मुख्य सचेतकों, सचेतकों के वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाओं में वृद्धि से संबंधित प्रतिवेदन पेश किया गया। इस संबंध में गठित समिति और उसके द्वारा तैयार प्रतिवेदन में वेतन, भत्ते, अन्य सुविधाओं की समीक्षा और वृद्धि के निमित्त सुझाव दिये गये हैं। इसके मुताबिक वर्तमान में मुख्यमंत्री को वेतन के तौर पर 80 हजार रुपये का प्रावधान है। इसे एक लाख रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा समिति ने की है। मंत्री, राज्य मंत्री, उप मंत्री को 65 हजार के बजाए 85 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की गई है। क्षेत्रीय भत्ते के तौर पर मुख्यमंत्री, मंत्रियों को 80 हजार के बजाय 96 हजार रुपये दिये जाने की अनुशंसा की गई है। इसी तरह आवास ऋण के तौर पर मुख्यमंत्री, मंत्री को चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर देय 40 लाख रुपये की सुविधा को 50 लाख रुपये किये जाने का सुझाव दिया गया है। प्रभारी भत्ता, सत्कार भत्ता में भी वृद्धि की अनुशंसा हुई है। विधानसभा स्पीकर के लिए वर्तमान में प्रतिमाह वेतन के तौर पर मिलने वाली राशि को 78 हजार रुपये के बजाए 98 हजार रुपये किये जाने की अनुशंसा की गई है। क्षेत्रीय भत्ता के तौर पर 80 हजार रुपये प्रतिमाह की राशि को 95 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की हुई है। सत्कार भत्ता को 60 हजार रुपये की जगह 70 हजार रुपये प्रतिमाह करने को कहा गया है। नेता विरोधी दल को वेतन के तौर पर मिलने वाली राशि को 65 हजार रुपये के बजाए 85 हजार रुपये प्रतिमाह करने की सिफारिश की गई है। क्षेत्रीय भत्ता को 80 हजार के बजाए 95 हजार रुपये प्रतिमाह, सत्कार भत्ता को 45 हजार के बजाय 55 हजार रुपये प्रतिमाह और अन्य सुविधाओं में भी वृद्धि की अनुशंसा की गई है। मुख्य सचेतक को वेतन के तौर पर 55 हजार रुपये प्रतिमाह के बजाय 75 हजार रुपये प्रतिमाह, सचेतक को 40 हजार रुपये प्रतिमाह के बजाय 60 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की गई है। इसके अलावा समिति ने यह भी अनुशंसा की है कि झारखंड विधानसभा के सदस्यों को एक कंप्यूटर ऑपरेटर 35 हजार शेष पृष्ठ 11 पर

### लकड़ी का कारोबार करने वालों को सामान समेटने का निर्देश

## रेलवे की भूमि खाली करने को 31 दिसंबर डेडलाइन निर्धारित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण खाली करने के लिये सोमवार को मौका मुआयना कर 31 दिसंबर डेडलाईन निर्धारित किया गया। सेक्टर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पहुंचे आरपीएफ जवानों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर रेलवे की जमीन पर लकड़ी का कारोबार करने वालों को अपना सामान समेटने का निर्देश दिया गया। रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिये शासन पर नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट सदर अंचलाधिकारी अमरजीत बल्होत्रा व आरपीएफ गढ़वा रोड पोस्ट के इंस्पेक्टर बनारसी यादव सदल बल मौके पर पहुंचे। इस दौरान निर्णय लिया गया कि शेष पृष्ठ 11 पर

### रेलवे का चार करोड़ रुपये बकाया

बताया जाता है कि रेलवे द्वारा ओवरब्रिज के नीचे स्टेशन रोड पर 11 अतिक्रमणकारियों को चिन्हित किया गया था। इनमें से दो ने स्वेच्छा से किराया अदा कर रेलवे की जमीन खाली कर दी है। शेष नौ अतिक्रमणकारियों पर रेलवे का चार करोड़ रूपये किराया बाकी है।

## गागर में सागर

### हेड पोस्ट ऑफिस में सीबीआई का छापा पोस्टल असिस्टेंट घूस लेते धराया

**मेदिनीनगर।** स्थानीय प्रधान डाकघर में सोमवार को सीबीआई की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान सीबीआई की एंटी करपशन यूनिट की टीम ने मुख्य डाक अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत पोस्टल असिस्टेंट संजय गुप्ता को 15 हजार रुपए घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। संजय गुप्ता के खिलाफ सीबीआई को घूस मांगे जाने की शिकायत मिली थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मामले का सत्यापन किया। इस दौरान संजय गुप्ता द्वारा घूस मांगे जाने की बात सही मिली। जिसके बाद सीबीआई की ओर से सोमवार को कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि आरोपी जीडीएस की नियुक्ति के लिए रिश्वत ले रहा था। सीबीआई की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### पलामू व गढ़वा में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

**मेदिनीनगर।** पलामू व गढ़वा जिले में रविवार रात घटित सड़क हादसे में जहां दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली घटना में पाटन थाना क्षेत्र के बरसैता गांव निवासी ज्ञानदीप यादव के पुत्र अनिल यादव उम्र 35 वर्ष रंजीत भुइयां के साथ रात में 10 बजे बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान रेड़मा ओवरब्रिज के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क की पटरी पर खड़े हाईवा से जा टकरायी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल घायल हो गये। इसी दौरान किसी वीआईपी को स्कॉट कर रहे पीसीआर हाईवे पेट्रोलिंग 3 के हवलदार लक्ष्मण उरांव,चालक सुनील कुमार व सहायक पुलिस के जवान एडिसन तिवारी ने दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में अनिल यादव की मौत हो गई। जबकि रंजीत की स्थिति अभी भी गंभीर बताई जा रही है। वहीं गढ़वा जिले के गढ़वा-भंडरिया मार्ग पर अनियंत्रित होकर बाइक से गिर जाने के कारण रात आठ बजे चालक भंडरिया निवासी राम सकल मांझी के पुत्र अमरदीप मांझी उम्र 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा उपचार के लिये उसे मेदिनीनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद दोनों मृतकों के शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

### मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए 21 को बैठक

**रांची।** झारखंड के मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन समिति की बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को विधायक बिरंची नारायण के पूछे गए अल्प सूचित प्रश्न पर सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई है। सरकार ने बताया कि 8 मई 2020 से झारखंड में एक मुख्य सूचना आयुक्त और पांच सूचना आयुक्त का पद खाली है। नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं हो पा रही थी। अमर बाउरी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद 16 नवंबर 2023 को चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई थी। अब 21 दिसंबर को यह बैठक होगी। सरकार को मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए 63 और पांच सूचना आयुक्त के पद के लिए 354 आवेदन मिले हैं।

### झारखंड के जमशेदपुर और बोकारो में एटीएस व एनआईए की संयुक्त छापेमारी

**जमशेदपुर/बोकारो।** राज्य के बोकारो और जमशेदपुर जिले में तीन ठिकानों पर राज्य एटीएस और एनआईए ने सोमवार को संयुक्त रूप से छापेमारी की है। टीम ने छापेमारी के दौरान जमशेदपुर के जुगसलाई से एक व्यक्ति को पकड़ा है। टीम उसे हिरासत में लेकर बिष्टुपुर स्थित सर्किट हाउस ले गई। वहां उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार एनआईए और झारखंड एटीएस की टीम ने सोमवार को जमशेदपुर के जुगसलाई में दो ठिकाने पर छापेमारी, वहीं बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड के सुतरीबेड़ा में छापेमारी की है। जुगसलाई से टीम ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। वहीं टीम ने सुतरीबेड़ा में हाफिज असगर और अजहर कमाल नाम के दो लोगों से पूछताछ की। टीम ने दोनों से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ के बाद टीम इनके घर से कुछ दस्तावेज बरामद कर अपने साथ ले गयी। हालांकि इस संबंध में स्थानीय पुलिस कुछ भी बताने से इनकार कर रही है और इस कार्रवाई पर अनभिज्ञता जता रही है। परिजनों ने भी टीम द्वारा की गयी पूछताछ के संबंध में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों एनआईए ने खूंटी जिले में छापेमारी की थी। खूंटी में पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

### सीएम ने 773 करोड़, 30 लाख रुपये की 536 योजनाओं का दिया तोहफा

## बुनियादी समस्याओं का हो रहा समाधान : हेमंत

### पिछले दो दशकों में लगातार जनहित की अनदेखी होती रही



**रांची/हजारीबाग।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह सरकार दिल्ली और रांची के बंद और एयर कंडीशंड कमरे से नहीं बल्कि गांव और पंचायत से चल रही है। जिस गांव में आने-जाने का रास्ता तक नहीं है, वहां अधिकारी पूरे दल-बल के साथ योजनाओं की पोटली लेकर पहुंच रहे हैं तथा आपको लाभान्वित करने का काम कर रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री सोरेन सोमवार को हजारीबाग के ईचाक प्रखंड के तेतरीय ग्राम में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के चल रहे तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर 773 करोड़ 30 लाख 10 हजार रुपये की 536 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 537 करोड़ 6 लाख 80 हजार रुपये की 334 योजनाओं की नींव रखी गई, जबकि 236 करोड़ 23 लाख 30 हजार रुपये की 202 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ। वहीं, विभिन्न योजनाओं के 2 लाख 47 हजार 842 लाभुकों के बीच 247 करोड़ 81 लाख 40 हजार 98 रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गई।

**एक लाख सये ज्यादा बिजली उपभोक्ता को मिल रहा लाभ :** आज सिर्फ हजारीबाग जिले में एक लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट फ्री बिजली शेष पृष्ठ 11 पर

### हम संवेदनशीलता के साथ आप तक पहुंच रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार एक ऐसा महाअभियान है, जिसमें गांव- पंचायत में शिविर लगाकर आम जन की समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि बुनियादी समस्याओं की जानकारी लेने के साथ उसका समाधान हो रहा है। यहां लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराने के साथ इसका लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 23 वर्ष हो चुके हैं। पिछले दो दशकों में लगातार जनहित की अनदेखी होती रही। लोगों की शेष पृष्ठ 11 पर

### हर बुजुर्ग, विधवा व दिव्यांग को पेंशन का लाभ मिल रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां हर बुजुर्ग विधवा और दिव्यांग को पेंशन का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर सभी योग्य पात्रों शेष पृष्ठ 11 पर

## अधिक से अधिक निवेश राज्य सरकार का लक्ष्य : सीएम

**रांची।** कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उद्योग विभाग, झारखंड सरकार एवं पेप्सिको की बाटलिंग कंपनी वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडर स्टैंडिंग (एमओयू) हस्ताक्षर सम्पन्न हुआ। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में एक बेहतर उद्योग पालिसी बनाई है। राज्य सरकार का प्रयास है कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई उद्योग नीति के तहत लगातार कई अच्छी और विश्वसनीय उद्योग संस्थानों द्वारा झारखंड में निवेश करने की इच्छा जाहिर की है। नई उद्योग नीति के तहत निवेशक अब राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में कई जाने- माने उद्योग संस्थाओं द्वारा जमशेदपुर सहित अन्य जगहों पर अपने कंपनी का विस्तार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्थापित उद्योग संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों को मिले इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा नियम भी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेशकों को एक बेहतर माहौल के साथ-साथ सुरक्षा भी मुहैया करायी जा रही है।

### वरुण बेवरेजेस पतरातू में 456 करोड़ निवेश करेगी

वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के अध्यक्ष श्री रविकांत जयपुरिया ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड एक भारतीय कंपनी है, जो पेप्सिको की बाटलिंग कंपनी के नाम से जाना जाता है। यह कंपनी विभिन्न पेय पदार्थों का उत्पादन एवं बोतल मैन्युफैक्चरिंग करती है। उन्होंने कहा कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड रामगढ़ जिला के पतरातू में 456 करोड़ रुपए निवेश करने जा रही है। कंपनी द्वारा यहां काबोर्नेटेड साफ्ट ड्रिंक जैसे पेप्सी, सेवेन अप, माउंटेन ड्यू, मिरिंडा, ट्रापिकाना फ्रूट जूस, एक्वाफिना पानी आदि का उत्पादन होगा। इसके साथ ही मिल्क बेस्ड ड्रिंक, वैल्यु एडेड डेयरी प्रोडक्ट एवं ड्रिंक के लिए बोतल का उत्पादन किया जाएगा। साथ ही कम्पनी द्वारा 4 मेगावाट सोलर पावर एनर्जी जनरेट कर आस-पास क्षेत्र में विद्युत प्रकाश के लिए पावर सप्लाई करेगी।

## सुरक्षा चूक पर संसद में हंगामा, एक दिन में 78 सांसद निलंबित



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र के 11वें दिन सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा से कुल 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। इन निलंबित सांसदों में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, तृणमल कांग्रेस के सौगत राय, डीएमके के टीआर बालू, दयानिधि मारन समेत लोकसभा के कुल 33 सांसद हैं। वहीं राज्यसभा से जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी, केसी वेणुगोपाल, इमरान प्रतापगढ़ी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, मोहम्मद नदीमुल हक समेत 45 सांसद शामिल हैं। जिन सांसदों को निलंबित किया गया है वो 13 दिसंबर को संसद में हुई सुरक्षा में चूक के मसले पर दोनों सदनों में हंगामे के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे थे। 2001 के संसद हमले की बरसी के दिन यानी बीती 13 दिसंबर को दो शख़्स ने लोकसभा के अंदर और दो ने बाहर प्रदर्शन किया था। उसके बाद से विपक्ष लगातार सुरक्षा में हुई उस चूक को लेकर सरकार से जवाब मांग रही है लेकिन सोमवार से पहले 14 दिसंबर को लोकसभा से कुल 13 सांसद निलंबित किए गए थे। तब राज्यसभा से टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को निलंबित किया गया था। शीतकालीन सत्र से अब तक कुल मिलाकर 92 सांसदों को सस्पेंड किया जा चुका है।

### सांसदों के निलंबन पर विपक्ष की तीखी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सांसदों के निलंबन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है। उन्होंने कहा, 'सबसे पहले घुसपैठियों ने संसद पर हमला किया. अब मोदी सरकार संसद और लोकतंत्र पर हमला कर रही है।' 'निरंकुश मोदी सरकार 47 सासंदों को निलंबित करके सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में फेंक रही है।' वे बोले, 'विपक्ष-रहित संसद के साथ, मोदी सरकार अब किसी भी असमहति को कुचल सकती है।' वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने कहा है कि बीजेपी के पास सदन चलाने का नैतिक अधिकार नहीं है। वे बोलीं, 'अगर वो (बीजेपी) सभी सांसदों को निलंबित कर देंगे तो सांसद अपनी आवाज कैसे उठाएंगे? वो तीन महत्वपूर्ण विधेयक पास कर रहे हैं। लोकतंत्र में एक व्यवस्था होती है। लोगों की आवाज को दबा दिया गया है। विपक्ष को पूरी तरह निलंबित करने के बाद उन्हें सदन चलाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।' वहीं कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई बोले, 'देश साफ-साफ देख रहा है कि संसद के अंदर आज कैसे बुलडोजर चलाया जा रहा है। ये विरोधियों को रौंदने की प्रक्रिया है। अमित शाह जी को, उनकी विफलताओं को बचाने के लिए विपक्ष पर, जनप्रतिनिधियों पर, जनता के मूल अधिकारों पर बुलडोजर चला रहे हैं।'

**लोकसभा अध्यक्ष ने क्या कहा? :** लोकसभा अध्यक्ष शेष पृष्ठ 11 पर

## सेना में आत्महत्या और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बढ़ते मामले



**सुनील बादल**

**भारतीय** सेना सदियों से अपनी बहादुरी और देशभक्ति के लिए जानी जाती है जिसने कम संसंधानों के साथ भी इन्हीं भावनाओं के साथ अनेक चर्चित युद्ध जीते हैं लेकिन इधर समुचित संसाधनों और अच्छे वेतनमान के बाद भी देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवान बड़ी संख्या में या तो आत्महत्या कर रहे हैं या स्वैच्छिक सेवानिवृति ले रहे हैं जो चिंताजनक है । भारतीय सेना ने कहा है कि 2001 के बाद से हर साल 100 से 140 सैनिक ₹आत्महत्या या खुद को लगी चोटों₹ के कारण मारे गए हैं। भारतीय सेना को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाता है कि वह विषम परिस्थिति में भी डिगे नहीं और हर बाधा से लड़ कर विजयश्री प्राप्त करे । फिर हार की भावना या हताशा क्यों ? विशेषज्ञ मानते हैं कि पड़ोसी देशों से में चल रहे छद्म युद्ध या नक्सली गतिविधियों के कारण लंबे समय से अपने परिवार से दूर रहते हुए उन्हें घर से आने वाली हर बुरी खबर एक अदृश्य अवसाद में भेज देती है। विवादों को निपटाने के लिए उनका अपने घर और परिवार में बार-बार आना-जाना संभाव नहीं होता और जब वे व्यक्तिगत या व्यावसायिक दायित्वों को पूरा किए बिना अपने पद पर लौटते हैं तो उनका तनाव बढ़ है । देश में सरकारी कामकाज में भ्रष्टाचार के कारण सीमित अवधि में काम कराना बहुत मुश्किल होता है वह भी बिना रिश्वत के जिसकी उन्हें आदत नहीं होती । रेजिमेंटल नियमों के विरुद्ध छुट्टी से अधिक समय तक रुकने पर कंपनी कमांडर की रिपोर्ट या चेतावनी से उनका संकट और बढ़ जाता है कई बार कंपनी कमांडर दयालु और समझदार भी होते हैं पर बार-बार छुट्टी की मांग को अस्वीकार कर देते हैं। कल एक सैनिक ने विवाह कर ड्यूटी पर लौटने के बाद आत्महत्या कर ली । बहुत बार घर-परिवार के लोग सेना के अनुशासन को नहीं समझते और ताने मारते हैं । यह कहानी उन हजारों मध्यमवर्गीय लोगों की है जो सेना और अर्धसैनिक बलों में भर्ती होकर अपने घरों का बोझ अपने साथ अपनी सीमा चौकियों तक ले जाते हैं। उनके जीवन पर हावी होने वाले कई व्यक्तिगत विवाद उन्हें पुलिस स्टेशनों, तहसीलदार अदालतों, राजस्व और आपराधिक अदालतों तक ले जाते हैं। भारतीय सेना का हथियारधारी जवान, वीर सेनानी हर कोर्ट और पुलिस स्टेशन पर हाथ जोड़े खड़ा रहता है। उनका अभिमान चूर-चूर हो जाता है जब उन्हें कोई भाव नहीं देता, राष्ट्र के लिए लड़ने का उनका संकल्प और समाज के प्रति उनका विश्वास हिल जाता है । अधिकांश सैनिक साल में 10 से 11 महीने घर से दूर रहते हैं, जो अंततः वैवाहिक कलह, आरोप-प्रत्यारोप का कारण बनता है। जब समस्याएं बढ़ जाती हैं, तो उन्हें जान लेने जैसा चरम कदम उठाना पड़ता है। सैनिकों के मनोबल पर इसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है, जो बड़ी संख्या में उनकी सेवानिवृत्ति में बदल जाता है। आधिकारिक आंकड़े कहते हैं कि सेना में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की दर सबसे अधिक है। पिछले पांच वर्ष में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 46960 जवानों/ अधिकारियों ने नौकरी छोड़ दी। यह निश्चित रूप से सेना के लिए अच्छा संकेत नहीं है, जो पहले से ही अधिकारियों की कमी से जूझ रही है। उनकी समस्याओं का समाधान कंपनी कमांडर, बटालियन के कमांडेंट, गांव के सरपंच या उनके घर वाले कर सकते हैं । सैनिकों को भी इसके लिए प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। जिला व ग्राम प्राधिकारियों को संवेदनशील बनाना भी एक समाधान साबित हो सकता है जो सैनिकों के कामों को प्राथमिकता दें। ग्राम पंचायतों व सैनिक कल्याण बोर्डों को सक्रिय और उन्हें संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने संसद में कहा कि सशस्त्र बलों द्वारा अपने अधिकारियों और अन्य रैंकों के लिए एक स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। अन्य उपायों के अलावा, प्री-इंडक्शन प्रशिक्षण के दौरान मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता प्रदान की जाती है।

### सिमबोसिस स्कूल के 9वीं के छात्र की क्लास रूम में मौत

**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा स्थित सिमबोसिस स्कूल के 9वीं के एक छात्र की सोमवार को मौत हो गई। बताया जाता है कि छात्र अपने क्लास रूम में बैठा था, जिसके बाद उसे चक्कर आया और फिर वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उसे स्थानीय एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उसे एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में में मृत छात्र अजय कुमार (15) के पिता रेलकर्मी जगदीश साव ने बताया कि उनका बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ था। सुबह भी वह स्कूल के लिए खुद तैयार हुआ और अपने स्कूल गया, लेकिन कुछ समय बाद उसके स्कूल से उसे फोन आया कि उसके बच्चे की तबियत बिगड़ गई है, उन्हें जल्द से जल्द असर्फी अस्पताल बुलाया गया। असर्फी अस्पताल पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि आप एसएनएमएमसीएच चले आइये। यहाँ आने पर उन्हें उनका बेटा मृत हालत में मिला। वहीं सिमबोसिस स्कूल की प्रचार्या इंद्राणी ने बताया कि छात्र काफी समय तक स्कूल में अपने सिर को नीचे दबा कर बैठा था। इसके बाद स्कूल के शिक्षक द्वारा पूछे जाने पर उसके साथ बैठे उसके क्लास शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### छात्रों संग शिक्षकों ने पिकनिक मनायी

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा के दौरान होम साइंस की परीक्षा संपन्न हुयी। इसमें परीक्षार्थियों ने तरह-तरह के व्यंजन एवं हैंड क्राफ्ट बनाकर शिक्षकों के सामने प्रस्तुत किया। वहीं शिक्षक तथा छात्रों ने साथ में बैठकर पिकनिक मनाते हुए वर्ष 2023 को विदा किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सत्येंद्र मेहता, नेशनल आईटीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन, प्रिंसिपल रवि रंजन वर्मा, शिक्षक विनोद कुमार, सुरेश कुमार, प्रशांत कुमार, राहुल ठाकुर, कुंदन सिंह, शिक्षिका रामी कुमारी, सोनी कुमारी, शिल्पी कुमारी, सुनीता कुमारी, संध्या कुमारी आदि मोजूद रहीं।

### शैक्षणिक भ्रमण से लौटे गौतम बुद्धा के 105 छात्र-छात्रायें

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के टंडवा रोड़ स्थित गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल के 105 छात्र-छात्रायें सुरक्षित बस से शैक्षिक भ्रमण से वापस लौटे। इस संबंध में स्कूल के डायरेक्टर संजय कुमार मेहता ने बताया कि बच्चे शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बिहार की राजधानी पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान, गोलघर, गांधी मैदान सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने बताया कि समय-समय पर ऐसे आयोजन बच्चों में किताबी ज्ञान के अलावा बाहरी ज्ञान अर्जित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। यात्रा में शिक्षक गुड्डू कुमार, शिवदयाल शर्मा, ज्योति कुमारी, किरण देवी, दीपिका कुमारी शामिल थीं।

### मुसिखाप में लगी आपकी सरकार शिविर

**विश्रामपुर।** सोमवार को पांडु प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मेडिकल टीम,आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाकर उनका निष्पादन किया गया। इस दौरान 25 मरीजों का शुगर,15 मरीजों का बीपी व 16 के एनीमिया जांच की गई। वही शिविर में अबुआ आवास का 597 आवेदन, बिरसा सिंचाई योजना का 4,मुख्यमंत्री पशुधन योजना का 22 आवेदन प्राप्त हुआ। शिविर में 145 कंबल का भी वितरण किया गया। मौके पर पांडु बीडीओ राहुल उरांव, बीपीओ रणधीर प्रकाश,सतीश उपाध्याय,आंनद पाण्डेय,जालिम सिंह, सुबिन सिंह,पूनम कुमारी,पंकज कुमार, ललन कुमार,सत्यप्रकाश पाण्डेय,अमर कुमार मौजूद थे।

### सोहरी चंद्रवंशी कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**विश्रामपुर।** प्रखंड के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के सोहरी चंद्रवंशी कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया था। जिसमें कॉलेज के सभी सीनियर छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक विदायी दी गयी। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग,जीएनएम,एएनएम,बीएससी, एमएलटी बैच के छात्र-छात्रा शामिल हुये। रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने सभी छात्र -छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर कुलपति डा. कल्याण कुमार, प्राचार्य कौशल किशोर नागर, प्रो. रेखा कुमारी,खुशबू सिंह,ज्योति जांगड़े,सरोज, राहुल तिवारी,नम्रता, प्रीति, अर्पणा मिंज,सरस्वती भगत,अंकिता चौहान,अनुपमा भगत,सपना श्रीवास,विरेन्द्र पासवान मौजूद थे।

### गुरी पंचायत में ज्ञान महायज्ञ जनवरी में

**विश्रामपुर।** प्रखंड के गुरी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने बैठक कर जनवरी महीने में ज्ञान महायज्ञ कराने का निर्णय लिया। प्रस्तावित ज्ञान यज्ञ रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कराया जायेगा। यज्ञ की शुरूआत छः जनवरी से होगी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित युवा समाजसेवी विकास दुबे ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। लोगों की धर्म में आस्था भी बढ़ती है। उन्होंने ज्ञान यज्ञ में हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। बैठक में शिवराज मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा,शिवकुमार मिश्र,श्रीकांत मिश्रा,मुखराम तिवारी, विजयकांत तिवारी,आशीष मिश्रा,अखिलेश तिवारी, लालमोहन पासवान,डब्ल्यू चौबे मौजूद थे।

### 25 लाख किसानों के 1. 25 लाख हेक्टेयर भूमि की नहीं हो सकी सिंचाई की समुचित व्यवस्था

# 1622 से बढ़कर 2436 करोड़ बजट फिर भी उत्तर कोयल परियोजना का कार्य अधूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ने लोकसभा में नियम 377 के तहत लोकसभा अध्यक्ष भारत सरकार को बिहार- झारखंड के महत्वपूर्ण उत्तर कोयल परियोजना लंबित कार्य के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा है कि दो राज्यों के करीब 25 लाख किसानों की 1. 25 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई करने वाली अंतर्राज्यीय उत्तर कोयल परियोजना का कार्यारंभ सन 1975 में हुआ था। अब तक हजारों करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने के बावजूद भी दोनों राज्यों के तीन जिलों पलामू, औरंगाबाद और गया के किसान निश्चित सिंचाई सुविधा से वंचित है। जबकि शेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए सन 2017 में केंद्रीय मंत्री परिषद ने 1622 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी। 5 जनवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शेष कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यावधि 30 महीने निर्धारित की गई। पर्र समय पर कार्य पूर्ण नहीं होने से निर्माण लागत में वृद्धि होकर पुनः अक्टूबर 2023 में केंद्रीय मंत्री परिषद ने 2436 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके तहत डूब क्षेत्र के किसानों को पुनः मुआवजा, मंडल डैम में लोहे का फाटक, मोहम्मदगंज बराज और दाएं व बाएं नहरों के जीर्णोद्धार का कार्य शामिल है। इन सभी कार्यों में विशेषकर मुआवजा भुगतान करने में झारखंड सरकार का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की है कि लाखों किसानों के हित में 48 वर्षों से लंबित परियोजना के मंडल डैम में अविलम्ब लोहे का गेट लगाया जाये।



फाइल फोटो

# लोहरसी में लगा आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के लोहरसी पंचायत के राजकीय कृत मध्य विद्यालय परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, लोहरसी मुखिया चिंता देवी, नौडीहा टू के मुखिया मुकेश सिंह, युवा समाजसेवी अरविंद सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पशुधन योजना, आयुष्मान कार्ड योजना के लगाए गए स्टॉल में आवेदकों की भारी भीड़ देखी गई। अंचलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। मौके पर आशीष कुमार, रंजीत कुमार, शिक्षा विभाग बीपीओ राजू कुमार सिंह, सीआई महावीर प्रसाद, कनीय अभियंता मनोज कुमार, डा. सरना लकड़ा, कृषि विभाग के यशवंत कुमार, महिला पर्यवेक्षिका गीता सिंह मौजूद थीं।



# आपकी योजना कार्यक्रम में आये 830 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर प्रखंड के गुरी पंचायत मुख्यलाय में शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, बीडीओ विक्रम आनंद,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, मुखिया रौशीला देवी,प्रमुख रंभा कुमार व उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में वृद्धा पेंशन,अबुआ आवास,सिंचाई योजनाओं सहित कुल 830 आवेदन प्राप्त हुये। अधिकाधिक आवेदन अबुआ आवास योजना का था। शिविर में गुरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्राओं को साइकिल खरीदने हेतु चेक प्रदान किया गया। जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। बीडीओ विक्रम आनंद ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मौके पर बीपीआरओ मुकेश कुमार,मुखिया पति घुरा बैठा,पूर्व पंसस गुड्डू पांडेय,ललित पांडेय,संजय दुबे,देवेंद्र सिंह,सुरेंद्र पाठक मौजूद थे।

# सांसद प्रतिनिधि ने उठाया लोन देकर गरीबों को प्रताड़ित करने का मामला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की सोमवार को हुई बैठक में सांसद के जिला प्रतिनिधि विजय ओझा ने छतरपुर में माइक्रो फाइनेंस कंपनी द्वारा गरीबों को लोन देकर प्रताड़ित करने का मामला उठाया। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि कम ब्याज का झांसा देकर लोन लेने के बाद ऊंची ब्याज की वसूली की जा रही है। नहीं अदा करने पर कर्मियों द्वारा कर्ज लेने वाले परिवारों के साथ मारपीट व महिलाओं को जबरदस्ती उठाया जाना गंभीर मसला है। उन्होंने ऐसे कम्पनियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की। श्री ओझा ने बताया कि कम ब्याज पर लोन देकर अधिक वसूली करने वाले कम्पनी के कर्मी कर्जदारों के घर जाकर गली - गलौज एवं गरीब महिलाओं को घर से उठा ले जाने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने मांग किया कि वैसे माइक्रो फाइनेंस कंपनी को चिन्हित करें जो आरबीआई के गाइडलाईन के बिना अवैध रूप से कंपनी ऑपरेट कर रहे हैं। जिनका लाइसेंस आरबीआई से नही है उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कारवाई की जाये। ताकि गरीब लोगों को इन कंपनियों का शिकार होने से बचाया जा सके । इसके अलावे श्री ओझा ने भारत सरकार के विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत जितने भी लोग पंचायत में आवेदन दे रहे हैं उन आवेदनों पर तत्काल बैंक कार्य करे।

### सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ा गांव के समीप सोमवार की सायं घटित सड़क हादसे में मध्य विद्यालय नावाबजार के शिक्षक अशोक कुमार टूटी उम्र 45 वर्ष गंभीर की मौत हो गयी। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि आलोक कुमार टूटी नावाबाजार मध्य विद्यालय से पढ़ाकर अपने घर चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरताड़ जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर विद्यालय के अध्यापक अस्पताल पहुंचे। सेमरताड़ वार्ड नंबर 33 की प्रथम वार्ड पार्षद चंचला देवी के पति समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी है।

### आखिरी लीग मुकाबले में काजीनगर ने पतरा कला को हराया

**कर्नल कप क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगलवार से शुरू**

**हुसैनाबाद।** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग चरण के आखिरी दिन भी दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अंतिम लीग मैच काजीनगर बनाम पतरा कला के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किये लेकिन अंततः काजीनगर ने 3 -0 से मैच को अपने नाम कर लिया। इसके पूर्व मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि महुअरी पंचायत पंसस बद्रीनारायण सिंह व सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। मौके पर क्लब के उपाध्यक्ष डबल सिंह, निर्णायक धीरेन्द्र कुमार बैठा, एसएम अकरम, जयकुश सिंह, बनारसी मेहता सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे। टूनामेंट में मंगलवार से क्वार्टर फाइनल नाक आउट मुकाबला बैरांव बनाम लपेया के बीच खेला जाएगा।

### पांकी ने जमाया सीएम फुटबाल कप पर कब्जा

**सगालीम।** सहोदय उच्च विद्यालय शाहपुर के मैदान पर मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल कप (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2023-24 का जिला स्तरीय फाइनल मैच सोमवार को खेला गया। खिताबी मुकाबला पांकी व तरहसी प्रखंड के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूट में 4-3 से विजय प्राप्त कर पांकी ने खिताब पर कब्जा जमाया। पांकी की टीम अब जोनल मैच खेलने रांची जायेगी। मौके पर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं देतें हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इससे टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से सरकार ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभा को सामने लाना चाह रही है। इस अवसर पर ओलंपिक संघ सचिव संजय त्रिपाठी, सहोदय उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल विनोद करकेटा, सुनील कुमार, सिद्धार्थ कुमार, सकिंद्र कुमार, मोनू कुमार, प्रसंजित गुप्ता, रेफरी,धीरेंद्र कुमार,साहेब सिंह,जिला सचिव कपिलदेव कुमार सिंह, गीता उरांव, रानी कुमारी, अस्मिता कुमारी, रिया, मीडिया प्रभारी, सचिता नंद, दिवाकर, पिंटू कुमार सिंह उपस्थित थे। मंच संचालन उमर रशीद जिया ने किया।

### डीटीओ ने डेढ़ दर्जन दुपहिया वाहनों को पकड़ा

**हरिहरगंज।** जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने सोमवार को हरिहरगंज थाने के समीप एनएच-98 इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान करीब डेढ़ दर्जन दो पहिया वाहनों को विभिन्न कमियां पाये जाने पर जब्त कर हरिहरगंज थाने के सुपुर्द किया गया। वहीं कुछ दुपहिया वाहन के मालिकों द्वारा मौके पर ही जुमार्ना भरकर चालान कटवाया गया। डीटीओ ने कहा कि वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पचकेडिया में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**पाटन।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत पचकेडिया पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी,पाटन प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, मुखिया बसंती देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, उप प्रमुख अमरेश कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में भारी भीड़ देखी गई। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्रामीण जनता को अब पंचायत स्तर पर भी मिल रहा है। शिविर में अबुआ आवास के लिए 700 आवेदन प्राप्त किए गए। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत विद्यार्थियों के बीच साइकिल के लिये 4500 रूपये का चेक वितरण किया गया। शिविर में 18 प्रकार के स्टाल लगाए गए थे। मनरेगा लाभार्थियों को जॉब कार्ड का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रामीण की जांच कर दवा का वितरण किया गया। शिविर में सखी मंडलों के बीच चेक का वितरण किया गया। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह द्वारा किया गया। शिविर में उपस्थित एमओ सखीचंद दास, प्रधान सहायक मृत्युंजय सिंह, जीपीएस कामेश्वर महतो, बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य, समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता, भरत मांझी मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02 गढ़वा

ई–निविदा सूचना सं0–RDD/SD/GARHWA/14/2023-24

Tender ID- 2023_RDSPL_78377_1

CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**RDD/SD/GARHWA/14/2023-24, PR 312483 Rural Development (23-24)D** द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश कंडिका (क्रमांक) 03 एवं 05 में आंशिक संशोधन करते हुए पूर्व **NIT** के निविदा आमंत्रित की जाती है, शेष कंडिकाएँ यथावत् बनी रहेंगी।

3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–04.12.2023 से दिनांक–18.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक–04.12.2023 से दिनांक–20.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय–20.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक–22.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02
गढ़वा।

PR.NO.313720 Rural Development(23-24):D



## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

(आपदा प्रबंधन शाखा)

अपील

शीतलहर खतरनाक साबित हो सकती है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए निम्नलिखित सावधानियों से संबंधित **(Do's & Don'ts)** -

सुरक्षा के उपाय:–

- स्थानीय समाचार पत्रों/रेडियो/टी0वी0 से मौसम की स्थानीय जानकारी लेते रहें तथा घर के अन्दर रहें।
- ठंड से बचाव हेतु मल्टीलेयर ठंढक का कपड़ा रखें तथा जब भी बाहर जायें तो ऊनी कपड़े पहनें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें और हमेशा जूते या चप्पल पहने रहें।
- अपने घर को गर्म रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में दरवाजा एवं खिड़कियां खुली न रखें।
- ठंढ के समय कम से कम यात्रा करें तथा वाहन चलाते समय गति नियंत्रित रखे, हेलमेट पहनें तथा हाथ में दास्ताने का उपयोग अवश्य करें।
- अगर आपका आवश्यक काम बाहर का है तो टोपी, गमछा आदि का इस्तेमाल करें और सूखे कपडों का प्रयोग करें।
- प्रर्याप्त भोजन करें, पानी को गुनगुना करके सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन का सेवन करें, जैसे–मांस व मेवे, दाल जो शारीरिक ताप को बढ़ाते हैं।
- घर में बना खाद्य सामग्री का प्रयोग करें एवं भोजन करने के समय गर्म कर सेवन करें तथा शरीर को ठंढ से बचाने हेतु त्वचा पर तेल व Moisture क्रीम लगायें।
- जहाँ तक संभव हो सुबह–शाम में घर से बाहर न निकलें तथा वृद्ध एवं बच्चों पर विशेष ध्यान दें।
- अपने घर में कोयले की अंगीठी/चूल्हा/हीटर आदि का प्रयोग करते समय सावधान रहें व कमरे को हवादार रखें, ताकि जहरीले धुएँ से नुकसान न हो।
- पालतू जानवरों को घर के अन्दर बांधे तथा उनके शरीर ढकने के लिए टाट या बोरे का प्रयोग करें, जिससें ठंढ से बचाव हो सके।
- ठंढ में शराब का सेवन न करें, क्योंकि शराब के सेवन से नसें सिकुड़ती हैं।
- अपने एवं बच्चों को पर्याप्त ऊनी कपड़े पहना कर रखें।
- फसलों में हल्की सिंचाई कर दें, जिससे पाला का प्रभाव कम हो सके।
- खेती में मिश्रित फसलों का उपयोग करें तथा टमाटर, बैंगन, सरसो, अरहर आदि को पाला से बचाने हेतु खेत के किनारे धुआँ का इस्तेमाल करें।
- हवा की गति रोकने हेतु खेत के मेढ़ पर पौधों का रोपण करें, जो हवा की गति को कम करने में सहायक हो सके।
- अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।
- घर में ओ0 आर0 एस0 का पैकेट जरुर रखें तथा सभी को इस्तेमाल का तरीका बतायें।

ठंढ लगने पर क्या करें ?

- ठंढ लगे व्यक्ति को गर्म बिस्तर में लिटा दें। अगर कपड़े गीला हों, तो उन्हें हटा दें।
- ठंढ लगे व्यक्ति को चाय एवं गर्म पेय पदार्थ पीने के लिए दें, जिससे शरीर का तापमान बढ़ सके।
- व्यक्ति को यदि कोल्ड डायरिया हो जाय तो गर्म ओ0आर0एस0/नमक–चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके।
- ठंढ लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार ना हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाएं।
- पशुओं के चारे में पोषक तत्वों की मात्रा में वृद्धि करें तथा मौसम अनुरूप पशु शेड का निर्माण करें।

किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं पुलिस कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।

सावधानी बरतो, खुशहाली लाओ, आपदाओं से अपनी जान बचाओ।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR 313664 Palamu(23-24)D



## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा

"अनापत्ति संबंधी सूचना"

मनरेगा अन्तर्गत इस कार्यालय के विज्ञापन संख्या 01/2023–24 के आलोक में **प्रखण्ड कार्यकम पदाधिकारी**, **तकनीकी सहायक** (सहायक अभियंता के समकक्ष), **तकनीकी सहायक** (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्युटर सहायक एवं **ग्राम रोजगार सेवक** के पद पर चयन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गयी थी। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रारंभिक सूची तैयार किया गया है, जिसे चतरा जिले के वेबसाइट www.chatra.nic.in पर प्रकाशित किया गया है।

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ऑनलाईन समर्पित आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात के आधार पर सूची तैयार की गई है। उन प्रविष्टियों के संबंध में यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो **दिनांक 24/12/2023** को **5:00 अपराहन** तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, चतरा में निबंधित डाक अथवा e-mail- drda.chatra@gmail.com पर अपना आपत्ति दे सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक
चतरा

PR 313670 (Rural Development)23-24*D



## पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।

जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट में संचालित पी0टी0सी0 के प्रशिक्षुओं को खाद्य सामग्री आपूर्ति एवं आवश्यक सामग्री को पूर्ति के लिए निम्न दुकानों को किराये पर आवंटन हेतु, इच्छुक व्यक्तियों से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0सं0 | निविदा जमा करने का अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | 27.12.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक। | 28.12.2023 पूर्वाह्न 10: बजे |

| क्र0सं0 | दुकान का नाम | मासिक किरायें की न्यूनतम राशि |
|---|---|---|
| 1. | दुध दुकान | 2,750.00 रू0 |
| 2. | पुलिस स्टोर | 11,000.00 रू0 |
| 3. | दर्जी दुकान | 9,350.00 रू0 |
| 4. | चिकेन/मटन/मछली/अंडा दुकान | 30,250.00 रू0 |
| 5. | सब्जी दुकान | 27,500.00 रू0 |
| 6. | राशन दुकान | 27,500.00 रू0 |
| 7. | सैलून दुकान | 1,650.00 रू0 |
| 8. | सुखा फल दुकान | 2,200.00 रू0 |
| 9. | जूस दुकान | 1,650.00 रू0 |
| 10. | जेनरल स्टोर | 3,300.00 रू0 |

DD(Demand Draft) की राशि प्रत्येक दुकान के लिए उसकेन्यूनतम् मासिक किराया का 05 गुणा होना चाहिए, जो पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के नाम से देय होगा, जो निविदा के साथ समर्पित करना आवश्यक होगा।

इच्छुक व्यक्तियों/दुकानदारों/भेंडरों से मुहर बंद सील लिफाफा में निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदादाता निर्धारित समय सीमा के अन्दर पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के पद नाम से सील बंद लिफाफा में हाथों–हाथ, निबंधित डाक या दूत के माध्यम से निविदा समर्पित करेंगें, जिसमें जिस दुकान को लेना चाहेंगे उस दुकान का नाम एवं प्रति माह मासिक किराया अंकित करेंगे। निविदा खोलने के समय निविदादाता अपना पैन कार्ड/आधार कार्ड/जी0एस0टी0 के साथ, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट ट्रेनिंग ब्लॉक के कॉन्फ्रेंस हॉल में उपस्थित होंगे।

शर्ते :–1. अधिकतम् राशि अंकित करने वाले व्यक्तियों को दुकान आवंटन की जायेगी।
2. दुकान का किराया, दुकान आवंटन के तिथि से लागू होगा। प्रशिक्षुओं को 20 दिन से अधिक प्रशिक्षण केन्द्र से बाहर रहने पर उस माह का किराया नही लगेगा।
3. केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित सामान, नशीले पदार्थ, पॉलीथीन आदि का उपयोग नहीं किया जाएगा।
4. दुकान संचालन से संबंधित सरकार की नीति–निर्देशों का पालन करना होगा।
5. आवंटित दुकान की आवश्यकता इस संस्थान को होगी तो अल्प अवधि में (एक माह के अन्दर) दुकान खाली करना होगा।
6. दुकान का मासिक किराया प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में इस संस्थान के लेखा शाखा (बचत खाता) में जमा करना होगा, इस तिथि के बाद प्रत्येक माह 500/– (पाँच सौ) रूपये का विलम्ब शुल्क देना होगा तथा लगातार दो माह किराया नहीं देने पर आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। बकाया किराया की वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
7. जिनका दुकान आवंटन किया जाएगा उनका DD अग्रिम सुरक्षा राशि के रूप में कार्यालय द्वारा रख ली जाएगी और जिनका दुकान आवंटन नहीं होगा उनका DD वापस कर दी जाएगी।
8. इस आवंटन के कारण भविष्य में दुकान बरकरार रखने या संचालन के संबंध में किसी न्यायालय में दावा नहीं किया जाएगा।
9. अद्योहस्ताक्षरी द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों/निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा।
10. यदि किसी कारण आप दुकान चलाना नहीं चाहेंगे या सक्षम नहीं होंगे तो आवंटन रद्द करने हेतु आवेदन एक माह पूर्व जमा करना होगा और भविष्य में आपको दुकान आवंटन नहीं किया जाएगा।
11. विक्रय सामग्री स्थानीय बाजार दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। बिल औचक निरीक्षण के क्रम में स्थानीय बाजार दर से अधिक दर पाये जाने पर समिति द्वारा तत्काल प्रभाव से दुकान आवंटन रद्द करने एवं उसी किराये के राशि पर दुसरे दुकानदार/भेंडर को दुकान आवंटन करने हेतु वरीय पदाधिकारी के पास अनुशंसा कर दी जाएगी।
12. बिक्री किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता उच्च कोटी की होनी चाहिए। समाप्ति तिथि (Expiry Date) वाले सामग्रियों की विक्रय करना सख्त वर्जित है।
13. दुकान में संबंधित विक्रय सामग्री की बिक्री MRP मूल्य से ज्यादा नहीं होना चाहिए एवं बिक्री के पश्चात GST विपत्र देना सुनिश्चित करेगें।
14. दुकान, आवंटन की तिथि से 01 वर्श तक के लिए आवंटन किया जायेगा।

पुलिस उपाधीक्षक–सह–अध्यक्ष,
दुकान नीलामी समिति,
जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।

PR.NO.313665 Police(23-24):D

## गागर में सागर

### कैंब्रिज स्कूल के पीयूष राज्य विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कृत




**मेदिनीनगर।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के वर्ग आठ के छात्र पीयूष कुमार को रांची मे आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कृत किया गया है। विदित हो कि विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी रांची में आयोजित की गयी थी। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर विद्यालय के पीयूष ने उक्त प्रदर्शनी में सहभागिता की थी। वाटर टैंक क्लीनिंग मशीन थीम पर पीयूष के प्रोजेक्ट को विद्यालय, अंतर विद्यालय एवं जिला स्तर पर खूब सराहना मिली। इस पर क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची सह राज्य इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम झारखण्ड के नोडल पदाधिकारी अलका जायसवाल ने प्रशस्ती पत्र देकर एवं मेडल पहनाकर छात्र को सम्मानित किया। इस सफलता पर विद्यालय निदेशक सियाचरण सिंह, प्राचार्य नंदकिशोर भारती, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सब्या सिंह सहित शिक्षकों ने पीयूष को बधाई दी है।

### यूनियन चर्च में मिस्सा अनुष्ठान, कैरोल से गूंजा गिरजाघर



**मेदिनीनगर।** यूनियन चर्च में क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पादरी प्रभु रंजन मसीह की देखरेख में सामूहिक आराधना व मिस्सा पूजा के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें चर्च द्वारा संचालित संडे स्कूल के बच्चों व मसीही विश्वासी शामिल हुए। प्रभु यीशु के जन्म से जुड़ी झलकियां प्रस्तुत की गयी। बच्चों ने यीशु के जन्म पर आधारित गीत-नृत्य से मन मोह लिया। कई बच्चे शांताक्लॉज की वेशभूषा में उपहार बांटते नजर आये। युवा एवं महिला संघ की सदस्यों ने सामूहिक गीत, एक्शन गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। पादरी ने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु संसार में सुख, शांति, समृद्धि की कामना लेकर आये थे। उनके संदेशों को अपनाकर मानव कल्याण की दिशा में काम करें। प्रीतिभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन में डा. सुषमा शबनम होरो, डा. नीलम होरो, डा. जयवंत लकड़ा, अंशु, विलसन, निलय, अमृता, लवलेन, सोरेन भेंगरा मौजूद थे।

### जीएलए कालेज के पूर्व प्रेसिडेंट अशोक सिन्हा का निधन

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जीएलए कालेज के पूर्व प्रेसिडेंट व शहर में प्रेसिडेंट के उपनाम से प्रसिद्ध अशोक सिन्हा का रविवार देर रात नई दिल्ली में निधन हो गया। इसकी खबर लगते ही मेदिनीनगर स्थित उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गयी। हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्रा ने स्व. सिन्हा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि उनका जीवन समाज के लिये समर्पित था। उन्होंने छात्रहित में तन-मन-धन से कार्य किया। रांची में रहने के दौरान भी वे पलामू के लोगों के लिये चिंतित रहते थे। यहां से जो भी उनके यहां जाता था। उसका वे निःस्वार्थ भाव से सेवा करते थे। उनका निधन पलामू के लिये बड़ी क्षति है।

### बहती नदी के समान है आदिवासी संस्कृति : प्रेम

**इप्टा ने किया सांस्कृतिक पाठशाला का आयोजन**

**मेदिनीनगर।** आदिवासी संस्कृति बहती नदी के समान है। आदिवासी संस्कृति से जुड़े लोग आज भी स्वागत की परंपरा को जीवंत रखे हैं। इप्टा पलामू द्वारा आयोजित सांस्कृतिक पाठशाला की 28वीं कड़ी में आदिवासी संस्कृति व उनकी जीवन धारा विषय पर आयोजित परिचर्चा में संस्था के जिलाध्यक्ष प्रेम भसीन ने यह बाते कहीं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के जीवन में संगीत व प्रेम का महत्वपूर्ण स्थान है। कार्यक्रम के प्रारंभ में ढाई आखर प्रेम की पदयात्रा के झारखंड पड़ाव में शामिल पदयात्रियों ने सभी को अपने अनुभवों से रूबरू कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम को शशि पांडेय, संजीव कुमार संजू, रवि शंकर, प्रेम प्रकाश, सुरेश सिंह आदि ने संबोधित किया। सभी ने समवेत स्वर से आदिवासी संस्कृति को भारतीय संस्कृति का मूल करार दिया। इस दौरान विशेषकर टाना भगतों के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुये इसे गांधीवाद का उद्गम बिंदु बताया गया। मौके पर गोविंद प्रसाद, कुलदीप कुमार, अजीत ठाकुर आदि मौजूद थे।

# बर्थडे पार्टी में चली गोली, अभियंता सहित तीन पर प्राथमिकी दर्ज

### संवेदकों के बीच विवाद के बाद फायरिंग से हड़कंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेतला नेशनल पार्क के केचकी पिकनिक स्पॉट पर बर्थडे पार्टी में संवेदक द्वारा चार राउंड फायरिंग की गयी। मामले में कार्यपालक अभियंता के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार केचकी में भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता के बेटे की बर्थडे पार्टी थी। बर्थडे पार्टी में मेदिनीनगर शहर के संवेदक व अन्य लोग शामिल हुए थे। बरवाडीह पुलिस के अनुसार किसी बात को लेकर संवेदक रणधीर पाठक व रमेश चौधरी के बीच बहस हो गयी। इसके बाद संवेदक रणधीर ने अपने पिस्टल ने तीन राउंड फायरिंग की। एक गोली बड़े हथियार से चलायी गयी है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मामले में भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता महेंद्र राम सहित संवेदक रणधीर पाठक व अविनाश जायसवाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस के अनुसार इस बात की जांच की जा रही है कि जिस पिस्टल से गोली चलायी गयी है, वह लाइसेंसी है या नहीं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गोलीबारी के बाद पार्टी में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गयी।

### कार्य की मंथर गति से यात्रियों को हो रही परेशानी

# डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा निर्माण अधर में



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा निर्माण अधर में लटका नजर आ रहा है। बताया जाता है कि तीन महीने पहले रेलवे ने यह घोषणा की थी कि स्टेशन के प्लेटफार्म नं. एक, दो व तीन पर पांच-पांच यात्री शेडों का निर्माण कराया जायेगा। यह भी दावा किया गया था कि सभी यात्री शेड दिसंबर माह के अंत तक बनकर तैयार हो जायेंगे, किंतु धरातल पर यात्री शेडों के निर्माण की स्थिति दावे के विपरीत नजर आ रही है। दिसंबर माह आधा से अधिक समाप्त हो चुका है। इसके बाद भी अभी तक यात्री शेड के लिये प्लेटफार्मों पर नीव भी नहीं खोदी जा सकी है। एक रेलवे अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि इस दिशा में अभी कहा जाये तो काम शुरू ही नहीं हुआ है। यात्री शेड का निर्माण नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके साथ ही प्लेटफार्म उच्चीकरण की दिशा में भी अभी तक कोई प्रगति नजर नहीं आ रही है। यात्रियों ने रेलवे के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

**शौचालय ढलाई का काम भी पूरा नहीं**

बताया जाता है कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर शौचालय का अभाव यात्रियों के लिये भारी परेशानी का कारण बना हुआ है। अभी यात्री प्रतिक्षालय के बगल में शौचालय निर्माण तो कर लिया गया है, किंतु अभी तक ढलाई का काम पूरा नहीं किया जा सका है।

### आज रांची भेजा जायेगा सीसीटीवी फुटेज का रिकार्ड

# स्टेट काउंसिल के हवाले बार चुनाव का परिणाम, बढ़ा इंतजार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव परिणाम अब झारखंड बार काउंसिल के हवाले हो गया है। स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है। विधि-व्यवस्था के मद्देनजर चुनाव समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इसी के साथ ही चुनाव परिणाम को लेकर अधिवक्ताओं के साथ ही आम नागरिकों का इंतजार भी अब बढ़ गया है। कतिपय प्रत्याशियों की आपत्ति के बाद रविवार शाम को बार चुनाव का मतगणना कार्य रोक दिया गया। चुनाव समिति के पदाधिकारियों के काफी समझाने के बाद भी जब उम्मीदवारों का हंगामा नहीं थमा तो आब्जर्वर को सूचना देने के बाद मतगणना का कार्य रोक दिया गया। चुनाव आयुक्त सतीश चंद्र मेहता ने बताया कि प्रत्याशियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है। स्टेट बार काउंसिल की मांग पर सीसीटीवी फुटेज का रिकार्ड तैयार करवाया जा रहा है। मंगलवार को उसे रांची भेजा जायेगा। रांची स्टेट बार काउंसिल के निर्देश के बाद ही अब आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती**

सदर एसडीएम अनुराग तिवारी ने बताया कि चुनाव समिति की मांग पर सदर अंचलाधिकारी अमरजीत बल्होत्रा को सेक्टर मजिस्ट्रेट का वरीय प्रभार दिया गया है। उनके साथ तीन और अधिकारियों की तैनाती की गयी है। शासन की प्राथमिकता विधि-व्यवस्था को हर हाल में बनाये रखने की है। इसके मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

### उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में अवैध माइनिंग पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की दिशा में सभी को बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने तीनों एसडीओ को अपने क्षेत्र में ड्रोन से माइनिंग की निगरानी कराने का निर्देश दिया।.उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र के पदाधिकारी से अपने एरिया में विशेष चौकसी बरतने की बात कही। इसके अलावे उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि वैध माइनिंग भी तय एरिया में ही किया जाये। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सभी अनुमंडल पदाधिकारी,वन प्रमंडल पदाधिकारी,सभी सीओ व थाना प्रभारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अवैध खनिज परिवहन में लिप्त वाहन एवं उनके मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करें। थाना प्रभारी को अवैध खनन और भंडारण के मामलों में प्राथमिक दर्ज करने की बात कही।

### झारखंड छात्र मोर्चा की जिला कार्यकारिणी गठित

# कौशल किशोर अध्यक्ष व सैयद फैजल बने सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के छात्र मोर्चा की पलामू जिला समिति का विस्तार किया गया। इसमें कौशल किशोर को पलामू जिला अध्यक्ष एवं सईद फैजल को सचिव नियुक्त किया गया। जिला समिति की अनुशंसा पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव द्वारा विनोद कुमार पांडे द्वारा इस संबंध में नियुक्ति पत्र जारी किया गया। नये पदाधिकारियों की नियुक्ति से छात्रों में हर्ष व्याप्त है। कौशल किशोर पिछले कई वर्षों से छात्र हित में कार्य कर रहे हैं। झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा ने नये पदाधिकारियों का स्वागत करते हुये उम्मीद जताई कि इससे छात्र हित के संघर्ष को बल मिलेगा। कौशल किशोर ने केंद्रीय समिति के प्रति आभार जताते हुये पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन का संकल्प जताया है। इस दौरान उपाध्यक्ष सलाहकार रुहान अब्बास, प्रियांशु आनंद, काफिल कादरी व मोनिका किशन, महासचिव अभिषेक तिवारी, संगठन सचिव रया प्रसाद, रवि कुमार,अमित पासवान व शोभित सिंह चौहान,संयुक्त सचिव आलोक रंजन, विशाल तिवारी, सचिन गुप्ता, सनातन कुमारी व निशा कुमारी एवं सोशल मीडिया प्रभारी पवन सिंह एवं करण राज को नियुक्त किया गया।

# राजा मेदिनी व नीलांबर-पीतांबर प्रतिमा मामले ने पकड़ा तूल



### समाहरणालय परिसर में धरना-प्रदर्शन को झामुमो का मिला समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय परिसर में राजा मेदिनीराय व शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग ने तूल पकड़ लिया है। मांग को लेकर संविधान बचाओ मोर्चे द्वारा दिये जा रहे बेमियादी धरना-प्रदर्शन को सातवें दिन सोमवार को झामुमो का भी समर्थन मिल गया है। धरना स्थल पर पहुंचे झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि कहा कि पलामू उपायुक्त से मुलाकात कर परिसर में राजा मेदिनीराय व नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापित करने को मांग को लेकर बात रखी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इससे भी बात नहीं बनी तो जल्द ही एक कमेटी गठित कर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जल्द ही प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। मौके पर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने भी प्रतिमा स्थापित करने के पक्ष में हुंकार भरी। वक्ताओं ने कहा कि प्रतिमा स्थापित होने तक धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से रवि पाल, अजय सिंह चेरो, त्रिपुरारी सिंह, विनोद सोनी अजय भारती, अमरनाथ सिंह, शतर सिंह, सीतामनी, वीणा देवी, प्रेम प्रकाश सिंह, आशुतोष सिंह चेरो शामिल हुये।

### छात्रा को किशोरी समृद्धि , किसान को मिला सिंचाई कूप का लाभ

# जिले के पंचायतों में शिविर का क्रम जारी, लोगों में उत्साह





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायतों में शिविर लगाने का क्रम जारी है। इन शिविरो में पहुंचकर ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कहा जा रहा है बहुत दिनों से जो लोग योजना का लाभ पाने की कोशिशों में लगे थे और सफलता नहीं मिल रही थी, वैसे लोगों को उनकी मनमाफिक योजनाओं का लाभ इन शिविरो में मिल रही है तो लोग काफी खुश व उत्साहित नजर आ रहे हैं। इसी तरह की कुछ बानगी देखी जा सकती है। जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में समूडीह गांव के राजकीयकृत कन्या उच्च विद्यालय की छात्रा प्रियंका कुमारी को सोमवार को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिला। प्रियंका 10वीं कक्षा की छात्रा है। प्रियंका के अभिभावक किसान हैं, इनके जीविकोपार्जन का सहारा खेती-किसानी है। पिता के किसान होने के कारण तथा समुचित संसाधन उपलब्ध नहीं होने के कारण इन्हें पढ़ाई में दिक्कत आ रही थी । उसे योजना के तहत 5000 रुपए का चेक सांकेतिक रूप से प्रदान किया गया। वहीं दूसरी तरफ पंडवा प्रखंड के मुरमा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उदय कुमार महतो को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन (सिंचाई कूप) का लाभ मिला। शिविर में उदय कुमार महतो ने आवेदन किया और उसके आवेदन की ऑन-स्पॉट जांच के उपरांत निष्पादन करते हुए सिंचाई कूप की स्वीकृति मिली। मुरमा पंचायत के हिसरा गांव निवासी किसान उदय योजना का लाभ पाकर काफी उत्साहित थे।

### प्रशिक्षु आईएएस ने कार्यपालक पदाधिकारी का लिया प्रभार

**हरिहरगंज।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार ने सोमवार को हरिहरगंज नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी का प्रभार ग्रहण किया। सीटी मैनेजर अजमल हुसैन ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र का विकास करना उनकी प्राथमिकता होगी। मालूम हो कि प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार हरिहरगंज बीडीओ के भी प्रभार में हैं। इस अवसर पर सीटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, एलटीसी संजय राणा, सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी, सीआरपी लालमुनि कुमारी, साजदा अंजुम, रिशु कुमारी, अनिता कुमारी, नाजिर प्रीतम, प्रफुल्ल एक्का, रविन्द्र कुमार, श्याम कुमार, विकास कुमार, विक्की कुमार मौजूद थे।

## शीतलहर

### चिकित्सकों ने लोगों को ठंड को लेकर किया आगाह

# शीतजनित बीमारियों से ग्रस्त मरीजों से पटे अस्पताल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ठंड बढ़ने के साथ ही जिले के सदर अस्पताल सहित अन्य निजी चिकित्सालयों में शीतजनित बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अस्पताल में आनेवाले अधिकांश मरीज बुखार, सर्दी व खांसी सहित लूज मोशन से पीड़ित हैं। वहीं अस्पताल में जरूरत की दवा नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज के परिजन बाहर से दवा लेने को विवश है। लोगों का कहना है कि सदर अस्पताल में वैसे तो हमेशा ही दवा का अभाव रहता है। मौसम विभाग की माने तो आनेवाले दिनों में ठंड में और इजाफा होगा। तीन दिनों में तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है। ठंड ने लोगों की दिनचर्या को काफी प्रभावित किया है। मौसम के बदले मिजाज ने नागरिकों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। सदर अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की लंबी भीड़ लग रही है। इससे अस्पताल प्रशासन पर अचानक दबाव बढ़ गया है। अचानक ठंड बढ़ने से बुजुर्ग व बच्चे भी काफी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। इलाज के लिए मरीज निजी क्लिनिकों में भी बहुतायत में पहुंच रहे हैं। वहीं ठंड से बचने के लिए सिविल सर्जन डा. अनिल सिंह ने लोगों को विशेष सावधानी बरतने के प्रति आगाह किया है। उन्होंने बताया कि ठंड में गर्म भोजन का करें प्रयोग। बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखें। बुखार होने पर डॉक्टर से सलाह लें। पीने में गर्म पानी का प्रयोग करें। सुबह में टहलना बंद कर दें। बदन को खुला नहीं रखें। घर से निकलने के पहले गर्म कपड़े के साथ टोपी और मफलर का इस्तेमाल करें। उन्होंने बताया कि मौसम के रुख को देखते हुये सभी आवश्यक इंतजाम किये गये हैं।

**पछुआ हवा ने बढ़ाई कनकनी**

पिछले चार दिनों से बह रहे पछुआ हवा के कारण कनकनी काफी बढ़ गयी है। विशेषकर सुबह व शाम के समय तो स्थिति और भी विषम हो जा रही है। बगैर सिर व पैर को ढंके सुबह-शाम निकलने वालों को ठंड निश्चित रूप से शिकंजे में ले रही है।

**खानपान का रखें ध्यान**

शीतलहर के दौर में खानपान का विशेष ध्यान रखें। चाय-कॉफी का प्रयोग कम करें। विटामिन सी की भरपूर मात्रा लें। गर्म तासीर वाले खाद्य गुड़, चना, तिल, ज्वार ,बाजरा सहित भोजन में सरसों, मेथी, सोया और पालक को जरूर शामिल करें।

**समय से करायें स्वास्थ्य जांच**

चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे में संभव हो तो कुछ दिनों के लिये सुबह टहलने के प्रोग्राम को स्थगित कर दें। ज्यादा ही मन हो तो मॉर्निंग वॉक पर 5 बजे सुबह के बाद ही निकलें। मॉर्निंग वॉक से घर लौटने पर थोड़ा विश्राम करें। इसके बाद ही कोई अन्य काम शुरू करें। बीपी और शुगर लेवल लगातार चेक कराते रहें। हल्का-हल्का एक्सरसाइज जरूर करें।

# डीसी ने मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकरी सह उपायुक्त शशि रंजन सोमवार को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का जायजा लेने पांकी विधानसभा क्षेत्र के तरहसी पंहुचे। इस दौरान उन्होंने तरहसी प्रखंड के गुरहा,गोइंदी एवं टरिया महरी के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन मतदान केंद्रों में प्राप्त दावा-आपति सम्बन्धी प्रपत्रों का निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के स्तर से निष्पादित किये गए प्रपत्रों की सुपर चेकिंग की। उन्होंने उक्त मतदान केन्द्रों पर विलोपन प्रविष्टियो की जांच हेतु संबंधित स्थल पर जाकर क्षेत्र सत्यापन का कार्य भी किया। इसके साथ ही उन्होंने बीएलओ के पास उपलब्ध बीएलओ रजिस्टर की जांच कर बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सुपर चेकिंग के बाद उपायुक्त श्री रंजन तरहसी के नवगढ़ पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर में पहुंचे। यहां उन्होंने लगाये गये स्टॉल का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने छात्रों के बीच डीबीटी के माध्यम से साइकिल खरीदने हेतु चेक का भी वितरण किया।

## गागर में सागर

### विकसित भारत कार्यक्रम में पूरी की गई महिलाओं की गोद भराई की रस्म



**चिनिया।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत प्रखंड की बेता व हेताड़ कला पंचायत में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा, प्रमुख सुनैना देवी व भाजपा नेता सूरज प्रसाद ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं उसके लाभ की जानकारी दी गई व आम लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक क्विज आदि का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोगों को कई तरह की जानकारी दी गई। सतत कृषि गतिविधियों पर सत्र के दौरान किसानों को पारंपरिक एवं वैज्ञानिक खेती के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं कार्यक्रम के उपरांत कई महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी अदा की गई। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनुज कुमार रवि, जेई अनिकेश कुमार, प्रखंड कोऑर्डिनेटर पंकज विश्वकर्मा, मुखिया प्रतिनिधि चरकू परहीया, उप मुखिया प्रतिनिधि रवि प्रसाद आदि मौजूद थे।

### संकल्प यात्रा को लेकर बैठक आज

**केतार।** केतार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को दोपहर दो बजे प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम प्रखंड कर्मियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बीडीओ ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल आयोजन कराने के लिए बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में सभी विभागों के अधिकारी, प्रखंड व अंचल कर्मी, रसोई गैस वितरक, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, बीस सूत्री अध्यक्ष, प्रमुख और जिला परिषद को बैठक में विशेष रूप से उपस्थिति अनिवार्य बताया गया है।

### थाना प्रभारी से की कार्रवाई की गुहार

**केतार।** थाना क्षेत्र के चेचरीया गांव निवासी रघुवर यादव ने सोमवार को केतार थाने में आवेदन देकर वाहन चालक मनोज साह पर कानूनी कारवाई करने की गुहार लगाई है। आवेदन में उल्लेख किया है कि शनिवार की शाम उसके पिता बंधू यादव केतार बाजार से दूध बेचकर साइकिल से घर लौट रहे थे। बलीगढ़ गांव के समीप ऑटो से धक्का लग जाने के कारण वह घायल हो गये। फिलहाल उनका इलाज वाराणसी के अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो से वाहन चालक और मालिक पर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### प्रशासन ने डंडई गांव में जलाया अलाव



**डंडई।** बढ़ती ठंड को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अलाव की व्यवस्था की जा रही है। डंडई गांव स्थित मुख्य बाजार के सिरिस पेड़ के पास सोमवार को अलाव जलाना शुरू किया गया। बीडीओ राहुल कुमार शानू, सीओ चोनाराम हेम्ब्रम व राजस्व कर्मचारी इन्देश्वर बैठा ने संयुक्त रूप से मोटे आकार की लकड़ियों में आग लगाने का काम किया। वहीं आग को लहरता देख बड़ी संख्या में राहगीर के अलावा पास पड़ोस के दुकानदारों के साथ-साथ कई लोगों ने भी उक्त स्थल पहुंच आग तापना शुरू कर दिया। मौके पर उपस्थित कई ग्रामीणों ने इसी तरह गांव के और चौक चौराहों पर उक्त पदाधिकारियों से अलाव जलाने की मांग की। वहीं अंचल अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखकर अलाव की व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो उक्त स्थल के अलावा अन्य जगहों पर भी अलाव की व्यवस्था कराई जाएगी। बीडीओ ने कहा कि अलाव खासकर राजगीरों के साथ-साथ विक्षिप्त लोगों के लिए एक बड़ा सहारा है। उन्होंने कहा कि ठंड से सभी लोगों को बचने की आवश्यकता है। सभी लोग पूरे ठंढ के मौसम तक निरंतर गर्म कपड़ा का उपयोग करते रहें। मौके पर आंचल प्रधान लिपिक नुमान अंसारी, चंद्रशेखर प्रसाद, दीनानाथ पांडे, राजेश मेहता, दुर्गेश राम, राम सागर राम, सुभाष मेहता, उमाशंकर प्रसाद, मनोज साह, मंसूर अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने से पांच गांवों के बच्चों व महिलाओं का समय पर नहीं हो पा रहा है टीकाकरण

# लोहरगाड़ा पंचायत की आठ हजार आबादी भगवान भरोसे

**बिट्टू सिंह। केतार**

सरकार का अंतिम पायदान तक के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने का दावा केतार प्रखंड में खोखला साबित हो रहा है। प्रखंड की लोहरगाड़ा पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं रहने से यहां के नौनिहालों, गर्भवती महिलाओं सहित लगभग 8 हजार की आबादी भगवान भरोसे है। नौनिहालों और गर्भवती महिलाओं को साप्ताहिक रोग प्रतिरोधक टीका भी समय पर उन्हें नहीं लग पा रहा है। टीकाकरण के लिए नौनिहालों और गर्भवती महिलाओं को 10-12 किलोमीटर दूर मुकुंदपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ता है। लोहरगाड़ा पंचायत में हुरका, मेरौनी, गुरूड़, कोसडीहरा और लोहरगाड़ा पांच राजस्व गांव हैं। पंचायत में आठ आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इनमें हुरका और गुरूड़ गांव उप स्वास्थ्य केंद्र रपुरा के अंतर्गत हैं, जबकि मेरौनी, लोहरगाड़ा



गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण हरिहरपुर उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम सुलेखा कुजूर द्वारा किया जाता है। वहीं कोसडीहरा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण कधवन उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम बबिता कुमारी द्वारा माह में एक बार किया जाता है। इधर रपुरा उप स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम का पद रिक्त रहने की वजह से हुरका और गुरूड़ गांव के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं व तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चों को टीकाकरण कभी-कभार आंगनबाड़ी केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर कराया जाता है। यहां पर पिछले दो माह से बच्चों को रोग प्रतिरोधक टीका नहीं लगाया गया है। पंचायत की गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराने के लिए भी मुकुंदपुर और हरिहरपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ता है जो की काफी दूर है। गरीब तबके के लोगों को काफी दिक्कत होती है। हालांकि क्षेत्रीय विधायक से ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कराने की मांग की थी, लेकिन अब तक निर्माण नहीं हो सका है।

#### आमजनों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाया जाए : मुखिया नीलम देवी

लोहरगाड़ा पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने कहा कि पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन नहीं रहने से ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है। पंचायत क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केंद्र बनाकर एएनएम व सीएचओ को पदस्थापित करना चाहिए ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।



मुखिया नीलम देवी

#### पंचायत से सौतेला व्यवहार : पूर्व प्रमुख

पूर्व प्रमुख शारदा देवी ने कहा कि विधायक द्वारा लोहरगाड़ा पंचायत के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इस पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र का होना अतिआवश्यक है। पंचायत के लोगों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है।




#### स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने से ग्रामीणों को होती है परेशानी : उप मुखिया रीता



उप मुखिया रीता देवी ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं रहने से ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है। कहा कि पंचायत के नौनिहालों को समय पर रोग प्रतिरोधक टीका नहीं लग पाता है।

#### प्रसव कराने के लिए भी जाना पड़ता है दूसरी पंचायत : पंसस राम ब्रत मेहता

पंचायत समिति सदस्य राम ब्रत मेहता ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र के अभाव में ननिहालों को समय पर टीकाकरण नहीं लग पाता है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराने के लिए भी दूसरी पंचायत के उप स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ता है।



# डंडई सीएचसी नहीं पहुंच रहे डॉक्टर, बैरंग लौट रहे मरीज

### स्वास्थ्य केंद्र मे 3 चिकित्सक तैनात, पर एक भी नहीं हो रहा उपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोमवार को पूरी तरह चिकित्सक विहीन रहा। अस्पताल में पोस्टेड तीन चिकित्सकों में एक भी चिकित्सक अस्पताल नहीं पहुंचा। इनमें चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, कुमुद रंजन के साथ-साथ मोनी सिन्हा शामिल हैं। मरीज सुबह से देर शाम तक अस्पताल परिसर में बैठे रहे लेकिन एक भी चिकित्सक का आगमन नहीं हुआ। मजबूरन सभी मरीजों को बिन इलाज कराए ही अपने-अपने घर लौटना पड़ा।

पैर के घाव से ग्रसित डंडई गांव के विनोद चंद्रवंशी इलाज कराने के लिए सोमवार अस्पताल पहुंच था। किसी चिकित्सक के उपस्थित न होने के कारण वह बिना इलाज कराए ही अपने घर लौट गया। विनोद ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका दाहिना पैर घाव से पूरी तरह ग्रसित हो चुका था, जिसका ऑपरेशन निजी अस्पताल में कराया था। इस बीच जेब में पैसा नहीं होने के कारण वहां पर घाव सूखने की दवा नहीं ले सका। सोमवार को घाव सूखने की दवा



लेने अस्पताल आए थे लेकिन यहां पर एक भी चिकित्सक से भेंट नहीं हुई। मजबूरन हमको बिना दवा लिए ही घर लौटना पड़ गया। इसी तरह अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही का खामियाजा प्रखंड के अन्य मरीजों को भी भुगतना पड़ रहा है। ठंड के मौसम में सर्दी, खांसी, जुकाम से ग्रसित मरीज हर दिन अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन उनकी चिकित्सकों से भेंट नहीं हो पा रही है। नतीजन या तो वे खुले बाजार से अपनी बीमारी का दवा ले रहे हैं या तो फिर वे बैरंग लौट जा रहे हैं। बताते चलें कि महीना दिन पूर्व अस्पताल में पोस्टेड सभी चिकित्सकों का नियमित आना शुरू हो गया था, लेकिन उनकी यह प्रक्रिया महज कुछ ही दिन चल सकी। उसके बाद वे सभी पुनः अपने पुराने ढर्रे पर ही लौट आए। चिकित्सकों का जब मन हुआ तब अस्पताल पहुंचे और नहीं तो नहीं भी आए। प्रखंड के मरीजों की परेशानी से उन्हें कोई लेना देना नहीं रह गया है।

इस संदर्भ में सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि अस्पताल के चिकित्सक अस्पताल क्यों नहीं गए हैं इसकी पड़ताल कर उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पीडीएस डीलर के खिलाफ एसडीओ से की शिकायत

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के बंशीधर मोहल्ला के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर जनवितरण प्रणाली के दुकानदार पर सितंबर, नवंबर माह का राशन नहीं देने तथा धोती, साड़ी, लुंगी वितरण नहीं करने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने की मांग की है।

एसडीओ को दिये गये आवेदन में ग्रामीणों ने लिखा है कि बकाया राशन व धोती, साड़ी, लुंगी मांगने पर डीलर आशा कुंवर द्वारा ग्रामीणों से अभद्र व्यवहार किया जाता है। जब पदाधिकारी से शिकायत की बात कही जाती है तो डीलर द्वारा जहां जाना है वहां जाने की बात कही जाती है। ग्रामीणों ने डीलर से बकाया राशन के साथ-साथ धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण कराने का अनुरोध किया है। ग्रामीणों ने कहा है कि बकाया राशन व धोती, साड़ी,लुंगी नहीं मिलने पर हम सभी आमरण अनशन के लिये बाध्य होंगे। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में अमर नाथ विश्वकर्मा, मंदोदरी देवी, देवेंद्र, विनोद प्रसाद, राजकिशोर विश्वकर्मा, बृज मोहन प्रसाद, नगीना प्रसाद, रंजू, ममता देवी, दुलारी, जितेंद्र प्रसाद, विनोद विश्वकर्मा आदि शामिल हैं।

# दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक बच्चा सहित पांच घायल



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

थाना क्षेत्र के कुसवादामर के समीप भवनाथपुर खरौंधी मुख्य पथ पर दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में एक छोटा बच्चा सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार की दोपहर में खरौंधी निवासी रिशु जायसवाल तथा ऋषिकेश गुप्ता दोनों मोटरसाइकिल से भवनाथपुर जा रहे थे।

वहीं यूपी के कोन थाना क्षेत्र के मिटिहिनिया निवासी असर्फी उरांव, पत्नी मीना देवी व एक चार माह का छोटा बच्चा मोटरसाइकिल से भवनाथपुर से अपने घर जा रहे था। तेज रफ्तार होने के कारण कुशवादामर भवनाथपुर खरौंधी मुख्य पथ के समीप दोनों मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई, जिसमें असर्फी उरांव, मीना देवी, एक छोटा बच्चा सहित सभी पांचों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया को दी। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने घटना स्थल पर एएसआई सुरेंद्र दुबे को दल बाल के साथ भेजा। सुरेंद्र दुबे ने गंभीर रूप से घायल असर्फी उरांव, मीना देवी तथा उसके बच्चे को इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। अन्य घायल रिशु जायसवाल तथा ऋषिकेश गुप्ता को भी स्वजन स्वयं इलाज के लिए भवनाथपुर ले गए।

# सर्वाधिक आवेदन 664 अबुआ आवास के मिले

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत मड़वनिया पंचायत के रा.म.विद्यालय सिलीदाग एक के मैदान में सोमवार को शिविर आयोजित किया गया।



विभिन्न विभागों और योजनाओं के स्टाल लगाये गये, जिनमें सर्वाधिक भीड़ अबुआ आवास योजना के स्टाल पर रही। इससे पहले जिला परिषद अध्यक्षा शांती देवी, मनरेगा लोकपाल, बीडीओ संजय कुमार, सीओ बासुदेव राय, प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया स्वीटी वर्मा ने संयुक्त रू से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अधिकारी और जनप्रतिनिधि ने बारी-बारी से सभी स्टालों का निरिक्षण किया। कार्यक्रम को संबोधित तरते हुए शांति देवी ने कहा कि सरकार जरूरतंदों को घर तक पहुंच कर योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। सभी लोगों को योजना का लाभ मिलेगा। संजय कुमार, बासुदेव राय, करुणा सोनी, स्वीटि वर्मा, झामुमो के नागेद्र कुमार सिंह, मुखिया संघ के अजीत कुमार पांडेय व दुलारी देवी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में सर्वाधिक आवेदन 664 अबुआ आवास के मिले। पिछले कई साल से मनरेगा जॉब कार्ड बनवाने के लिए परेशान कबिसा की शांति देवी को कार्यक्रम में जॉब कार्ड मिला।

# सरकार आपके द्वार शिविर में आए 1338 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड मुख्यालय की कैलान पंचायत के शिवाजी मैदान में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, मुखिया सुकनी देवी एवं समाजसेवी रामप्रताप यादव ने संयुक्त रूप से की।

इस मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि आपके योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गांव गांव और पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों कि समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन



लिया गया, जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन,सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने जेएसएलपीएस समूह के 12 आजीविका महिला सखी मंडल के बीच के चक्रीय निधि के तहत 3 लाख 60 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। वहीं 7 लोगों को पेंशन स्वीकृति पत्र, पांच छात्राओं को साइकिल के लिए 4500 सौ का चेक, पांच छात्राओं को सावित्रीबाई फुले, 8 लोगों को जॉब कार्ड दिया गया। 40 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। शिविर में 1338 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अबुआ आवास के 725, आयुष्मान कार्ड के 4, मनरेगा के 16, पेंशन के 161, सावित्रीबाई फुले किशोरी के 26, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 80, राशन कार्ड के 82, वन पट्टा के 110 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ तहमिद ने किया।

इस मौके पर सीआई विभूति नारायण सिंह, पंचायत सेवक सतीश सिंह, अजीत सिंह, भुनेश्वर सिंह, बीपीएम, नीरज कुमार, रोजगार सेवक जयराम, परमानंद ठाकुर, दयानंद प्रजापति, गणपत राम, पंकज कुमार, शशि कुमार, बीटीएम राकेश रजक, वन विभाग के प्रतिनिधि दया शंकर सिंह, सुनील तिवारी, समाजसेवी राजमोहन यादव, भीम यादव, सूर्य देव यादव, अनिल यादव, श्याम विहारी यादव, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका रिंकी कुमारी, अजीत यादव, नगीना यादव आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा

### थाना प्रभारी ने प्रतिनिधियों व ग्रामीणों को किया जागरूक

# ‘ट्रैफिक रूल्स का पालन कर बचा सकते हैं जान’

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम एवं डायन भूत कुप्रथा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को बनसानी पंचायत भवन में प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रभारी थाना प्रभारी कुंदन कुमार यादव ने कहा कि अधिकतर दुर्घटनाएं बिना हेलमेट व शराब के नशे में वाहन चलाने से हो रही हैं। इसलिए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की जान बचा सकते हैं। हमारा जीवन अमूल्य है।

कहा कि जब भी पिता, भाई या अपने करीबी लोग बाइक चलाते हैं तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को



कहें। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएंगे, कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधेंगे, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करेंगे। वहीं डायन भूत कुप्रथा के बारे में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अशिक्षा व अंधविश्वास में पड़कर एक दूसरे को नुकसान के साथ-साथ जघन्य हत्या तक करने को आतुर हैं। किसी को अगर बीमारी है तो उसका उपचार करायें न कि ओझागुनि के चक्कर में पड़कर एक दूसरे पर आरोप लगाकर लड़ाई झगड़ा करें। साइबर क्राइम की आजकल हो रही घटना में लोग लोभ में आकर अज्ञात नंबर से आये फोन के झांसे में आ रहे हैं। साइबर अपराधी बिना जानकारी के लॉटरी या सरकारी पैसा देने का प्रलोभन देकर ओटीपी मांगकर आपके खाते से पैसा निकासी कर लेता है। लोग ईमानदारी से कमाया पैसा लूटा रहे हैं जिससे बचना है। आप सभी लोग अपने घरों व आसपास के लोगों को इसके प्रति प्रचार प्रसार कर जागरूक करें। मौके पर एस आई राजू उरांव, मुखिया पति राजेश्वर पासवान, अनुज पाठक, पंचायत सेवक अजित सिंह, सुनील यादव, उल्फत अंसारी आदि उपस्थित थे।

# लावाही पंचायत के किसानों के बीच किया गया सरसों बीज का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड की लावाही पंचायत के किसानों के बीच सोमवार को सरसों का बीज वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू, सीओ चोनाराम हेंब्रम ने संयुक्त रूप से सरसों के बीज से भरा पॉकेट किसानों के बीच वितरण कर इसका शुभारंभ किया। उसके बाद बीटीएम सत्येंद्र कुमार, पंचायत सचिव विकाश कुमार के साथ प्रभारी कृषि पदाधिकारी रमेश सिंह ने डेढ़ सौ किसानों के बीच सरसों का बीज वितरण करने का काम किया। इस बीच उनके द्वारा सभी किसानों को कीटनाशक दवाइयां भी दी गईं।

इससे पहले सरसों का बीज बोने और उसमें कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करने को लेकर बीटीएम



की ओर से विशेष रूप से किसानों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि सभी तरह की दलहन फसलों में सरसों का बीज काफी अच्छी फसल है। उन्होंने कहा कि चाहे इसे पैदावार की क्षमता से देखा जाए, या बाजार मूल्य की क्षमता से, सभी तरह से यह फसल किसानों के लिए लाभदायक है। वहीं सीओ ने कहा कि सरसों का बीज बोने से पहले किसानों को अच्छी तरह से खेतों की तैयारी कर लेनी चाहिए। अन्य बीजों की अपेक्षा सरसों के बीज का बाजार मूल्य काफी अच्छा रहता है। सरसों के बीज को बाजार में बिक्री कर किसान उससे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

## गागर में सागर

### बंदिया गांव में वन अधिकार समिति का गठन, सुरेश को बनाया गया अध्यक्ष

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र की बरियातू पंचायत अंतर्गत बंदिया गांव में वन अधिकार समिति गठन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन सोमवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता सुशील भुइयां ने की। बैठक में वनरक्षी राजेश तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में वन अधिकार समिति का गठन करते हुए सर्वसम्मति से वन अधिकार समिति का अध्यक्ष सुरेश भारती, चिंता देवी को उपाध्यक्ष एवं विवेक कुमार सिंह को सचिव बनाया गया। साथ ही 15 सदस्यों का निगरानी समिति का भी गठन किया गया। मौके पर गांव के दर्जनों महिला व पुरुष उपस्थित थे।

### विद्यार्थी परिषद की नगर कार्यकारिणी का किया गया गठन, मंत्री बने दीपक

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक सोमवार को हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकरणी सदस्य राजेश दांगी, जिला संयोजक मुन्ना यदुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। बैठक के बाद नगर कार्यकारणी का गठन करते हुए दीपक कुमार को नगर मंत्री, राजन शुभम को नगर सह मंत्री, सुमित कुमार को नगर मीडिया प्रभारी, सुमित कुमार दांगी को नगर खेल प्रभारी, आदर्श कुमार को कला मंच प्रमुख, सौरभ कुमार को नगर एसएमएस प्रमुख, ललन कुमार, राहुल कुमार, रंजन कुमार, रोहित कुमार, विवेक कुमार, शुभम कुमार, बबलू कुमार, अभिषेक कुमार को सदस्य बनाया गया। मौके पर शैलेश कुमार साव, गोविंद कुमार, सूर्यवंशी, उज्जवल कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीसीए जूनियर ने पिपरवार को हराया

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चल रहे जिला स्तरीय लीग मैच का 17वां मैच सोमवार को बीसीए जूनियर बनाम पिपरवार के बीच मैच खेला गय, जिसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए पिपरवार की टीम ने 161 रन बनाये। पिपरवार की ओर से उज्जवल ने 61 रन व अभिनव कुमार ने 44 रन का योगदान दिया। वहीं बीसीए जूनियर टीम ने 165 रन बनाकर कर विजयी लक्ष्य प्राप्त कर लिया। बीसीए जूनियर की तरफ से आयुष ने 41 व चंदन ने 39 रन का योगदान दिया। चंदन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

**बारियातु।** प्रखंड की शिबला पंचायत के भाटचतरा गांव में सहिया साथी गौरी देवी की अध्यक्षता में सहिया पूनम देवी द्वारा पीएलए की बैठक की गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को मुख्य रूप से स्वास्थ्य से संबंधी जानकारी दी गई। बैठक के पश्चात कई ग्रामीण महिलाओं ने भाटचतरा, झलकीटोला में जागरूकता रैली निकली। मौके पर संगीता देवी, मंजू देवी, उर्मिला देवी, दौलतिया देवी, पार्वती देवी, रिंकी देवी, सुनीता देवी, मनीषा देवी, सीमा देवी, कविता देवी आदि उपस्थित थे।

### बच्चों के बीच स्वेटर का किया वितरण

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र की साल्वे पंचायत के जबरा ग्राम के टोला खैराही आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी सेविका सुहानी कुमारी एवं प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने संयुक्त रूप से बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मौके पर कई महिला पुरुष मौजूद थे।

### सूदूरवर्ती क्षेत्रों में कंबल का वितरण

**महुआडांड़।** चतरा लोकसभा प्रत्याशी सह समाजसेवी लातेहार निवासी बबन कुमार ने सोमवार को सूदूरवर्ती क्षेत्रों में कंबल का वितरण किया। बबन कुमार ने बताया कि महुआडांड़ के सूदूरवर्ती क्षेत्र में आदिम जनजाति बृजिया कोरवा समुदाय के लोगों को कंबल बांटने को लेकर लातेहार उपायुक्त के आदेश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी से सूची मिली, जिसके बादविभिन्न गांवों में आदिम जनजाति समुदाय के गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**गिद्धौर।** प्रखंड के मंझगांवां पंचायत भवन में 140 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण पंचायत की मुखिया सरिता देवी के नेतृत्व में तरी, घटेरी, सिंदुवारी, पिंडारकोन गंडके सहित अन्य गांव के लगभग 140 जरूरतमंदों के बीच ठंड जे बचाव को लेकर किया गया। मौके पर उप मुखिया गणेश सिंह आदि मौजूद थे।

### विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**चतरा/सिमरिया/पत्थलगड़ा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा वाजपई के निर्देशानुसार सोमवार को जिला मुख्यालय के विभिन्न विद्यालयों में महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण पेंटिंग एवं ऑनलाइन शिक्षा बनाम पारंपरिक शिक्षा पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाता अशोक कुमार सिंह, सहायक परामर्शदाता मृणाली प्रसाद एवं जितेंद्र कुमार का योगदान रहा। वहीं सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के बिरहु में संचालित परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, नोडल मोहन प्रसाद आर्य, पवन कुमार, संगीता कुमारी, सुनिता कुमारी एवं अन्य शिक्षक का अहम योगदान रहा। वहीं पत्थलगडा प्रखंड के पल्स टू जनता उच्च विद्यालय व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चित्रांकन, निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पीएलभी रविंद्र कुमार, मुनीलाल दांगी, नोडल शिक्षक अमित कुमार दुबे व शिक्षिका बंटी कुमारी का योगदान रहा।

## उपायुक्त आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा- जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है योजनाओं का लाभ

# अबुआ आवास के सभी आवेदनों को करें ऑनलाइन

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

उपायुक्त अबु इमरान सोमवार को मयूरहंड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण कर मौजूद कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सुनिश्चित करें कि जरूरतमंदों को ससमय योजनाओं का लाभ मिले। उपायुक्त ने राशन कार्डधारियों के बीच एक दर्जन धोती-साड़ी, स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक व जूतों का वितरण किया। अबुआ आवास योजना से संबंधित प्राप्त सभी फार्मों को ऑनलाइन करने का निर्देश कंप्यूटर ऑपरेटर को दिया। उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दो लाख रुपये इंश्योरेंस क्लेम का चेक एसएचजी ग्रुप की महिला सरस्वती देवी को प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की आपके द्वार कार्यक्रम हेमंत सरकार की बेहद महत्वाकांक्षी योजना होने के साथ जरूरतमंदों से सीधे जुड़ने का सकारात्मक प्रयास है। इसका सुखद परिणाम भी प्राप्त हो रहा है और विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख मिक्की देवी, बीडीओ साकेत कुमार सिंहा, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, मुखिया मृदुला देवी, पंसस माया देवी, कृषि पदाधिकारी चंदन कुमार, पंचायत सचिव सतीश मिश्रा, आशा लकड़ा, उदित कुमार, मुकेश राणा, बीटीएम राजेश कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, संजय साव, टुकनारायन ठाकुर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### अबुआ आवास के आवेदनों का सत्यापन

**गिद्धौर।** प्रखंड की विभिन्न पंचायत में अबुआ आवास के आवेदनों का युद्ध स्तर पर सत्यापन किया जा रहा है।



प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने अबुआ आवास आवेदनों के सत्यापन को लेकर आठ टीमें गठित की हैं। गठित टीम द्वारा घर-घर जाकर अबुआ आवास आवेदनों के सत्यापन के साथ सभी तरह की जानकारियां जुटा रही है। टीम में संबंधित पंचायत के मुखिया, संबंधित वार्ड के वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के प्रखंड कोऑर्डिनेटर, स्वयंसेवक आदि को रखा गया है। गठित टीम आवेदकों के घर जाकर उनकी पूरी जानकारी के साथ फोटोग्राफ भी अबुआ आवास के साइट पर अपलोड कर रही है। बीडीओ गठित टीम को युद्ध स्तर पर आवेदक का सत्यापन करने का निर्देश दिया है ताकि समय पर जिले को रिपोर्ट भेजी जा सके। वहीं सोमवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में अबुआ आवास को लेकर बीडीओ हरिनाथ महतो ने कर्मियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित कर्मियों व जनप्रतिनिधियों को बीडीओ ने अबुआ आवास के लाभुकों के सत्यापन को लेकर निष्पक्ष रूप से सहयोग करने की अपील की। बैठक में उपप्रमुख प्रितम यादव, मुखिया सरिता देवी, निर्मला देवी, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, उज्ज्वल सिंह, चितरंजन शर्मा, प्रियंका प्रिया, सहायक अभियंता मनोज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। इसके उपरांत गिद्धौर पंचायत में अबुआ आवास के आवेदनों का प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने गांव-गांव घूम कर सत्यापन किया। इस दौरान आवास की स्थित को जिओ टैग भी किया गया। सत्यापन टीम में मुखिया निर्मला देवी, पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, आवास कोआर्डिनेटर फरहत नाजनी, सहायक अभियंता मनोज, कनीय अभियंता सचिनदत शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

### सर्वाधिक अबुआ आवास के लिए आए आवेदन

**कुंदा।** प्रखंड की नवादा पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम में सर्वाधिक अबुआ आवास के आवेदन आए। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ विपिन कुमार भारती, मुखिया भरत यादव, पंचायत समिति सदस्य, बीपीओ अजय कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। जरूरतमंद लोगों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र, धोती साड़ी व कंबल वितरण किया गया। वहीं जेएसएलपीएस के सखी मंडल के बीच 16 लाख रुपये का ऋण व सहायता राशि का वितरण किया गया। मौके पर 20सूत्री अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता, जयराम भारती, जेई रवि, विकास, रोजगार सेवक मिथिलेश, जनसेवक राजू रंजन, जेएसएलपीएसकर्मी उपस्थित थे।

# बरवाडीह : लात पंचायत में लगे शिविर में 200 आवेदनों का त्वरित निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

झारखंड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को प्रखंड की अति सुदूर लात पंचायत में किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, ईश्वरी देवी मुखिया, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार आदि ने किया। कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे हुए थे। शिविर में 1228 आवेदन विभिन्न स्टॉलों पर आए, जिनमें 200 आवेदनों का ऑन द स्पॉर्ट निष्पादन किया गया। शिविर में सबसे अधिक 516 आवेदन अबुआ आवास योजना के, सर्वजन पेंशन के 66, मनरेगा के 173 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में सावित्री फुले बाई योजना के लाभुक बालिकाओं के बीच प्रमाण पत्र, धोती-साड़ी, कंबल आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, राम प्रताप गिरि, पूर्व मुखिया जग सहाय सिंह, पुषण सिंह, पंचायत समिति सदस्य, अंचल निरीक्षक सुरेश राम, राम नाथ वर्मा, विजय कुमार पप्पू,अरुण कुमार, बनवारी सिंह आदि उपस्थित थे।



### लाधूप में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**चंदवा।** प्रखंड की लाधूप पंचायत में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी, बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव, मुखिया बिफई मुंडा, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य इस्तियाक खान, पंसस बुधन गंझू व झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष साजिद खान ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत आवेदन स्वीकृत करते हुए कुछ योग्य लाभुकों को मौके पर ही लाभान्वित करने का कार्य किया गया। लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, सर्वजन पेंशन योजना, जॉब कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, छात्राओं के बीच साइकिल के लिए स्वीकृति पत्र, धोती-साड़ी, जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### 5 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण

**लातेहार।** डीही पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख परशु राम लोहरा विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने भी लोगों सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकरआवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में 5 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 2 लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, 4 छात्राओं के बीच साइकिल के लिए स्वीकृति पत्र, 4 लाभुकों को पौधा, 5 लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, 9 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, 1 लाभुक के बीच सर्वजन पेंशन योजना, 10 जरूरतमंदं के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव उपस्थिति थे।



### जरूरतमंदों के बीच कंबल व धोती-साड़ी का वितरण

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र की टोटी पंचायत के राजकीय उच्च विद्यालय के प्रांगन में सोमवार को मुखिया शांति देवी की अध्यक्षता में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य मो. ओजेफा, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नंद कुमार राम, बीपीओ रवि यादव ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल और धोती-साड़ी का वितरण किया गया। सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना का सांकेतिक स्वीकृति प्रमाणपत्र लाभुकों को दिया गया। जेएसएलपिएस की महिलाओं को आइडी कार्ड दिया गया। कृषकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का सांकेतिक स्वीकृति प्रमाणपत्र दिया गया। साथ ही आन द स्पॉट जमीन की रसीद काटी गई। जाति व आवासीय प्रमाणपत्र बनाया गया। मौके पर समाजसेवी नंदु उरांव, आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, राजस्व कर्मचारी संदीप कुमार, राजुराम आदि मौजूद थे।

# दो गांवों में हाथियों ने मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

वन क्षेत्र के अंतर्गत पूरना पानी एवं बिशनपुर ग्राम में रविवार रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने बिशनपुर ग्राम स्थित पूर्व प्रमुख भीखराम भगत के घर के पास लगी डेढ़ एकड़ में गेहूं व सब्जी की फसल को खाकर नष्ट कर दिया। वहीं पास के ग्रामीण सूर्यदेव टाना भगत के घर को ध्वस्त कर दिया। वहीं भुवनेश्वर राणा, सुर्यदेव टाना भगत, सुखदेव यादव, भूनेशवर राणा, प्रितम साव, जगदेव उरांव ग्राम प्रधान, राजेन्द्र उरांव, विशुनदेव भगत के खेतों में लगी आलू की फसल को खाकर नष्ट कर दिया। मारंगलोइयां पंसस के पति रामलाल भगत ने पीड़ित किसानों से मिलकर नुकसान का जायजा लिया। इसके बाद वन विभाग को मामले ये अवगत कराया। इधर पूर्व प्रमुख भीखराम भगत ने कहा कि किसान दिन रात एक करके फसल उगाता है। खेतों में लहलहाती फसल देखकर किसान उत्साहित होतें हैं पर बीते तीन वर्ष से किसानों की मेहनत को जंगली हाथी रौंद रहे हैं। जानमाल को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान का उत्साह कृषि कार्य से घटता जा रहा है। वन विभाग को जंगली हाथियों से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। बता दें कि पिछले तीन वर्षों से बालूमाथ वन क्षेत्र अंतर्गत जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिल रहा है। जंगली हाथियों ने कई लोगों के जान माल का नुकसान पहुंचा है फिर भी वन विभाग इन जंगली हाथियों से निजात दिलाने में विफल रहा है।




**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय चतरा**
**(जिला योजना)**
(E.mail: dpochatra@yahoo.com)

**-ःआम सूचनाः-**

एतद् विषयक सूचित करना है कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत Aspirational Block Fellow की नियुक्ति हेतु प्राप्त दावा/आपत्ति उपरांत साक्षात्कार के लिए कुल 09 अभ्यिर्थियों का चयन किया गया है। उक्त आलोक में दिनांक 23.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे समाहरणालय के सभा कक्ष में साक्षात्कार लिया जाना निर्धारित है।

अतः उपरोक्त तिथि को अभ्यर्थी ससमय संबंधित कागजात मूल प्रति (शैक्षणिक एवं अन्य) के साथ समाहरणालय के सभा कक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु चतरा जिला के NIC PORTAL के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला योजना पदाधिकारी,
चतरा

PR 313710 Planning and Development(23-24)#D



**समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**कोटेशन आमंत्रण**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 4070 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में जिला निर्वाचन कार्यालय, गढ़वा में लोकसभा एवं विधानसभा से संबंधित निर्वाचन कार्यों के प्रभावी ढंग से संपादन एवं निरीक्षण कार्य के उपयोग हेतु दिसम्बर, 2024 तक के लिए एक बोलेरो वाहन ड्राईवर सहित लिया जाना है।

इच्छुक वाहय स्त्रोत संस्था/वाहन मालिक दिनांक 26.12.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला निर्वाचन शाखा, कमरा संख्या–26, समाहरणालय भवन, गढ़वा में अपना कोटेशन विहित प्रपत्र में जमा करा सकते हैं।

नियम एवं शर्तें/आवेदन प्रपत्र गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://garhwa.nic.in/ से प्राप्त कर सकते हैं।

उप निर्वाचन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 313698 Election (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार**
सुनहरा अवसरसुनहरा अवसरसुनहरा अवसर

**रोजगार मेला 2023**

झारखण्ड राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों की निजी क्षेत्र के कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों में रोजगार के सुनहरा अवसर को प्रदान करने हेतु जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा एक दिवसीय दंत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजनदिनांक:22.12.2023 दिन– शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

इस मेले में कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो रही है। अन्य कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से लगातार सम्पर्क स्थापित की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो, जिससे बेरोजगार युवक/युवतियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया जा सके। उक्त मेले में झारखण्ड राज्य में निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के प्रावधानों का अनुपालन किया जायगा।

इस मेले में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :–

1. झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड।
2. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति।
3. 2 कॉपी फोटो 4. आधार कार्ड की छाया प्रति 5. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र
6. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति 7. बायोडाटा की दो कॉपी

इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के बिना भाग नहीं ले सकते हैं। जो अपना निबंधन नियोजनालय में नहीं कराये हैं, वे अपना निबंधन ऑनलाईन विभाग के अधिकृत वेबसाईट https://rojgar.jharkhand. gov.inपरस्वयंकर सकते हैं या नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर करा लें। ताकि आयोजित रोजगार मेला में भाग लें सकें।

लातेहार जिला के तमाम बरोजगार युवक/युवतियों से अपील है कि वे इस रोजगार मेला में भाग ले एवं अपनी योग्यता/इच्छानुरूप रोजगार पा कर अपने भविश्य को स्वर्णिम बनायें।

नोट : विशेश जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

आपके उज्जवल भविश्य के शुभ कामानाओं के साथ

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 313672 Labour Employment and Traning(23-24)D


## उपलब्धि 'युवा संस्कृति व विरासत से विमुख होते जा रहे'

# लातेहार के रविकांत सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार के कुड़ख व नागपुरी लोक गायक व अभिनेता रविकांत भगत को एक बार फिर सम्मानित किया गया है। इस बार ओटीटी प्लेटफार्म वाउ सिनेमा ने उन्हें सम्मानित किया है। वाउ सिनेमा के सीइओ विनोद प्रभात ने रांची में उन्हें एक समारोह में सम्मानित किया। बता दें कि लातेहार के चंदवा प्रखंड के बारी ग्राम निवासी रविकांत भगत को उनकी कुड़ुख गायकी और अभिनय के लिए कई पुरस्कार व सम्मान मिल चुके हैं। उन्हें झारखंड रत्न का भी पुरस्कार मिल चुका है। रविकांत ने अपनी मेहनत व लगन से झारखंड में एक अलग पहचान बनायी है और लातेहार जिले का नाम रोशन किया है। रविकांत ने कहा कि आज के इस दौर के युवा अपनी संस्कृति व विरासत से विमुख होते जा रहे हैं। अपनी भाषा व संस्कृति को बचाये रखने के लिए वे प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि अपनी भाषा से मीठी और कोई भाषा नहीं होती है। उन्होंने कुड़ख भाषा में गीतों के कई ऑडिओ व वीडीओ एलबम बनाये हैं। उनका प्रयास है कि आज के आदिवासी युवक आधुनिकता के साथ-साथ अपनी मिट्टी व भाषा से जुड़े रहें।



### विकास योजनाओं में अनदेखी पर पंचायत समिति सदस्यों ने जताई नाराजगी

**चंदवा।** चंदवा उप प्रमुख के कार्यालय में सोमवार को चंदवा के पंचायत समिति सदस्यों की बैठक उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पंसस ने उनके अधिकार क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण पर चिंता जाहिर की। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि वर्तमान समय में पूरे प्रखंड में जल-नल योजना की स्थिति चिंतनीय है। फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है। विकास संबंधी योजना चयन अथवा क्रियान्वयन में पंसस की अनदेखी पंचायती राज नियम के विपरीत है। पंसस अयूब खान ने कहा कि मनरेगा कार्य हो, या फिर 15वीं वित्त आयोग से होने वाले कार्य पंचायत समिति सदस्यों से अनुमोदन नहीं कराया जाता है। हुटाप पंचायत की पंचायत समिति सदस्य लीलावती देवी ने कहा कि योजना पूर्ण होने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। विचार विमर्श के बाद उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने 26 दिसंबर को उपायुक्त से मिलने की बात कही। मिश्रा ने कहा कि डीसी से मिलकर समस्याओं के निदान हेतु आग्रह करेंगे। बैठक में नीलम देवी, मनीता देवी, संगीता देवी, अनीता देवी, अशोक भुइयां, शंकर गंझू, शुशील टोप्पनो, बलकु मुंडा आदि शामिल थे।

## गागर में सागर

### किराना दुकान से शराब की गई जब्त



**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के अलौदी ग्राम में थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध सघन छपेमारी अभियान चला कर शराब बिक्रेता के विरुद्ध कारवाई की गई। उक्त कारवाई रविवार रात में शस्त्र बल के सहयोग से की गई। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि छपेमारी के पूर्व गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि अलौदी पंचायत ग्राम में बड़े पैमाने पर शराब की बिक्री जा रही है। इसके बाद टीम गठित कर छपेमारी की गई तो खुदीलाल उरांव की किराना दुकान से 30 लीटर महुआ शराब, 44 बोतल देसी शराब के अलावे 20 बोतल बियर मिली। उन्होंने कहा कि दुकान संचालक पुलिस को देख पत्नी को दुकान में छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस द्वारा सभी शराब को जब्त कर उत्पाद अधिनियम के तहत अग्रतर कारवाई की जा रही है। विदित हो कि क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को लेकर सेन्हा पुलिस सख्ती से पेश आ रही है।

### शराबी पति के प्रतिदिन के झगड़े से तंग आकर महिला ने खाया कीटनाशक

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र स्थित बड़ा खटंगा ग्राम निवासी 40 वर्षीय महिला रतनी देवी (पति- विजय उरांव) ने शराबी पति के प्रतिदिन के झगड़े से तंग आकर कीटनाशक खा लिया। स्थिति गंभीर होती देख परिजनों ने उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है।

### पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर गुमला पुलिस द्वारा सभी प्रखंडों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा, डायन कुप्रथा, साइबर ठगी, शक्ति एप, डॉयल 112, झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति, नशामुक्ति के बारे में आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से स्टॉल लगाया जा रहा है। इसमें बिशुनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार और जारी थाना से पुलिस अवर निरीक्षक परशुराम सिंह, सहायक अवर निरीक्षक अरुण पांडे धामिन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

### शील अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के बहनों की सरस्वती यात्रा संपन्न

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर की कक्षा 9 की बहनों को समाज के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, सरकारी प्रतिष्ठानों की कार्यप्रणाली एवं वहां प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देने हेतु संबंधित संस्थाओं का भ्रमण कराया गया। विद्यालय की आचार्या मधुमिता शर्मा के नेतृत्व में बहनों को सरस्वती यात्रा के माध्यम से यह शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम विद्यालय की बस से उन्हें मिशन अस्पताल लोहरदगा का भ्रमण कराया गया। वहां की प्रमुख डॉक्टर पुष्पा कुजूर से बहनों को मिलवाया गया। इसके बाद सभी बहनें महिला थाना गईं। थाना प्रभारी किरण पंडित ने बहनों को नियमों और कानून से अवगत कराया। काउंसलर कविता कुमारी ने स्टाफ केंद्र की जानकारी दी। इसके बाद बहनों को इंडियन ओवरसीज बैंक में ले जाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि सरस्वती यात्रा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत प्रभावी है। इससे बहनों में व्यक्तिगत जीवन में आने वाली कठिनाइयों का समाधान करने में सहायता मिलती है।

### 145 आवेदनों का त्वरित निष्पादन

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के कुम्बा खुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, जिपस बाला रानी, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,, समाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीतीश कुमार, अंचल पदाधिकारी सुनील कुमार, मुखिया विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में कुल 1152 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 145 का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि 1007 आवेदन लंबित रहे। अबुआ आवास योजना के 760, आयुष्मान कार्ड के 32, मनरेगा के अंतर्गत नए कार्य के 108, नए जॉबकार्ड के 10, बिरसा हरित सिचाई कूप के 5, राशन कार्ड के 34, धोती, साड़ी, लुंगी वितरण के 7, कम्बल के 9, सर्व जन पेंशन योजना के 24, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 3, किसान क्रेडिट कार्ड के 16, आधार पंजीकरण के 13, मुख्य मंत्री पशुधन योजना के 17, पेयजल एवं स्वच्छता के 49, स्वास्थ्य जांच किया गया 45, आजीविका के 19, मातृत्व वंदना के 1 सहित कुल 1152 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर जे एस एल पी एस के प्रखंड समन्वयक धनंजय कुमार, ब्लॉक कोआर्डिनेटर प्रधान मंत्री आवास स्नेहा सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर पंचायत राज कौशल कुमार, कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, बाल विकास पर्यवेक्षिका दीपा कुमारी, कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, पंचायत सेवक प्रशांत कुमार, वीरेंद्र सिंह, सरोज सोनकर, पल्लवी चौबे, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## पहले स्वयं का विकास करें तभी ग्राम और समाज का विकास कर पाएंगे : रामलखन प्रसाद

# साइनिंग झारखंड संस्था ने महिलाओं के बीच बांटी पोषक सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

डाबर इंडिया के सौजन्य से साइनिंग झारखंड के बइनर तले तोड़ार पंचायत के बरही ग्राम में बच्चों के पोषण में माताओ की भूमिका, किशोरियों के लिए स्वस्थ जीवन शैली तथा पोषण एवं स्वास्थ्य के संबंध में आवश्यक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के सचिव पूजा राजश्री ने कहा कि हमारी संस्था राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले पांच सालों से स्वास्थ्य, शिक्षा लैबलिवुड, महिला सशक्तिकरण नारी शिक्षा एवं सुरक्षा, बाल सुरक्षा बाल, विवाह, महिला भ्रूण हत्या आदि क्षेत्रों में कार्य कर रही है। इसके साथ ही सामाजिक विकास एवं रोजगार उन्मुखी कार्यक्रम पर हमारी संस्था महती भूमिका निभाती आयी है। संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि हमारी संस्था



साइनिंग झारखंड समाजिक विकास, रोजगार, एवं प्रशिक्षण पर लगातार कार्य कर रही है। आज डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से पोषक सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। समाजसेवी रामलखन प्रसाद ने कहा कि संस्था महिला विकास के लिए बहुत अच्छा अवसर हम सभी के बीच लेकर आई है। हम सबको संस्था द्वारा किये कार्यों में सदैव बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना है तभी विकास सम्भव है। जब हम स्वयं का विकास करेंगे तभी ग्राम और समाज का विकास कर पाएंगे। मौके पर साइनिंग झारखंड के कोषाध्यक्ष रामाधार पाठक ने बताया कि इस गोष्ठि में माताओ एवं बच्चों के बीच डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से पोषक सामग्री का वितरण भी किया गया है। निश्चित तौर पर इससे सभी वर्ग के लोग लाभान्वित होंगे। आने वाले समय मे हम और भी तरह के पोषण और विकास के लिए विभिन्न तरह की योजनाओ का चयन क्षेत्र के लिए करेंगे। कार्यक्रम में राधा देवी, राहुल राज, श्यामाधार पाठक, शंकर ठाकुर, धरमु महतो, रूनी देवी, ईशा कुमारी, ममता देवी, गीता देवी, नीलम देवी, सुन्दरमनी उरांव, राधा देवी, प्रियंका देवी, सविता देवी, मंजू देवी, आरती देवी, अचरज देवी, समेत साइनिंग झारखंड के स्वयंसेवी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

# सरकार-आपके द्वार शिविर में परिसंपत्तियों का वितरण

## वार्ड 13 व 16 में आयोजित कार्यक्रम में फलदार पौधों का भी वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 13 एवं 16 के लिए नगर परिषद कार्यालय परिसर में किया गया। शिविर का शुभारंभ विप्रा भाल, सचिव, आईटी एवं ई-गवर्नेंस, झारखड द्वारा किया गया। सचिव ने विभिन्न योजनाओं की परिसंपत्तियों का वितरण किया। इनमें एनयूएलएम रिवोल्विंग फंड के तहत नयन ज्योति स्वयं सहायता समूह को 10 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। वेंडर लोन के तहत एक लाभुक रिजवान कुरैशी को 50 हजार रुपये का ऋण दिया गया। स्वयंसहायतास समूह चेतना महिला मंडल को 1 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया गया। एनयूएलएम अंतर्गत 6 लाभुकों के बीच 9.47 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया गया। पीएमईजीईपी योजना अंतर्गत एक लाभुक सनातन बाड़ा को 5 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया गया। 15 लाभुकों को धोती/लुंगी-साड़ी वितरन योजना का लाभ दिया गया। 13 लाभुकों को सांकेतिक रूप से कंबल प्रदान किया गया। सर्वजन पेंशन योजना का लाभ 5 लाभुकों को दिया गया। दो लाभुकों को जन्म प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। लाभुकों के बीच जॉब कार्ड भी वितरण किया गया। आमजनों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, अचंल अधिकारी सदर आशुतोष, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, एलडीएम नवेंदु कुमार, जिला उद्योग प्रबंधक, सिटी मैनेजर विजय कुमार, सभी नगर प्रबंधक, सभी मिशन प्रबंधक एवं निकाय स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



### वरुण कुमार विश्वकर्मा को अब प्रतिमाह मिलेगी पेंशन



**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम नगर परिषद लोहरदगा के कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र निवासी वरुण कुमार विश्वकर्मा को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वरुण को अब इस योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1 हजार रुपये पेंशन के रूप में मिलेंगे। वरुण ने सोमवार को ही कार्यक्रम में अपना आवेदन जमा किया था जो स्वीकृत हो गया।

### सेन्हा, कैरो व किस्को में भी कार्यक्रम का आयोजन

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सेन्हा प्रखंड के झालजमीरा पंचायत, कैरो प्रखंड के नरौली पंचायत और किस्को प्रखंड के नवाडीह पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अहतार्धारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया गया।

## देवदरिया में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा।**

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किस्को प्रखण्ड के देवदरिया पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। स्थत जनसमूह में नववर्ष का कैलेंडर तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित बुकलेट का वितरण किया गया।



# मुख्यमंत्री आज आएंगे गुमला, पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक/ पार्किंग प्लान

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुरकुंडा पंचायत के छापरटोली स्थित मैदान में किया जा रहा है। सीएम लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे व योजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इससे पूर्व सीएम जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रैफिक/पार्किंग प्लान

**सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में करेंगे परिसंपत्तियों का वितरण**

जारी किया गया है। थाना प्रभारी गुमला विनोद कुमार ने बताया कि मंगलवार गुमला नगर क्षेत्र में हाट बाजार लगाएं जाएंगे जिसे देखते हुए ट्रैफिक एवं पार्किंग प्लान तैयार किया गया है। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन मुरकुंडा चौक से अंबागढ़ा जाने वाले मार्ग के बीच किया जाना है, जिसे मंगलवार को आवागमन के लिए बंद किया जाएगा। केवल कार्यक्रम स्थल तक जाने के लिए ही उस मार्ग का उपयोग लोगों द्वारा किया जा सकता है। उन्होंने सूचना दी कि आम नागरिक मंगलवार को मुरकुंडा चौक से अंबागढ़ा मार्ग से ना जाते हुए अंबागढ़ा से ढिंढौली होते हुए मुरकुंडा चौक के लिए जा सकते हैं। पार्किंग व्यवस्था की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि कार्यक्रम में गाड़ियों की पार्किंग के लिए अंबागढा से छापरटोली के मार्ग में मुख्य कार्यक्रम स्थल के समीप पार्किंग- 01 के लिए स्थान बनाया गया है। वहीं बसिया से जोलो पुल के मार्ग से आने वाले लोगों के लिए मुकुंडा चौक से आगे बढ़ कर गूमती टोली में पार्किंग-2 की व्यवस्था की गई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

e-mail I.D. - eemidhus-cemr-jhr@nic.in

पत्रांकः– 829 / हुसैनाबाद, दिनांक– 13.12.2023

**रद्द संबंधित सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांकः–804 दिनांकः–25.11.2023 के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संः–WRD/MID/HUSSAINABAD/F.-15/2023-24 जिसका PR NO:-312097 (Minor Irrigation) 23-24D है, के द्वारा 10 योजनाओं का निविदा आमंत्रित की गई थी जिसमें नीचे वर्णित योजनाओं में एकल निविदा प्राप्त होने के कारण निम्न योजनाओं के निविदा को रद्द किया जाता हैः–

| क्र0 सं0 | प्रखंड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD /Palamu/01/2023-24 | नावाडीह आहर का जीर्णोद्धार ग्राम– नावाडीह पंचायत–नौडिहा, खाता संख्या–34 खेसरा संख्या–387 |
| 2 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD /Palamu/02/2023-24 | चौरिया तालाब का जीर्णोद्धार ग्राम– चौरिया पंचायत–नौडिहा, खाता संख्या–64 खेसरा संख्या–229 |
| 3 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD /Palamu/04/2023-24 | सीरम तालाब का जीर्णोद्धार ग्राम–सीरम पंचायत–नौडिहा, खाता संख्या–79 खेसरा संख्या–520 |
| 4 | पाण्डू | WRD/MID/HUSSAINABAD /Palamu/10/2023-24 | कउआखोह बाँध का जीर्णोद्धार ग्राम–सिलदिली पंचायत–सिलदिली खाता संख्या– 72 खेसरा संख्या–375 |

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 313745 Water Resource(23-24)D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) लखन साव, पिता–करेश साव, सा0–बॉये, थाना एवं जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड, आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड सं0–49 / 2020, दिनांक–07.02.2020, धारा–341 / 323 / 498(A) / 34 / भा0द0वि0 एवं 3 / 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त है, आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय–मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। जिसका विधिवत तामिला दिनांक–11.12.2023 को आपके घर पर इश्तिहार चिपकाकर किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता–सा0–बॉये, थाना एवं जिला–गढ़वा से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय–मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 313699 (Police) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :– 08 / 01 / 2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– 09 / 01 / 2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :– 09 / 01 / 2024 को 03:00 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरणः– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E/R work of Animal Clinic Manjhiaon Block Under Garhwa Distt. | ₹ 15,26,500/- | ₹ 30,600/- | ₹ 5,000/- | 21 दिन |
| 2 | E/R Sub-Divisional Animal Husbandry Officer Under Garhwa Distt. | ₹ 15,21,300/- | ₹ 30,500/- | ₹ 5,000/- | 21 दिन |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,गढ़वा

PR 313696 Building(23-24).D


## धर्म-कर्म

### महायज्ञ को लेकर यज्ञ समिति की बैठक आयोजित

# किशोरी करेंगी संगीतमय कथा का वाचन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का विराट आयोजन आदि देवी प्राचीन मंदिर भक्सो में महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में आसपास के गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे. बैठक में चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि 1101 कलशों के साथ कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। बुधवार समय 9:00 बजे हरमू संगम छठ घाट से कलश उठाकर गांव नगर का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल मंदिर आयेंगे। उसके बाद पूजन आरती के बाद भंडारा का वितरण किया जाएगा। यज्ञ स्थल की शोभा बढ़ाने के लिए मीना बाजार ब्रेक डांस आदि का संचालन किया जाएगा। हर दिन



भंडारा का आयोजन किया जाएगा जो रात्रि तक चलेगा। 26 दिसंबर को पूर्ण हवन, महा भंडारा एवं विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। रुद्र महायज्ञ में यज्ञ संरक्षक व संचालक जगताचार्य स्वामी अजुर्नानंद भारती धरहरा होंगे। संगीतमय कथा वृंदावन धाम से पहुंची शिवांजलि किशोरी जी द्वारा किया जाएगा। यज्ञ के सफल संचालन में साध्वी शिवांजलि किशोरी, त्यागी महंत पूज्य मदन दास, स्वामी अवधेश दास, संत हरिदास एवं नागा बाबा अवधूत गिरी, गौ रक्षा प्रमुख त्रिलोकीनाथ बागी होंगे। आयोजन समिति ने लोगों से कहा है कि कलश यात्रा में अधिक से अधिक श्रद्धालु पहुंचे।


### स्कूटी सवार दो किशोरों ने बाइक को मारी टक्कर

**गुमला।** गुमला-सिसई रोड स्थित छठ तालाब के पास स्कूटी सवार दो किशोरों ने नशे की हालत में बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों घायल किशोर गुमला नगर के एक प्रतिष्ठित स्कूल के वर्ग 9 के छात्र हैं और प्रतिष्ठित परिवार के सदस्य हैं। रविवार की संध्या हुई घटना के बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने दोनों घायलों को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से एक किशोर को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया। दूसरे किशोर का इलाज गुमला सदर अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा है। बता दें कि सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है, लेकिन लोगों पर इसका असर पड़ता दिख नहीं रहा है।

# लद्दाख में 5.5 तीव्रता का आया भूकंप

**एजेंसी। श्रीनगर**

लद्दाख क्षेत्र में सोमवार को रिक्टर पैमाने पर 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को लद्दाख क्षेत्र में रिक्टर पैमाने पर 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप दोपहर 3.48 बजे आया। भूकंप का केंद्र कारगिल जिले में था। मौसम विभाग के एक बयान में कहा गया, यह पृथ्वी के अंदर 10 किलोमीटर




की गहराई पर 33.41 डिग्री उत्तर में अक्षांश और 76.70 डिग्री पूर्व देशांतर पर आया।अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

## हिमाचल के कई जिलों में भी भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में सोमवार दोपहर को भूकंप के झटके महसूस किए गए। प्रदेश के जिला कुल्लू और लाहौल-स्पीति में करीब 3:48 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। वहीं, कांगड़ा, चंबा व हमीरपुर जिले में भी भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप के झटकों के बाद कई लोग अपने घरों, भवनों से निकलकर खुले स्थानों की ओर गए। लाहौल-स्पीति पुलिस थाना में मौजूद कर्मचारी दहशत में दफ्तर से बाहर निकलकर खुले स्थान की ओर भागे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल में जमीन के भीतर 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

## भिलाई में डायरिया से कई लोग बीमार, 4 गंभीर मरीज अस्पताल में भर्ती

**भिलाई।** खुसीर्पार के गौतम नगर में डायरिया (उल्टी-दस्त) फैलने से लोगों में हड़कंप मच गया है। यहां डायरिया के 34 मरीज मिले हैं। 4 मरीजों की हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भिलाई में डायरिया से कई लोग बीमारः रविवार को वार्ड 42 गौतम नगर खुसीपार में अचानक कई लोग बीमार पड़ गए। एक साथ कई लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। 3 मरीज गुलाबो देवी (60 वर्ष), सुमन चौहान (36 वर्ष) और सीमा जायसवाल तीनों गौतम नगर खुसीपार को सिविल अस्पताल सुपेला और 1 मरीज को सेक्टर 9 अस्पताल रेफर किया गया। खुसीर्पार पीएसस्सी इंचार्ज डॉ। करण पंसारी, यूबीएमओ डॉ पीएम सिंह, बीईई टीओ हितेंद्र कोसरे और विजय कुमार सैजुले ने पूरे क्षेत्र का सर्वे किया। सर्वे के दौरान उल्टी और दस्त के 34 मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर दवाई दी गई।

# अंडमान में पांच महीने में 150 करोड़ की 252 केजी मेथामफेटामाइन जब्त, 69 गिरफ्तार

**एजेंसी। पोर्ट ब्लेयर**

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के डीजीपी ने कहा कि पुलिस द्वीप को नशा मुक्त बनाने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है। हमने केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के अनुसार नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। परिणाम उत्साहजनक हैं। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पुलिस ने पिछले पांच महीनों में 150 करोड़ रुपये मूल्य के 252 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किए हैं। इसके साथ ही 69 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस अवधि के दौरान लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य की एक किलोग्राम कोकीन, मारिजुआना (49 किलोग्राम), भांग के पौधे (तीन किलोग्राम), कफ सिरप की 497 बोतलें और एंटी-एंग्जाइटी टैबलेट अल्प्राजोलम की 583 गोलियां जब्त कीं। जिनकी कीमत



लगभग 50 हजार रुपये है।

**नशीले पदार्थो के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति : डीजीपी**

द्वीप समूह के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा, पुलिस द्वीप को नशा मुक्त बनाने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है। हमने केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के अनुसार नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। परिणाम उत्साहजनक हैं। उन्होंने आगे कहा, हम नशीले पदार्थों को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। हम किसी नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले किसी भी शख्स को नहीं बख्शेंगे। यहां के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कोई कसर न छोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर मेरे अधिकारियों और कर्मियों को पूरा श्रेय जाता है। हमें पूरा जन समर्थन मिल रहा है।

**पांच माह में बरामद किया गया 250 किलोग्राम मेथामफेटाइन :** श्रीवास्तव में जून में डीजीपी के रूप में कार्यभार संभाला था।

## अमृत योजनाः 157 करोड़ से महानगर के 69 हजार घरों तक पहुंचाया जाएगा जल

**झांसी।** महानगर में अमृत मिशन योजना के प्रथम चरण का काम लगभग पूरा हो गया है। अब जल निगम अमृत मिशन के दूसरे चरण की तैयारी में जुट गया है। इसमें 157 करोड़ की लागत से उन इलाकों का सर्वे कराया गया है। जो नगर निगम के हाउसटैक्स के दायरे में वर्ष 2021 के बाद आए हैं। इनमें नंदनपुरा, गुमनावारा प्रथम व द्वितीय एवं मेडिकल कॉलेज का क्षेत्र है। इसकी विभाग द्वारा निविदा भी निकाली गई है। 15 जनवरी के बाद काम शुरू कराया जाएगा। जिसमें कुल 270 किलोमीटर पाइपलाइन डाली जाएगी। साथ ही चार ओवरहैड टैंक व चार भूतल जलाशय बनाए जाएंगे।

## मोहन सरकार में सिंधिया का नहीं होगा 'शिव-राज' सा दबदबा

# सिंधिया समर्थकों को नहीं मिल सकती है ज्यादा जगह

### सिर्फ तीन विधायक ही मंत्री पद की दौड़ में

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज हो गई हैं। इन अटकलों के बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक विधायकों को बड़ा झटका भी लग सकता है। डॉ मोहन यादव सरकार में सिंधिया समर्थक कम विधायक ही इस बार मंत्रिमंडल में शामिल हो सकेंगे। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई गई रणनीति मानी जा रही है। साल 2020 में कमलनाथ सरकार को गिराकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक 8 पूर्व मंत्री इस बार विधानसभा चुनाव में अपनी जीत दर्ज करवा पाए हैं, जबकि 3 मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा है। शिवराज सरकार में सिंधिया समर्थक 10 मंत्रियों का मंत्रिमंडल में दबदबा था। इस बार यह दबदबा कम होने वाला है। लोकसभा चुनाव की रणनीति के तहत इस बार पार्टी सभी लोकसभा सीटों से एक-एक मंत्री को डॉक्टर मोहन यादव मंत्रिमंडल में जगह दे सकती है। इस प्रकार लगभग 29 से 30 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

**सिंधिया समर्थक इन मंत्रियों को मिली जीत :** गौरतलब है कि डॉक्टर मोहन यादव के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। इस प्रकार अब ऐसा माना जा रहा है कि 29 से 30 मंत्री शपथ ले सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ 22 विधायक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। इनमें तत्कालीन कमलनाथ सरकार के कई मंत्री भी शामिल थे।

**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**निविदा रद्द करने सम्बन्धी सूचना।**

इस कार्यालय के द्वारा ज्ञापांक 1656/जि0प0, दिनांक 07.12.2023 के माध्यम से 167 पंचायत भवन के मरम्मति योजना हेतु निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना सं0–07/2023–24, (PR No.- 313033) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, पलामू।

PR 313669 (District) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**
e-mail I.D. - eemidhus-cemr-jhr@nic.in

पत्रांकः– 835/ हुसैनाबाद, दिनांक– 16.12.2023

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांकः–833 दिनांकः–14.12.2023 द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-16/2023-24 जिसका PR N0 :-313577 District (23-24)-D है जिसमें क्रमांक – 2 पर अंकित योजना (चौरेया तालाब का जीर्णोद्धार खाता संख्याः–64, खेसरा संख्याः–229 ग्रामः– चौरेया, पो0ः–नौडीहा, प्रखण्डः–पाँकी) के निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR.NO.313748 Water Resource(23-24):D

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**
दूरभाष (मो0) सं0– Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
**(3G Award के तहत् घोषित)**
**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-II)**
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– हुनहे उर्फ जोड़ा थानाः– सतबरवा, थाना नं0ः– 257
पत्रांक– 832 (G)/भू0अ0, दिनांक– 12.12.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | हुनहे उर्फ जोड़ा 257 | 3 | 315/P | रैयती | धान खेत–3 | 0.0329 | 1 | मो0 अलाउदीन उर्फ चुटर पिता महमद हुसैन | |
| 2 | | 17 | 298 | रैयती | धान खेत–3 | 0.3911 | 2 | आबिद हुसैन पिता अहमद अली | मो0 साजिद वगैरह पिता स्व0 आबिद हुसैन एवं अन्य |
| 3 | | 3 | 292 | रैयती | धान–3 | 0.1591 | 3 | खलील अहमद पिता स्व0 दिलदार हुसैन | जमिल मियाँ शकील मियाँ पिता स्व0 खलिल मियाँ एवं अन्य |
| 4 | | 20 | 236 | रैयती | धान खेत–3 | 0.4489 | 4 | खलील मियाँ पिता सलामत अली | मो0 इसलाम मो0 कलाम सरवर पिता मो0 खलील मियाँ एवं अन्य |
| | | 20 | 237 | रैयती | टाड़– 3 | 0.3900 | | तदैव | तदैव |
| 5 | | 3 | 228 | रैयती | धान खेत–3 | 0.2629 | 5 | जाफर अली पिता अलताफ हुसैन | कयामुदीना कसिमुदीन साहबुदीन पिता मो0 बदरूदीन एवं अन्य |
| | | 3 | 230 | रैयती | धान –3 | 0.0017 | | तदैव | कयामुदीना कसिमुदीन साहबुदीन पिता मो0 बदरूदीन एवं अन्य |
| | | 3 | 297 | रैयती | धान खेत–3 | 0.0800 | | तदैव | कयामुदीना कसिमुदीन साहबुदीन पिता मो0 बदरूदीन एवं अन्य |
| 6 | | 2 | 299 | रैयती | धान खेत–3 | 0.0284 | 6 | दरगाही साव पिता अलियार साव | अयोध्या प्रसाद वगै0 |
| 7 | | 3 | 291 | रैयती | धान– 3 | 0.1838 | 7 | 1.धर्मवीर प्रसाद पिता स्व0 महेन्द्र प्रसाद 2 सुशमा देवी पति श्री उमेश प्रसाद 3. समसुदीन वो कलीम वो जसील पिता खुदा बकस साकिर अली वो आसीम मोहम्मद वो आबिद पिता अहम्मद अली | धर्मवीर प्रसाद पिता स्व0 महेन्द्र प्रसाद सुषमा देवी पति उमेश प्रसाद मो0 इकबाल असलम पिता मो0 यासीन मो0 अल्लाउदीन पिता मो0 हुसैन (विवादित) |
| 8 | | 3 | 197 | रैयती | टाड़– 3 | 0.0869 | 8 | धर्मचन्द्र जैन पिता स्व0 गणेश लाल सरावगी | |
| 9 | | 3 | 253/P | रैयती | धान खेत–3 | 0.0875 | 9 | प्रेम प्रसाद पिता स्व0 रामनेवाज साव | |
| 10 | | 3 | 300 | रैयती | टाड़– 3 | 0.0266 | 10 | बनारसी प्रजापति वो गया प्रजाति वो गया प्रजापति पिता बिलट राम प्रजापति | |
| 11 | | 11 | 302 | रैयती | धान–3 | 0.3400 | 11 | बनारसी साव पिता भूलू साव | जवाहर प्रसाद पिता स्व0 बनारसी साव उमाशंकर प्रसाद पिता स्व0 बिहारी प्रसाद एवं अन्य |
| | | 21 | 277 | रैयती | धान खेत–3 | 0.2187 | | तदैव | जवाहर प्रसाद पिता स्व0 बनारसी साव उमाशंकर प्रसाद पिता स्व0 बिहारी प्रसाद एवं अन्य |
| 12 | | 3 | 253 | रैयती | धान खेत–3 | 0.0683 | 12 | धरमवीर प्रसाद पिता स्व0 महेन्द्र प्रसाद | |
| 13 | | 13 | 313 | रैयती | धान खेत–3 | 0.1257 | 13 | 1. मांग नहीं है/ दस्तावेज अप्राप्त है। 2. मीना कुंवर पति स्व0 शिवगोविन्द साव | 1.अस्पष्ट 2. मीना कुंवर पति स्व0 शिवगोविन्द साव |
| 14 | | 3 | 253/P | रैयती | धान खेत–3 | 0.0500 | 14 | लाल मोहम्मद अंसारी पिता कलीम अंसारी | |
| 15 | | 3 | 253/P | रैयती | धान खेत–3 | 0.0750 | 15 | रास्ता | |
| 16 | | 20 | 281 | रैयती | धान खेत–3 | 0.1779 | 16 | 1.विजय प्रसाद पिता निरंजन प्रसाद 2 प्रमोद प्रसाद पिता निरंजन प्रसाद | 1.प्रमोद प्रसाद पिता निरंजन प्रसाद अर्जित रकबा 0.08895 2.विजय प्रसाद पिता निरंजन प्रसाद अर्जित रकबा 0.08895 |
| 17 | | 11 | 252 | रैयती | धान खेत–3 | 0.0400 | 17 | शिव प्रसाद पिता स्व0 नारायण साव | दीपक कुमार पिता शिवप्रसाद |
| | | 11 | 252 | रैयती | धान खेत–3 | 0.0193 | | तदैव | वर्तमान में रास्ता |
| 18 | | 3 | 227 | रैयती | धान खेत–3 | 0.1455 | 18 | समसुदीन वो कलीम वो जसीम पिता खुदा वक्स एवं साकिर अली वो आसीन मो0 वो आविद पिता अहमद अली | मस्लिम वगैरह सलाउदीन वगैरह जावेद वगैरह रसीरूदीन वगैरह सलाउदीन वगैरह मकबुल वगैरह मो0 सजाद वगैरह साजिद वगैरह (विवादित) |
| | | 3 | 229 | रैयती | धान –3 | 0.2510 | | तदैव | मस्लिम वगैरह सलाउदीन वगैरह जावेद वगैरह रसीरूदीन वगैरह सलाउदीन वगैरह मकबुल वगैरह मो0 सजाद वगैरह साजिद वगैरह (विवादित) |
| 19 | | 3 | 253/P | रैयती | धान –3 | 0.8472 | 19 | 1.समसुदीन वो कलीम वो जसीम पिता खुदा वक्स एवं साकिर अली वो आसीन मो0 वो आविद पिता अहमद अली | मुस्लिम वगैरह सलाउदीन वगैरह जावेद वगैरह रसीरूदीन वगैरह मकबुल वगैरह मो0 सजाद वगैरह साजिद वगैरह लाल माहमन्द पिता मो0 कलिम अंसारी (विवादित अनुसार प्लॉट नं0 229) |
| 20 | | 3 | 315/P | रैयती | धान खेत–3 | 0.0330 | 20 | मो साकिर पिता शेख अहमद अली | |
| 21 | | 3 | 241 | रैयती | धान खेत–3 | 0.1272 | 21 | अज्ञात | मस्लिम वगैरह सलाउदीन वगैरह जावेद वगैरह रसीरूदीन वगैरह सलाउदीन वगैरह मकबुल वगैरह मो0 सजाद वगैरह साजिद वगैरह (विवादित अनुसार प्लॉट नं0 229) |
| 22 | | 3 | 293 | रैयती | धान– 3 | 0.0600 | 22 | अज्ञात | मो0 सफिर वगैरह पिता मो0 कलिमुदीन मो0 सैफुलाह वगैरह पिता स्व0 मकसुद आलम खतियानी रकबा–0.0600 (विवादित अनुसार प्लॉट नं0 229) |
| 23 | | 3 | 304 | रैयती | धान– 3 | 0.1413 | 23 | अज्ञात | मो0 जावेद वगैरह पिता समसुदीन (विवादित अनुसार प्लॉट नं0 229) |
| 24 | | 3 | 308 | रैयती | धान– 3 | 0.0039 | 24 | अज्ञात | मो0 जावेद वगैरह पिता समसुदीन (विवादित अनुसार प्लॉट नं0 229) |
| 25 | | 13 | 255 | रैयती | टाड़– 3 | 0.2560 | 25 | अज्ञात | राधे चौधरी पिता स्व0 साधु चौधरी प्रदीप चौधरी पिता स्व0 सुदर्शन चोधरी सुरेश चौधरी पिता स्व0 ठाकुर चौधरी अंजनी कुंवर पति स्व0 रामबनेश्वर चौधरी सिकन्द्र चौधरी पिता स्व0 रामकेश्वर चौधरी संदीप चौधरी वगैरह अनिकेत कुमार चौधरी पिता स्व0 सुरेन्द्र चौधरी सुभद्रा कुंवर पति स्व0 सुरेन्द्र चौधरी |
| 26 | | 13 | 254 | रैयती | धान खेत–3 | 0.3439 | 26 | अज्ञात | राधे चौधरी पिता स्व0 साधु चौधरी प्रदीप चौधरी पिता स्व0 सुदर्शन चोधरी सुरेश चौधरी पिता स्व0 ठाकुर चौधरी अंजनी कुंवर पति स्व0 रामबनेश्वर चौधरी सिकन्द्र चौधरी पिता स्व0 रामकेश्वर चौधरी संदीप चौधरी वगैरह अनिकेत कुमार चौधरी पिता स्व0 सुरेन्द्र चौधरी सुभद्रा कुंवर पति स्व0 सुरेन्द्र चौधरी |
| 27 | | 13 | 309 | रैयती | धान खेत–3 | 0.1388 | 27 | अज्ञात | 1.अस्पष्ट 2. प्रतीमा देवी पति राधेश्याम प्रसाद कबिता देवी पति नागेन्द्र प्रसाद |
| 28 | | 13 | 311 | रैयती | धान खेत–3 | 0.1186 | 28 | अज्ञात | अस्पष्ट(विवादित) |
| 29 | | 13 | 312 | रैयती | धान खेत–3 | 0.0877 | 29 | अज्ञात | 1.रविशंकर प्रसाद पिता अभिमन्यु प्रसाद 2.अस्पष्ट (विवादित) |
| 30 | | 22 | 295 | रैयती | धान खेत–3 | 0.1425 | 30 | अज्ञात | कृष्णा प्रसाद सुभाष प्रसाद रामजी प्रसाद पिता स्व0 विन्देश्वर प्रसाद |
| 31 | | 22 | 294 | रैयती | धान खेत–3 | 0.8164 | 31 | अज्ञात | कृष्णा प्रसाद सुभाष प्रसाद रामजी प्रसाद पिता स्व0 विन्देश्वर प्रसाद |
| 32 | | 22 | 296 | रैयती | धान खेत–3 | 0.1411 | 32 | अज्ञात | कृष्णा प्रसाद सुभाष प्रसाद रामजी प्रसाद पिता स्व0 विन्देश्वर प्रसाद |
| 33 | | 21 | 277 | रैयती | धान खेत–3 | 0.2900 | 33 | अज्ञात | कृष्णा प्रसाद सुभाष प्रसाद रामजी प्रसाद पिता स्व0 विन्देश्वर प्रसाद एवं अन्य |
| 34 | | 22 | 279/P | रैयती | धान खेत–3 | 0.4750 | 34 | अज्ञात | कृष्णा प्रसाद सुभाष प्रसाद रामजी प्रसाद पिता स्व0 विन्देश्वर प्रसाद एवं अन्य |
| 35 | | 22 | 279/P | रैयती | धान खेत–3 | 0.0883 | 35 | अज्ञात | जवाहर प्रसाद पिता स्व0 बनारसी साव उमाशंकर प्रसाद पिता स्व0 बिहारी प्रसाद एवं अन्य |
| 36 | | 22 | 279/P | रैयती | धान खेत–3 | 0.0925 | 36 | अज्ञात | भीम प्रसाद एवं अन्य |
| | | | | | कुल | 7.8946 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू | अपर समाहर्त्ता पलामू | उपायुक्त पलामू

PR 313684 Palamu(23-24)#D

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित) **Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-II)**
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– तुम्बागाड़ा थानाः– सतबरवा, थाना नं0ः– 124
पत्रांक– 832 (B)/भू0अ0, दिनांक– 12.12.2023

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | तुम्बागाड़ा | 2 | 366/394 | रैयती | टांड़–2 | 0.3780 | 1 | आदित साह पिता– चक्रवर्ती साह | लक्ष्मीप्रसाद पिता स्व.आदित साह ,राजुप्रसाद पिता स्व. बद्रीप्रसाद |
| 2 | | 15 | 392 | रैयती | धान–2 | 0.2000 | 2 | जगदीश सिंह पिता– तिलकधारी सिंह | विशुनदेव महतो पिता स्व.मुनेशर महतो, जगोत्री कुंवर पति स्व. करमदेव महतो केवाला सं0 2466, दिनांक 18.03.2004 से प्राप्त है। |
| 3 | | 16 | 378 | रैयती | धान–2 | 0.0751 | 3 | जगनी देवी पति बिलौती साव | बिलौती साह पिता स्व0 रामखेलावन साव जाति सुण्डी |
| 4 | | 21 | 382 | रैयती | धान–2 | 0.8806 | 4 | देवनारायण साह पिता– मुन्द्रिका साह | 1 प्रदीप साव,विनोदप्रसाद साव,समोद साव पिता स्व. देवनारायण साव मनोज कुमार गुप्ता पिता स्व. अशोक कुमार गुप्ता |
| 5 | | 20 | 186 | रैयती | पुरानी परती गैर काबिल आबाद | 0.9807 | 5 | 1. देवनारायण साह पिता– मुन्द्रिका साह वो मसोमात सरस्वती देवी पति– द्वारिका साव वो आदित साव पिता– चक्रवर्ती साह (जाति– सुण्डी) 2. ममता कुमारी पति अरूण यादव | सिंचाई विभाग |
| 6 | | 20 | 176 | रैयती | टांड़–2 | 1.4040 | 6 | देवनारायण साह पिता– मुन्द्रिका साह वो मसोमात सरस्वती देवी पति– द्वारिका साव वो आदित साव पिता– चक्रवर्ती साह (जाति– सुण्डी) | सिंचाई विभाग |
| | | 20 | 383 | रैयती | धान–2 | 0.3130 | | तदैव | 1 प्रदीप साव,विनोदप्रसाद साव,समोद साव पिता स्व. देवनारायण साव मनोज कुमार गुप्ता पिता स्व. अशोक कुमार गुप्ता |
| | | 20 | 368 | रैयती | बांध | 0.1324 | | तदैव | बांध |
| 7 | | 20 | 165 | रैयती | टांड़–2 | 0.6217 | 7 | 1 देवनारायण साह पिता– मुन्द्रिका साह वो मसोमात सरस्वती देवी पति– द्वारिका साव वो आदित साव पिता– चक्रवर्ती साह, सुमन देवी पति सुरेश रजक, शांति देवी पति अरूण यादव, मेहन्ती देवी पति ललु यादव, सरीता देवी पति सकेन्द्र राम | 1 प्रदीप साव, एवं अन्य–0.1217 ए0 2. मेहन्ती देवी पति ललु महतो– 0.0950 3. शांती देवी पति अरूण यादव–0.0500 4. सुमन देवी पति सुरेश रजक– 0.0800 5. रामजी साव पिता स्व0 देनी साह–0.0250 6. हीरा साव एवं अन्य–0.0600 7. सरस्वती देवी पति बसंत साव – 0.0200 8. अमोदा देवी पति राधेश्याम यादव–0.0300 9. सरिता देवी पति सकेन्द्र राम–0.0600 10. वर्तमान रास्ता–0.0800 |
| 8 | | 20 | 164 | रैयती | टांड़–2 | 1.3820 | 8 | 1 देवनारायण साह पिता– मुन्द्रिका साह वो मसोमात सरस्वती देवी पति– द्वारिका साव वो आदित साव पिता– चक्रवर्ती साह, धनन्जय प्रसाद वगै0 पिता स्व0 नरेश प्रसाद, प्रियंका कुमारी पति रूपेश कुमार, संगीता देवी पति संतोष यादव, मुसनी देवी पति नन्हक यादव | 1 प्रदीप साव,एवं अन्य–0.7920 2. संगीता देवी पति संतोष यादव –0.08 3. धनन्जय प्रसाद वगै0 पिता स्व0 नरेश प्रसाद वो प्रियंका कुमारी पति रूपेश कुमार–0.040 चाहर दिवारी 4. वर्तमान रास्ता –0.03 5. मुसनी देवी पति नन्हक यादव–0.08 ए0 |
| 9 | | 47 | 236 | रैयती | धान–2 | 0.1074 | 9 | पानुएल एकड़ा पिता संतपॉल सकड़ा | |
| 10 | | 29 | 233 | रैयती | मकान मय सहन | 0.0029 | 10 | पावल कुजूर वो आसेरूस कुजूर वो जुसतुस कुजूर पिता– थियोकिल कुजूर | |
| | | 29 | 234 | रैयती | टांड़–2 | 0.0664 | | तदैव | |
| | | 29 | 235 | रैयती | धान–2 | 0.1984 | | तदैव | |
| 11 | | 58 | 350 | रैयती | धान–2 | 0.4494 | 11 | विरेन्द्र महतो पिता धनुकधारी | |
| 12 | | 35 | 141 | रैयती | टांड़–2 | 0.0729 | 12 | बिलौती साह पिता– रामखेलावन साव | |
| | | 35 | 362 | रैयती | धान–2 | 0.0684 | | तदैव | |
| | | 35 | 376 | रैयती | धान–2 | 0.0111 | | तदैव | |
| | | 35 | 377 | रैयती | धान–2 | 0.1025 | | तदैव | |
| 13 | | 38 | 366/395 | रैयती | टांड़–2 | 0.0968 | 13 | महेश्वर तिवारी पिता– नरसिंह तिवारी | |
| 14 | | 45 | 140 | रैयती | टांड़–2 | 0.0568 | 14 | मालतीदेवी विमलीदेवी कमलीदेवी पिता स्व. मुनी साव | |
| | | 45 | 365 | रैयती | टांड़–2 | 0.2466 | | तदैव | |
| | | 45 | 365/399 | रैयती | मकान मय सहन | 0.0874 | | तदैव | |
| | | 45 | 237 | रैयती | धान–2 | 0.0074 | | तदैव | |
| 15 | | 39 | 143 | रैयती | टांड़–2 | 0.7630 | 15 | रफीक मिया वो रसीद मिया वो दुखन मिया पिता– अचरज मिया | 1 रियाजुदीन ,कयामुदीन,अजमुदीन पिता स्व. दुखन 2 रफीक मिया वो रसीद मिया पिता– अचरज़ मिया |
| 16 | | 56 | 359 | रैयती | धान–2 | 0.2866 | 16 | राजमुणि यादव पिता स्व0 महावीर यादव | राजमुणि यादव पिता स्व. महावीर यादव |
| 17 | | 42 | 387 | रैयती | धान–2 | 0.3007 | 17 | रामजीत बैगा पिता– पिताम्बर बैगा वो गुनी बैगा पिता– भूतनाथ बैगा | 1 पंचू भुइया पिता गुनी भुइया 2 सुनू भुइया पिता स्व. गणेश भुइया 3 पुनीता कुंवर पति स्व. उमेश भुइयां |
| 18 | | 51 | 173 | रैयती | धान–1 | 0.1470 | 18 | शंकर साह पिता– सरयुग साह वो सोना देवी वो कला देवी पिता– दिलेश्वर साह वो मसोमात राधा कुंवर पिता– दिलेश्वर साह बंधु साह पिता– जगेश्वर साह तपेश्वर साह पिता– रामटहल साह | 1 अंबिका प्रसाद साहु कन्हाइ साहु मोहन प्रसाद पिता स्व. बंधू साहु एवं अन्य |
| | | 51 | 173 | रैयती | धान–1 | 0.0200 | | तदैव | 2. वर्तमान रास्ता |
| | | 51 | 169 | रैयती | धान–2 | 0.0593 | | तदैव | 1 अंबिकाप्रसाद साहु कन्हाइ साहु मोहन प्रसाद पिता स्व. बंधू साहु 2 बालचंद,फुलचंद,जवाहर साहु पिता तपेश्वर साहु एवं अन्य |
| | | 51 | 384 | रैयती | धान–2 | 0.4474 | | तदैव | तदैव |
| | | 51 | 386 | रैयती | धान–2 | 0.2122 | | तदैव | तदैव |
| | | 51 | 388 | रैयती | धान–2 | 0.7400 | | तदैव | तदैव |
| | | 51 | 389 | रैयती | धान–2 | 0.1536 | | शंकर साह पिता– सरयुग साह वो सोना देवी वो कला देवी पिता– दिलेश्वर साह वो मसोमात राधा कुंवर पिता– दिलेश्वर साह बंधु साह पिता– जगेश्वर साह तपेश्वर साह पिता– रामटहल साह (जाति– तेली) | 1 अंबिकाप्रसाद साहु कन्हाइ साहु मोहन प्रसाद पिता स्व. बंधू साहु 2 बालचंद,फुलचंद,जवाहर साहु पिता तपेश्वर साहु एवं अन्य |
| | | 51 | 351 | रैयती | धान–2 | 0.0108 | | तदैव | बेचू साव वगैरह पिता स्व.अमरजीत साव एवं अन्य |
| | | 51 | 349 | रैयती | धान–2 | 0.0696 | | तदैव | |
| | | 51 | 390 | रैयती | धान–2 | 0.0832 | | तदैव | अंबिकाप्रसाद साहु कन्हाइ साहु मोहन प्रसाद पिता स्व. बंधू साहु एवं अन्य |
| | | 51 | 393 | रैयती | धान–2 | 0.0200 | | तदैव | |
| 19 | | 52 | 367 | रैयती | मकान मय सहन | 0.1628 | 19 | शांती देवी पति– श्री किशुन साह पलेया देवी पति– रामकिशुन साह | विजय प्रसाद पिता कुंजबिहार साह सुशील प्रसाद पिता रामवृक्ष साह (विवादित) |
| 20 | | 56 | 366 | रैयती | टांड़–2 | 0.3595 | 20 | शिवमंडल साह पिता– राधनी साह | राजकिशोर साह ,केशवर साह पिता स्व. शिवमंगल साह |
| 21 | | 58 | 391 | रैयती | धान–2 | 0.0700 | 21 | सुरेन्द्र महतो पिता धनुकधारी महतो | |
| 22 | | 62 | 172 | रैयती | धान–2 | 0.2200 | 22 | हीरा साव पिता– नन्हुक साव वो रामवृक्ष साह वो अमरजीत साव पिता– रामदेव साव | चन्द्रवतीदेवी पति स्व.ओमप्रकाश गुप्ता प्रकाश साव राजकुमार साव वेदप्रकाश साव नंदकुमार साव अजय साव पिता हीरा साव युगल किशोर पिता स्व.अखलेश्वर साव विजय पिता स्व.कुंजबिहार साव प्रेमप्रकाश सुशील साहु डोमर साहु पिता स्व. रामवृक्ष साहु सौरभ कुमार पिता स्व.रामनाथ साव रामनिवास प्रसाद पिता बेचू साव कृष्णा प्रसाद साहु दयसनिधि साहु पिता स्व.अमरजीत साहु |
| | | 62 | 171 | रैयती | धान–2 | 0.4331 | | तदैव | चन्द्रवतीदेवी पति स्व.ओमप्रकाश गुप्ता प्रकाश साव राजकुमार साव वेदप्रकाश साव नंदकुमार साव अजय साव पिता हीरा साव एवं अन्य |
| 23 | | 63 | 348 | रैयती | धान–2 | 0.0242 | 23 | हिरोनियुस कुजूर पिता– निकोदिम कुजूर | |
| 24 | | 65 | 146 | रैयती | मकान मय सहन | 0.3138 | 24 | बहुधंधी सहयोग समिति | स्थल पर लगभग 0.100 ए0 पर मकान अवस्थित है शेष भूमि परती है। |
| 25 | | 66 | 360 | रैयती | धान–2 | 0.0254 | 25 | बिहार मीनीजाइट मण्डली तुम्बागाड़ा व्यवस्थापक– शुशील खाखा पिता– वडनाबस खाखा | |
| | | | | | कुल | 12.8641 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 313678 (Palamu)23-24*D

# स्थायी समाधान हो...

**झारखंड** में जाम की समस्या आम बात हो गयी है। इससे मुक्ति के लिए राजधानी रांची में कसरत जारी है। इस समस्या से मुक्ति आपसी समन्वय से ही संभव है। शायद इस बात को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। यही कारण है कि यह समस्या और भयावह रूप लेती जा रही है। सुगम यातायात के लिए जाम से मुक्ति जरूरी है। इस बाबत समय-समय पर बैठकें आयोजित होती रही हैं।

> **सुगम यातायात के लिए जाम से मुक्ति जरूरी है। इस बाबत समय-समय पर बैठकें आयोजित होती रही हैं। लेकिन स्थायी हल की दिशा में परिणाम शून्य ही सामने आये हैं। इसकी बड़ी वजह सड़कों पर खोमचे और ठेले वालों का कब्जा है। जिस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहीं -कहीं पर 40 फीट की सड़कें सिमट कर 20 फीट की हो गयी है। जिस कारण इन जगहों पर गाड़ियां सरकती हैं। इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन कभी-कभार सामने आकर खानापूर्ति करने में कोई कसर नहीं छोड़ता है।**

लेकिन स्थायी हल की दिशा में परिणाम शून्य ही सामने आये हैं। इसकी बड़ी वजह सड़कों पर खोमचे और ठेले वालों का कब्जा है। जिस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहीं -कहीं पर 40 फीट की सड़कें सिमट कर 20 फीट की हो गयी है। जिस कारण इन जगहों पर गाड़ियां सरकती हैं। इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन कभी-कभार सामने आकर खानापूर्ति करने में कोई कसर नहीं छोड़ता है। लेकिन आज तक कभी भी स्थायी निराकरण की दिशा में कोई काम होते नहीं दिखते हैं। जिस प्रकार आबादी बढ़ रही है,यह समस्या विकराल रूप के साथ सामने खड़ी होती जा रही है। इस बाबत दीर्घकालीन योजना की जरूरत है। लेकिन ऐसा नहीं होना यह दर्शाता है कि सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। यह काफी दुखद पहलू है। राज्य के पलामू जिले की बात करें तो शहर की हृदयस्थली छहमुहान जाम से हलकान है। बाजार जाने वाली सड़क पर ठेले वालों का कब्जा है। दूसरी तरफ सड़क की दोनों तरफ बाइक और चारपहिया वाहन लग जाने की वजह से पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। इसे जब भी हटाने की कोशिश की जाती है,राजनीतिक दल सड़कों पर आकर विरोध करना शुरू कर देते हैं। इसकी खास वजह यह है कि ठेले और खोमचे लगाने वाले एक विशेष समुदाय से आते हैं। यह स्थिति कमोवेश हर जगहों पर देखने को मिलती है। यही कारण है कि जाम की समस्या का स्थायी समाधान नहीं ढूंढा जा रहा है। यह एक प्रकार से गलत परम्परा है। आज से पांच दशक पूर्व की बनी सड़कें यथावत उसी स्थिति में हैं। जबकि आबादी बढ़ती जा रही है। ओवरब्रिज का निमार्ण नहीं हुआ। बेतहाशा गाड़ियों की संख्या की वजह से सड़कों पर गाड़ियों का लगाया जाना आम बात है। लोग गाड़ियां बड़े शौक से लेते हैं,लेकिन लगाने की जगह नहीं होती है। इसके लिए कोई नियम कानून नहीं है। जब चाहा,जहां चाहा गाड़ियां लगा दी। इससे किसी को परेशानी भी होती है। इस बात से ऐसे लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता है। इस स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन को सख्ती से निपटने की जरूरत है। अतिक्रमण की वजह से जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। इस दिशा में ईमानदान पहल की जरूरत है। यह सिर्फ सरकार का दायित्व नहीं है। सबको इस दिशा में आगे आने की जरूरत है।

# परमात्मा नहीं, पर परमात्मा से कम नहीं

**इन दिनों**


ललित गर्ग




**नरसी** मेहता न केवल गुजराती भक्ति साहित्य बल्कि समूचे राष्ट्र के भक्ति साहित्य की श्रेष्ठतम विभूति थे। उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की महत्ता के अनुरूप साहित्य के इतिहास-ग्रंथों में 'नरसिंह-मीरा-युग' नाम से एक स्वतंत्र काव्यकाल का निर्धारण किया गया है जिसकी मुख्य विशेषता भावप्रवण कृष्णभक्ति से अनुप्रेरित पदों का निर्माण है। पद-प्रणेता के रूप में गुजराती साहित्य में नरसी का लगभग वही स्थान है जो हिंदी में सूरदास का। 'वैष्णव जन तो तैणे कहिए जे पीड पराई जाणे रे' पंक्ति से आरंभ होनेवाला सुविख्यात पद नरसी मेहता का ही है। उन्होंने इस भजन में एक बात अच्छी प्रकार से कह दी है। 'पर दुःखे उपकार करे' कह कर भजन में रुक गए होते, तो वैष्णव जनों की संख्या बहुत बढ़ जाती है। 'पर दुःखे उपकार करे तोए मन अभिमान न आणे रे' कह कर हम सब में छिपे सूक्ष्म अहं को विगलित करने की प्रेरणा दी गई है। उपकार का आनन्द अनुभव करना है तो आपने जो किया उसे जितनी जल्दी हो भूल जाएं और आपके लिए किसी ने कुछ किया, उसे कभी न भूलें। इस तरह जीवन की सबसे बड़ी सीख देने वाले, 15वीं शताब्दी के इस शीर्ष संत कवि एवं विश्वप्रसिद्ध भजन-रचयिता ने भक्ति की ऐसी गंगा प्रवहमान की कि आज भी लोग उनके भजनों से अपने जीवन को भक्तिमय बनाये हुए है।

यह भजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय भजन है। यह भजन ही नहीं, भक्त नरसी मेहता के भावों और विचारों का भी गांधी पर गहरा प्रभाव था। प्रायः ऐसा माना जाता है कि अस्पृश्यता से पीड़ित लोगों के लिए हरिजन शब्द पहली बार गांधीजी ने प्रयोग किया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस शब्द का पहली बार उपयोग नरसी मेहता ने ही किया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह भजन जन-जन की जुबान पर था। न केवल यह भजन बल्कि उनकी हर भक्ति रचना इतनी सशक्त, सुरूचिपूर्ण है कि उससे न केवल आध्यात्मिक बल्कि मानसिक तृप्ति मिलती है। उनके भजनों में गौता लगाने पर शक्ति एवं गति पैदा होती है, सच्चाइयों का प्रकाश उपलब्ध होता है, जो हममें सच्चा संकल्प और कठिनाइयों पर विजय पाने की सच्ची दृढ़ता एवं साहस देता है। वे ईश्वर से सम्पर्क के सूत्रधार थे। स्वयं परमात्मा नहीं थे, पर परमात्मा से कम भी नहीं थे। उन्होंने जन-जन को सांसारिक आकर्षण रूपी राग को मिटाकर ईश्वर के प्रति अनुरागी बनाया।

> **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय भजन है। यह भजन ही नहीं, भक्त नरसी मेहता के भावों और विचारों का भी गांधी पर गहरा प्रभाव था। प्रायः ऐसा माना जाता है कि अस्पृश्यता से पीड़ित लोगों के लिए हरिजन शब्द पहली बार गांधीजी ने प्रयोग किया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस शब्द का पहली बार उपयोग नरसी मेहता ने ही किया था। स्वतंत्रा आंदोलन के दौरान यह भजन जन-जन की जुबान पर था। न केवल यह भजन बल्कि उनकी हर भक्ति रचना इतनी सशक्त, सुरुचिपूर्ण है कि उससे न केवल आध्यात्मिक बल्कि मानसिक तृप्ति मिलती है। उनके भजनों में गौता लगाने पर शक्ति एवं गति पैदा होती है, सच्चाइयों का प्रकाश उपलब्ध होता है, जो हममें सच्चा संकल्प और कठिनाइयों पर विजय पाने की सच्ची दृढ़ता एवं साहस देता है। वे ईश्वर से सम्पर्क के सूत्रधार थे। स्वयं परमात्मा नहीं थे, पर परमात्मा से कम भी नहीं थे। उन्होंने जन-जन को सांसारिक आकर्षण रूपी राग को मिटाकर ईश्वर के प्रति अनुरागी बनाया। श्रीकृष्ण भक्ति में सराबोर भक्तों की लम्बी श्रृंखला में नरसी मेहता निश्छल और चरम भक्ति के प्रतीक हैं। उनके भक्ति रस से आप्लावित भजन आज भी जनमानस को ढांढस बंधाते हैं, धर्म का पाठ पढ़ाते हैं और जीवन को पवित्र बनाने की प्रेरणा देते हैं। उनके भजनों में जीवंत सत्यों का दर्शन होता है। जिस प्रकार किसी फूल की महक को शब्दों में बयां करना कठिन है, उसी प्रकार गुजराती के इस शिखर संतकवि और श्रीकृष्ण-भक्त का वर्णन करना भी मुश्किल है।**

श्रीकृष्ण भक्ति में सराबोर भक्तों की लम्बी श्रृंखला में नरसी मेहता निश्छल और चरम भक्ति के प्रतीक हैं। उनके भक्ति रस से आप्लावित भजन आज भी जनमानस को ढांढस बंधाते हैं, धर्म का पाठ पढ़ाते हैं और जीवन को पवित्र बनाने की प्रेरणा देते हैं। उनके भजनों में जीवंत सत्यों का दर्शन होता है। जिस प्रकार किसी फूल की महक को शब्दों में बयां करना कठिन है, उसी प्रकार गुजराती के इस शिखर संतकवि और श्रीकृष्ण-भक्त का वर्णन करना भी मुश्किल है। उनकी भक्ति इतनी सशक्त, सरल एवं पवित्र थी कि श्रीकृष्ण को अनेक बार साक्षात प्रकट होकर अपने इस प्रिय भक्त की सहायता करनी पड़ी। ऐसे महान संतकवि नरसी मेहता का जन्म 15वीं शताब्दी में सौराष्ट्र के एक नागर ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बालक नरसी आरंभ में गूंगे थे। आठ वर्ष के नरसी को उनकी दादी एक सिद्ध महात्मा के पास लेकर गई। महात्मा ने बालक को देखते ही भविष्यवाणी की कि भविष्य में यह बालक बहुत बड़ा भक्त होगा। जब दादी ने बालक के गूंगे होने कि बात बताई तो महात्मा ने बालक के कान में कहा कि बच्चा! कहो 'राधा-कृष्ण' और देखते ही देखते नरसी 'राधा-कृष्ण' का उच्चारण करने लगा। बालक नरसी बचपन से ही साधु-संतों की सेवा किया करते थे और जहां कहीं भजन-कीर्तन होता था, वहीं जा पहुंचते थे। रात को भजन-कीर्तन में जाते तो उन्हें समय का ख्याल न रहता।

## आप की बात



### विभिन्न चर्च में क्रिसमस गैदरिंग

**पलामू** जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर के शांति की महारानी कैथोलिक चर्च, यूनियन चर्च, सीएनआई चर्च सहित तुंबागड़ा के चर्च में रविवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। मिशा पूजा के बाद क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इसमें शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले ईसाई विश्वासियों की दस यूनिट ने भाग लेकर प्रभु येशु मसीह के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई। झांकी, नृत्य, क्रिसमस गीत आदि के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। प्रभु यीशु की स्वागत की तैयारी में जुटा है ईसाई समुदाय : कैथोलिक चर्च में रविवार को मिशा पूजा के बाद चियांकी की यूनिट ने प्रभु यीशु के जन्मदिन की झांकी प्रस्तुत किया। संडे स्कूल के बच्चों ने नृत्य, बारालोटा, कचरवा, ज्योति हॉस्टल आवादगंज, बिरसानगर यूनिट आदि के विश्वासियों ने क्रिसमस गीत पेश किया। फादर मोरिस कुजूर ने बताया कि क्रिसमस मिलन को लेकर आध्यात्मिक रूप से तैयारी चल रहा है। कार्यक्रम में आए लोग सारी व्यस्तता भूल कर आपसी भाईचारा, प्रेम एवं सौहार्द के साथ प्रभु यीशु की स्वागत की तैयारी में जुटे हैं। प्रभु यीशु पूरी दुनिया को आपसे भाईचारा प्रेम एवं सौहार्द के साथ रहने का संदेश देते हैं। इधर यूनियन चर्च में भी रविवार को क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। **- सोरेन भेंगरा**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकत हैं-**article.rnmail@gmail.com**

**राजनीति**

# प्रधानमंत्री मोदी का सुशासन और साकार होता आमजन का सपना


डॉ. सौरभ मालवीय

**प्रधानमंत्री** के रूप में नरेन्द्र मोदी के शासनकाल के दस वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। उन्होंने 26 मई, 2014 को प्रथम बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पश्चात घोषणा की थी कि उनकी सरकार जनहित के लिए तथा अन्तयोदय के लिए कार्य करेगी। उन्होंने अपनी घोषणा में जो शब्द कहे, उस पर वह शत-प्रतिशत खरे सिद्ध हुए। उनके अब तक के संपूर्ण कार्यकाल पर दृष्टि डालें तो यह सेवा एवं सुशासन पर ही केंद्रित रहा है। प्रधानमंत्री का कहना है कि सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है, ताकि वे प्रशासनिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। सरकारी कामकाज की प्रक्रिया को आसान कर आसानी से सुशासन सुनिश्चित किया जा सकता है। उनका यह भी कहना है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां के नागरिक शासन का हिस्सा बनने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में, निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी होना बहुत महत्वपूर्ण घटक है।

> **प्रधानमंत्री का कहना है कि सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है।**

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न पहलों और सुधारों के बारे में लिखते रहते हैं। उनके शब्दों में- '130 करोड़ भारतीयों ने फैसला किया है कि वे भारत को आत्मानिर्भर बनाएंगे। आत्मनिर्भरता पर हमारा जोर, वैश्विक समृद्धि में योगदान करने की दृष्टि से प्रेरित है। हमारी सरकार एक ऐसी सरकार है, जो प्रत्येक भारतीय का ध्यान रखती है और उसके लिए चिंतित रहती है। हम लोक-केंद्रित और मानवीय दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने लोक-समर्थक शासन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं, जो गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित समुदाय की मदद करते हैं।' वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी अन्तयोदय के मूल तत्वों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।


## फेसबुक वॉल से



**X-से**

> व्यक्ति का असली धर्म उसके कर्तव्य हैं यदि कोई अपने कर्तव्य पूरी ईमानदारी से निभाने की कोशिश करता है तो उसे धार्मिक होने के लिए और कुछ करने की जरुरत नहीं।

# क्यों काशी में आते अब गोवा से भी ज्यादा पर्यटक


आर.के. सिन्हा

**अगर** कोई यह मानता है कि सबसे अधिक टुरिस्ट समुद्र के किनारे के तटों पर या फिर आकाश को छूते पहाड़ों में सैर करने को आते हैं तो उन्हें एक बार फिर सोचना होगा। मतलब यह है कि अब न तो सबसे अधिक टूरिस्ट गोवा आ रहे हैं या फिर शिमला, नैनीताल या कश्मीर या हिमाचल किसी अन्य हिल स्टेशन पर। आज के दिन सबसे ज्यादा टूरिस्ट को अपनी तरफ आकर्षित करने लगा है वाराणसी। आईसीआईसीआई के एक सर्वे से पता चला है कि पिछले साल-2022 में वाराणसी में 7.02 करोड़ टुरिस्ट पहुंचे। गोवा के हिस्से में लगभग मात्र 85 लाख टूरिस्ट । यूं तो वाराणसी में लगातार खूब टूरिस्ट पहले से ही आते थे पर 2015 के बाद तो स्थिति वाराणसी के पक्ष में पूरी तरह से पलट गई। इस लिहाज से गेम चेंजर साबित हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ( अब स्मृति शेष) का धर्म नगरी वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में 2015 में भाग लेना। गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, हमारी भारतीय सनातन संस्कृति की वाहक भी है। इस लिहाज से जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था। गंगा आरती महज एक पूजाविधि नहीं है। मोदी-आबे ने गंगा आरती मे भाग लेकर दुनिया में भारत की खोई हुई या यूं कहें कि तिरस्कृत का दिये गये सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ने अपनी जगह बनाई थी। बीते 60 सालों की राजनैतिक सत्ता ने इस छवि को नजरअंदाज कर एक उपभोगी देश की छवि के रूप में भारत को दुनिया के सामने पेश किया था क संस्कृति के नाम पर ताज के मकबरे को ही खूब भुनाने की कोशिश की गयी । लेकिन, गंगा की ''ब्रांडिंग'' तो सही माने में भारत के लिए आत्मगौरव का क्षण था। टूरिज्म क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और जापान के प्रधानमंत्री आबे के गंगा आरती में भाग लेने के बाद सारे देश में वाराणसी को लेकर एक नई तरह की सकारात्मक सोच विकसित होने लगी।

> **आज के दिन सबसे ज्यादा टूरिस्ट को अपनी तरफ आकर्षित करने लगा है वाराणसी। आईसीआईसीआई के एक सर्वे से पता चला है कि पिछले साल-2022 में वाराणसी में 7.02 करोड़ टुरिस्ट पहुंचे।**



**बोधि वृक्ष**

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

**महान** संत गरीबदास जी कहते हैंः गरीब, एति उमर बुलंद मरेगा अंत **'रे सतगुरु लगे ना कान ना भेंटे संत रे'** उपरोक्त वाणी सिद्ध करती है कि क्षर पुरुष और अक्षर पुरुष के क्षेत्र में सभी प्राणियों की आयु कितनी ही लंबी क्यों न हो लेकिन एक दिन अंत अवश्य होता है। उस लोक के भगवान सहित प्रत्येक प्राणी की मृत्यु निश्चित रूप से होगी।

**आदरणीय संत गरीबदास जी कहते हैं:**
**असंख जन्म तोहे मरतां होगे, जीवित क्यों न मरे रे।**
**द्वादश मध्य महल मठ बोरे, बहुर न देह धरै रे।।**

संत गरीबदास जी समझाते हैं कि आत्माओं, तुम सब काल के लोक में लाखों युगों से अत्याचार सह रहे हो। तुम जीवित क्यों नहीं मर जाते। समस्त बुराइयों का परित्याग कर उस पूर्ण परमात्मा-सतपुरुष की शास्त्र आधारित पूजा करो, सतलोक (सचखंड) को प्राप्त करो और शाश्वत शांति का आनंद लो।

सतलोक वह अमर धाम है जहां न तो मृत्यु है और ना ही बुढ़ापा। युगों से आत्माओं को ज्ञान नही था क्योंकि उन्हें एक तत्वदर्शी संत नहीं मिला था जो उन्हें सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते और सच्ची पूजा की विधि बताता जिससे जन्म और पुनर्जन्म की बीमारी हमेशा के लिए खत्म हो जाती है।

तत्वदर्शी संत सतनाम और सारनाम दीक्षा में देते हैं जिससे आत्माएं अमर परमात्मा अर्थात परम अक्षर ब्रह्म को प्राप्त करती हैं जिसका अर्थ है उनका मोक्ष प्राप्त हो जाता है। सतलोक के सुखों की तुलना में स्वर्ग का सिंहासन कौवे की बीट की तरह बेकार है।

श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 4 श्लोक 25-29 में कहा गया है कि साधक जो भी पूजा करते हैं, उसे श्रेष्ठ और बुराइयों का नाश करने वाला मानकर करते हैं।

(क्रमशः)

**टेक वर्ल्ड**

## इंस्टाग्राम का नया एआई एडिटिंग टूल ...

**मेटा** के स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम ने 'बैकड्रॉप' नाम से एक नया एआई मीडिया एडिटिंग टूल लॉन्च किया है, जो आपको स्टोरीज के लिए प्रांप्ट के जरिए अपनी पसंद की इमेज बैकग्राउंड को एडिट करने देगा। कंपनी ने सबसे पहले इस फीचर को अमेरिका के यूजर्स के लिए लॉन्च किया है। जेनरेटिव एआई अहमद अल-दहले के लिए मेटा की लीड थ्रेड्स में पोस्ट किया गया, "हमारा एआई मीडिया एडिटिंग टूल बैकड्रॉप अमेरिका में इंस्टाग्राम पर उपलब्ध है! बैकड्रॉप के साथ, आप अपनी स्टोरी के लिए एक पूरी तरह से नई इमेज बनाने के लिए बस कुछ टैप और 'चेस बाय डायनासोर' या 'सराउंडिंग बाय पप्पी' जैसे प्रांप्ट के साथ इमेज बैकग्राउंड की फिर से कल्पना कर सकते हैं।" शुरूआत करने के लिए आपको नई स्टोरी के टॉप पर 'बैकड्रॉप' बटन पर टैप करना होगा। अल-दहले ने कहा, "एक बार पोस्ट करने के बाद, जब आप बनाई गई इमेज शेयर करेंगे तो 'ट्राई इट' स्टिकर दिखाई देगा, जिससे आपके दोस्तों के लिए पहली बार नए एआई एडिटिंग का इस्तेमाल करना और भी आसान हो जाएगा।"



इस बीच, इंस्टाग्राम अपने क्लोज फ्रेंड्स फीचर को स्टोरीज और नोट्स से आगे फीड पोस्ट और रील्स तक बढ़ा रहा है। अब यूजर्स रील्स और फीड पोस्ट को सभी फॉलोअर्स की बजाय एक छोटे, ज्यादा विश्वसनीय ग्रुप के साथ शेयर करने में सक्षम होंगे। कंपनी ने कहा कि लोग क्लोज फ्रेंड्स का उपयोग उन लोगों से जुड़ने के लिए प्रेशर-फ्री स्पेस के रूप में करते हैं जो सबसे महत्वपूर्ण हैं। डेवलपर्स को उम्मीद है कि रील्स और फीड पोस्ट में क्लोज फ्रेंड्स ऑप्शन का विस्तार करने से यूजर्स के पास इंस्टाग्राम पर आपके सबसे प्रामाणिक होने के और अधिक तरीके होंगे। **- गौतम**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सोने नहीं हल्दी से बनता असली मंगलसूत्र

# हल्दी के बिना हर शुभ काम अधूरा

हल्दी का इतिहास 6 हजार साल से भी ज्यादा पुराना है। इसका जिक्र वेदों में भी है। हरियाणा के रोहतक में सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेष समेटे फरमाणा गांव में भी हल्दी के साढ़े 4 हजार साल पुराने सबूत मिले हैं। नई दिल्ली के पास खुदाई में मिले साढ़े 4 हजार साल पुराने बर्तनों में हल्दी, अदरक और लहसुन के अवशेष पाए गए। इजराइल में 4 हजार साल पुरानी एक व्यापारी की कब्र में हल्दी मिल चुकी है।



असीरियन सम्राट अशबनिपाल की 2700 साल पुरानी लाइब्रेरी की किताबों में भी हल्दी का उल्लेख है। 2700 साल पहले ही अरब व्यापारियों ने सिल्क रूट के जरिए हल्दी का कारोबार भी शुरू किया। हल्दी और इसके गुणों की खोज, इस्तेमाल और दुनियाभर में पहुंचने का सफर बेहद रोचक है। भारत में प्राचीन काल से ही हल्दी का इस्तेमाल कपड़े रंगने के साथ ही मसाले और दवा के तौर पर इस्तेमाल होता रहा है।

हल्दी का इसी दिलचस्प सफर जो देवताओं को भी पसंद है...

**यूरोप में कहलाई- भारतीय केसर, हल्दी में रंगे कपड़े बने स्टेटस सिंबल**

माना जाता है कि 1300 साल पहले यह चीन और 1200 साल पहले पूर्वी अफ्रीका पहुंच गई, लेकिन पश्चिमी अफ्रीका पहुंचने में इसे और 400 साल लग गए। अरब व्यापारियों ने ही हल्दी को यूरोप तक पहुंचाया। 1280 में मार्को पोलो ने हल्दी के बारे में हैरानी जताते हुए लिखा कि भारत में एक ऐसा प्लांट पाया जाता है, जिसके गुण केसर की तरह ही हैं। इसके बाद यूरोप में हल्दी को नया नाम मिला- **इंडियन सैफ्रन यानी भारतीय केसर।**

उस जमाने में हल्दी से रंगे कपड़े लग्जरी लाइफस्टाइल का सिंबल बन गए। वहीं, हल्दी के आध्यात्मिक महत्व की वजह से साधु-संत और बौद्ध भिक्षु भी अपने कपड़े हल्दी में रंगने लगे। कपड़े रंगने वाले रंगरेजों को धागे और कपड़े रंगने के लिए एक और प्राकृतिक रंग मिल गया। केरल में ओणम के त्योहार पर बच्चों को हल्दी से रंगे कपड़े पहनाए जाते थे। मान्यता है कि हल्दी से रंगे कपड़े पहनने से बुखार और बीमारियां दूर रहती हैं।



**बिना हल्दी पूरे नहीं होते शुभ काम, बच्चों को बांधी जाती ताबिज**

हल्दी को उर्वरता और समृद्धि की देवी उमा से जोड़ा जाता है। इसीलिए भारतीय परंपरा में शादियां बिना हल्दी के पूरी नहीं होतीं। इसे शुभ और बुरी आत्माओं को दूर रखने में मददगार माना जाता है। यही वजह है कि बच्चों को बुरी नजर से बचाने के लिए हल्दी की ताबिज बांधी जाती थी।

कोई शुभ काम करने से पहले 'हल्दी छुआने' की परंपरा आज भी जारी है। शायद इसीलिए पुराने जमाने में शादी के लिए निमंत्रण पत्र यानी कार्ड की जगह हल्दी और चावल की गांठ बांटकर मेहमानों को बुलाया जाता था। कार्ड बांटने की परंपरा शुरू हुई तो उसमें भी हल्दी लगाई जाने लगी।

**सोने नहीं, हल्दी से बनता असली मंगलसूत्र-** आज भले ही सोने से तैयार मंगलसूत्र का चलन बढ़ गया हो, लेकिन असली मंगलसूत्र हल्दी से ही तैयार किया जाता है। पहले एक डोरी को हल्दी से रंगा जाता है, फिर उसमें हल्दी की सूखी गांठ बांध दी जाती है। दक्षिण भारत में इसे 'थाली' भी कहते हैं। तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में आज भी शादी के दौरान दुल्हन के गले में यही मंगलसूत्र पहनाया जाता है। कई जगह तो दूल्हा-दुल्हन हल्दी से रंगे कपड़े पहनकर ही फेरे भी लेते हैं।



मराठी, कोंकणी और कन्नड़ ब्राह्मणों की शादी के दौरान 'कंकण बंधनम' के नाम से एक रस्म निभाई जाती है, जिसमें दूल्हा-दुल्हन की कलाई में हल्दी की गांठ बांधी जाती है। कुछ समुदायों में दुल्हे को दुल्हन की कलाई पर बंधी हल्दी की गांठ को एक हाथ से खोलने की परंपरा भी है। इस दौरान दूल्हा दूसरे हाथ का इस्तेमाल नहीं कर सकता। मान्यता है कि दूल्हा जितनी आसानी से हल्दी की गांठ खोल लेता है, उनके संबंध उतने ही मजबूत होते हैं।

**हिंदू-मुस्लिम दोनों मनाते हल्दी की रस्म, कुंवारों को भी लगती हल्दी**

शादी से पहले दूल्हे और दुल्हन, दोनों को हल्दी का लेप लगाया जाता है। हल्दी की यह रस्म हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों में धूमधाम से मनाई जाती है। दूल्हा-दुल्हन को हल्दी लगाते वक्त कुंवारे लड़के-लड़कियों को हल्दी लग जाए तो माना जाता है कि उनकी शादी भी जल्दी हो जाएगी। इसीलिए कई बार जानबूझकर कुंवारे दोस्त, सहेलियों और भाई-बहनों को भी इस रस्म के दौरान हल्दी छुआ दी जाती है। सुनहरे रंग की यह हल्दी सुंदरता बढ़ाती है, बीमारियों से बचाती है और शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों को बाहर निकाल देती है। जिससे नए जोड़े को समृद्धि, सौभाग्य और सुख मिलता है।

❖ मनीष तिवारी

# ऑफिस जाने में लगने वाले समय का महिलाओं की सेहत पर असर

***एक औसत भारतीय अपने दिन का सात हिस्सा ऑफिस जाने में लगा देता है। मतलब अगर वो 100 दिनों तक ऑफिस जाता है तो 7 दिन वो सड़कों पर ही निकालता है।***

एक औसत भारतीय अपने दिन का 7% हिस्सा ऑफिस जाने में लगा देता है। मतलब अगर वो 100 दिनों तक ऑफिस जाता है तो 7 दिन वो सड़कों पर ही निकालता है। इस रिसर्च में ये पता चला कि जो लोग 1 घंटे से ज्यादा समय ऑफिस आने-जाने में लगाते हैं, उन्हें दूसरों के मुकाबले डिप्रेशन का खतरा ज्यादा है। यहां तक कि वो शराब की लत, अनिद्रा और स्ट्रेस के भी शिकार हो सकते हैं। लेकिन ये कोई नई खोज नहीं है। दुनिया भर में इस बारे में हुई कई रिसर्च इसी तरफ इशारा करती हैं कि दफ्तर जाने में जितना ज्यादा समय लगता है हमारी सेहत पर उसका उतना बुरा असर पड़ सकता है। इस बारे में यूएई में हुई एक और रिसर्च में देखा गया कि दफ्तर जाने में जिन लोगों को 60 मिनट से ज्यादा समय लगता है, उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य खराब होने की संभावना दूसरों के मुकाबले 2.24 गुना ज्यादा हो सकती है।



### इसके पीछे ये कारण हो सकते हैं

ज्यादा टाइम ट्रैवल में खर्च होने की वजह से फिजिकल एक्टिविटी के लिए कम समय बचता है।

### सड़कों पर ट्रैफिक का स्ट्रेस

सोने के लिए कम समय, नींद पर भी असर। शराब और नशे के शिकार हो सकते हैं।

विकसित देशों में भी हैं लोग परेशान

अक्सर लोग बेहतर जीवन और रोजगार की तलाश में शहरों में रहने आते हैं। जाहिर सी बात है जीवन में धन बहुत जरूरी है। लेकिन क्या हम पैसों और अपनी खुशी के बीच सही संतुलन बिठा पा रहे हैं। आइए इसे विकसित देशों के उदाहरण से समझते हैं।



करीब पांच दशक पहले की बात है, जब दुनिया भर में जीडीपी को तरक्की का मानक माना जाता था। ये धारणा थी कि जो देश जीतने ज्यादा अमीर हैं, वहां उतनी ही खुशहाली होगी। लेकिन ऐसा हुआ नहीं, कुछ समाजशास्त्रियों ने बताया कि ज्यादा ग्रॉस डेवलपमेंट प्रोडक्ट (जीडीपी) वाले देशों में लोग कम जीडीपी वाले कुछ देशों से ज्यादा असंतुष्ट थे। आज भी कोरिया, जापान और अमेरिका जैसे विकसित देशों में आत्महत्या दर ब्राजील जैसे विकासशील देशों से ज्यादा है। इसी समस्या के समाधान के रूप में नेपाल के राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस का कॉन्सेप्ट दिया और कहा कि ये ग्रॉस डेवलपमेंट प्रोडक्ट से ज्यादा जरूरी है। विकास के साथ-साथ समाज और स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र ने इस बात को गंभीरता से लिया और 2011 में एक रेजोल्यूशन पास करते हुए दुनिया भर के देशों से अपील की कि वो विकास के साथ-साथ लोगों की खुशी को भी तरक्की का एक मानक बनाएं। हम समझ सकते हैं कि जरूरी नहीं कि बड़े शहरों में खुशहाली भी ज्यादा हो। इसलिए अपने स्वास्थ्य और जरूरतों का मुआयना करके अपने जीवन में संतुलन बनाएं।

अतएव आफिस में देरी की समस्या का असर महिलाओं पर पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा पड़ता है।

# माहवारी की अनियमितता को न करें नजरअंदाज

मासिक धर्म में हो रहा है अधिक रक्तस्राव, इसको नजरअंदाज न करें। अगर मासिक धर्म में भारी रक्तस्राव होता है या अधिक समय तक रहता है। इस स्थिति को मेनोरेजिया या हैवी मेंस्ट्रुअल ब्लीडिंग कहा जाता है। भारी मासिक-धर्म रक्तस्राव चिंता का विषय है। इसमें भारी रक्त प्रवाह और ऐंठन से सामान्य गतिविधियां करना कठिन हो जाता है। यदि आप अपने मासिक धर्म से डरती हैं क्योंकि आपको मासिक धर्म में भारी रक्तस्राव होता है, तो अपने डॉक्टर से बात करें। ऐसे कई उपचार हैं जो मदद कर सकते हैं। माहवारी की यह अनियमितता खासकर किशोरियों में देखने को मिलती है, जिनके मासिक धर्म की हाल ही में शुरूआत हुई हो।

यही नहीं, पीरियड्स में पेट के निचले हिस्से में दर्द की समस्या भी आम है, जो वैसे तो सामान्य होता है, पर कुछ स्थितियों में किसी अंदरूनी समस्या का संकेत भी हो सकता है।

**दर्द के कारण को भी समझिए :** पीरियड क्रैम्प्स भी टीनेज लड़कियों में सामान्य समस्या है। आमतौर पर यह मासिक धर्म के शुरूआती 1-2 दिन में ज्यादा होते हैं। मासिक धर्म में ऐंठन प्रोस्टाग्लैंडीन के कारण होती है, शरीर में एक रसायन जो गर्भाशय की मांसपेशियों को सिकोड़ता है। अमूमन पेट के निचले हिस्से में हीटिंग पैड रखना, या दर्द निवारक दवाइयों का सेवन इस समस्या से निजात दिलाने में सहायक सिद्ध होता है। अगर फिर भी दर्द असहनीय बना रहता है, तो गहन जांच या अल्ट्रासाउंड की आवश्यकता पड़ सकती है।



**सुझाव और समाधान :** जीवनशैली में बदलाव लाएं। वजन को नियंत्रण में रखें, तनाव को कम करें, नियमित रूप से व्यायाम करें, स्वस्थ आहार का पालन करें तथा अच्छी नींद की आदतें अपनाएं। सैनिटरी नैपकिन को समय-समय पर बदलते रहेंमासिक धर्म के दौरान शरीर से अशुद्ध रक्त निकलता है जिसे सैनिटरी नैपकिन अवशोषित करता रहता है। इस दौरान शरीर कई प्रकार के संक्रमण के प्रति अति संवेदशील हो जाता है। ऐसे में ज्यादा देर तक एक ही पैड के इस्तेमाल से जननांगों में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इन दिक्कतों से बचे रहने के लिए सैनिटरी नैपकिन को समय-समय पर बदलते रहें। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखते हुए हर 3-4 घंटे पर पैड को जरूर बदलें।

## सूडोकु नवताल- 6918

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6917 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**19 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.24 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मकर | 08.33 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 10.19 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 11.52 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 13.23 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 15.03 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.01 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.14 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.30 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | कन्या | 23.42 बजे से |
| | | तुला | 01.53 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.08 ब.से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 353 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** सप्तमी 13.07 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 00.02 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 18.38 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 13.07 बजे तदनन्तर विष्टि 00.09 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 6.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 24' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871832 **जूलियन दिन** 2460297.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 05 **विशेष** नन्दा सप्तमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7980

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | 28 | | | ■ | 29 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. भीगा हुआ-2
2. गाने वाला-3
4. दिया, चिराग-2
6. केश-2
7. जिससे ताला खुलता है-2
9. सूरमा -3
12. नख-3
14. तेरह गुणा चार-3
16. एक जैसा तल-4
17. दरवाजे की आवाज-2,2
18. कड़ा, तेज-3
20. आँखों के ऊपर की परत-3
22. साधुवाद देना, वाह-वाह-3
24. पुत्र, एक रंग-2
26. तुम का आदर सूचित शब्द-2
27. पत्र-2
28. आश्चर्य-3
29. तट, किनारा-2

**ऊपर से नीचे**

1. छोटा गीत-3
2. मुँह के दोनों ओर का भाग-2
3. जो पका न हो-2
5. हवा, वायु-3
6. बच्चा, बालक-2
8. वीणा, एक वाद्य-2
10. जितेन्द्र व रेखा की एक फिल्म-2,3
11. मूल्य, दर-2
13. मारकाट-5
14. बच्चा-3
15. नाज, अदा-3
19. पंजाब की एक नदी-2
20. जांच-पड़ताल-3
21. हुनर-2
22. बददुआ-2
23. नगर-3
25. बेल, कोमल लम्बा पौधा-2
26. फूलों का प्राकृतिक रस-2

**शब्द पहेली-7979 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | मा | शा | ई | ■ | ह | जा | म | त |
| ल | ता | ■ | मा | ज | रा | ■ | त | ह |
| बा | ■ | ■ | न | ■ | र | न | ■ | री |
| र | ह | न | ■ | न | त | म | स्त | क |
| ■ | ■ | शे | ■ | र | ■ | की | ■ | ■ |
| ना | मु | म | कि | न | ■ | न | मा | ज |
| बा | ■ | न | का | ■ | स | ■ | ■ | रु |
| कि | म | ■ | ब | म | न | ■ | द | र |
| फि | त | र | त | ■ | क | रा | मा | त |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है।

**वृष राशि :** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मिथुन राशि :** व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**कर्क राशि :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**सिंह राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**कन्या राशि :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी।

**तुला राशि :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**धनु राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मकर राशि :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुंभ राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### भारत को पारंपरिक हथियारों की 'उदार' आपूर्ति को लेकर पाक चिंतित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत के स्पष्ट संदर्भ में दक्षिण एशिया में एक देश को पारंपरिक हथियारों की उदार आपूर्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और जोर देकर कहा है कि यह क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ावा दे रहा है और छद्म क्षेत्रीय संतुलन को खतरे में डाल रहा है।
संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के उप स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत मुहम्मद उस्मान इकबाल जादून ने सुरक्षा परिषद को बताया कि संकीर्ण रणनीतिक, राजनीतिक और वाणिज्यिक विचारों के आधार पर दक्षिण एशिया के प्रति दोहरे मानकों की नीति को त्यागना चाहिए। अवैध तस्करी और दुरुपयोग से उत्पन्न खतरे को संबोधित करने' पर एक चर्चा में बोल रहे थे, जिसमें सुरक्षा परिषद में कम से कम 60 देशों ने भाग लिया था।

### चीन के वर्ष 2023 केंद्रीय आर्थिक कार्य सम्मेलन का सार

**बीजिंग।** चीन का वर्ष 2023 केंद्रीय आर्थिक कार्य सम्मेलन 11 से 12 दिसंबर तक पेइचिंग में आयोजित किया गया। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इसमें भाग लिया और महत्वपूर्ण भाषण भी दिया। उन्होंने वर्ष 2023 में आर्थिक कार्यों का व्यापक सारांश दिया, वर्तमान आर्थिक स्थिति का गहराई से विश्लेषण किया और वर्ष 2024 में आर्थिक कार्यों का व्यवस्थित रूप से इंतजाम किया। वर्ष 2023 में चीन के आर्थिक संचालन की विशेषता उच्च विकास दर, स्थिर रोजगार, कम कीमतें और मूल रूप से संतुलित अंतर्राष्ट्रीय भुगतान संतुलन है। मुख्य अपेक्षित लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त होने की उम्मीद है। पहला, आर्थिक शक्ति नये स्तर पर पहुंच गयी है।

### लाइटहाउस फैक्टरी की नई सूची जारी

**बीजिंग।** विश्व आर्थिक मंच ने हाल में लाइटहाउस फैक्टरी की नई सूची जारी की। इसमें शामिल 21 कारखानों में 11 चीन में स्थित हैं, जिनमें फोटोवोल्टिक्स, ऑटोमोबाइल और नवीन ऊर्जा जैसी उच्च तकनीक कंपनियां शामिल हैं। लाइटहाउस फैक्ट्री को दुनिया के सबसे उन्नत कारखाने के रूप में जाना जाता है, जो औद्योगिक क्षेत्र में शीर्ष बुद्धिमान विनिर्माण क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है। अब दुनिया के 153 लाइटहाउस कारखानों में 62 चीन के हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। लाइटहाउस फैक्ट्री डिजिटलीकरण, नेटवर्किंग और बुद्धिमत्ता के माध्यम से और आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता बड़े मॉडल प्रौद्योगिकी के प्रयोग से उत्पादन प्रक्रिया के व्यापक स्वचालन और सटीकता को साकार करती है।

## ज्ञानवापी केस | एएसआई ने बंद लिफाफे में पेश की सर्वे की रिपोर्ट

### इससे पहले ही मुस्लिम पक्ष ने इसे लेकर कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था

#### बगैर हलफनामे किसी को भी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की इजाजत न दी जाए

**एजेंसी। वाराणसी**

ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में हुए सर्वे की रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने सोमवार को जिला जज की अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की। इससे पहले ही मुस्लिम पक्ष ने इसे लेकर कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने 18 दिसंबर को सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया था। रिपोर्ट पेश करने से पहले मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में आवेदन देकर मांग की थी कि वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में हुए सर्वे की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में एएसआई पेश करे। बगैर हलफनामे के किसी को भी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की इजाजत न दी जाए। रिपोर्ट सब्मिट करने के लिए सुरक्षा के बीच 5 सदस्यीय टीम जिला जज कोर्ट पहुंची। एएसआई ने मेडिकल कारणों से 7 दिन का समय मांगा था, जिसके बाद जिला जज ने एएसआई को रिपोर्ट सबमिट करने के लिए 18 दिसंबर की तारीख तय की थी।



सोमवार को वादी-प्रतिवादी और दोनों पक्षों के सभी वकील मौजूद रहे। एएसआई की टीम सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए 5 बार समय ले चुकी थी। एएसआई सर्वेक्षण की मांग को लेकर 16 मई को याचिका दायर की गई थी। इसे दायर करने वाली चार महिलाओं की अगुआई वकील विष्णु शंकर जैन ने की थी। हिंदू पक्ष के वकील ने वहां हिंदू मंदिर के प्रतीक चिह्न मिलने का दावा किया था। इसके बाद वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट ने 21 जुलाई 2023 को ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने को छोड़कर बाकी सभी हिस्से और तहखानों के सर्वे का आदेश दिया था। ज्ञात हो कि बीते 11 दिसंबर को एएसआई की ओर से कहा गया था कि सुपरिटेंडिंग आर्कियोलॉजिस्ट अविनाश मोहंती का ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ने और तबीयत खराब होने की वजह से वह अदालत में पेश होकर रिपोर्ट दाखिल कर पाने में असमर्थ हैं। इसलिए रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय और दिया जाए। इस पर जिला जज की अदालत ने एक हफ्ते की मोहलत और देते हुए रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 18 दिसंबर की तिथि नियत की थी। ज्ञानवापी परिसर में वैज्ञानिक विधि से जांच-सर्वे करने के लिए पुरातत्वविद्, रसायनशास्त्री, भाषा विशेषज्ञों, सर्वेयर, फोटोग्राफर समेत तकनीकी विशेषज्ञों की टीम लगी रही। परिसर की बाहरी दीवारों (खासतौर पर पश्चिमी दीवार), शीर्ष, मीनार, तहखानों में परंपरागत तरीके से और जीपीएस, जीपीआर समेत अन्य अत्याधुनिक मशीनों के जरिए साक्ष्यों की जांच की गई। चार अगस्त से दो नंवबर तक चले सर्वे के दौरान एएसआइ की टीम का नेतृत्व अपर महानिदेशक आलोक त्रिपाठी ने किया।

### शिवराज की दिल्ली में नड्डा से होगी मुलाकात

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पहली बार दिल्ली जा रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूर्व मुख्यमंत्री को दिल्ली बुलाया है। नतीजे आने के बाद चौहान ने कहा था कि मैं दिल्ली नहीं जाऊंगा। दरअसल, राज्य की 16वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान भी सत्र में पहुंचे, वे बुधनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए हैं। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए बताया कि वे आज दिल्ली जा रहे हैं और उनकी राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात होगी। वहीं, बीते रोज राज्य के तमाम नेताओं के दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इस मामले में किसी तरह की जानकारी होने से इनकार कर दिया।

## दो करोड़ बहनों को लखपति बनाना मेरा संकल्प : पीएम

### मोदी ने शादी-विवाह में बर्बाद होने वाले भोजन पर चिंता व्यक्त की

**एजेंसी। वाराणसी**

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय काशी यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा (ग्रामीण क्षेत्र)' में शामिल हुए। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सामने मंच से उन्हें मिले सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में अपने अनुभवों को साझा किया। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि उनका संकल्प है कि देश की दो करोड़ ग्रामीण माताओं और बहनों को स्वावलंबी बनाते हुए उन्हें लखपति बनाना है। प्रधानमंत्री ने शादी विवाह में बर्बाद होने वाले भोजन पर चिंता व्यक्त करते हुए सेल्फ हेल्प समूह की महिलाओं को खाना परोसने की ट्रेनिंग लेकर इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान लखपति महिला चंदा देवी और मनीषा देवी को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने निपुण दक्षता हासिल करने वाले छात्र सिद्धार्थ और छात्रा आस्था को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंतिमा को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इससे पहले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने सांसद खेल कूद प्रतियोगिता के अंतर्गत चल रहे विभिन्न खेल आयोजनों को भी देखा। साथ ही संकल्प यात्रा में शामिल हुए लोगों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शपथ भी दिलाई। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था। वाराणसी में 22 नवंबर को इसका शुभारंभ किया गया। ये यात्रा वाराणसी के 694 ग्राम पंचायत और नगर क्षेत्र के 110 वार्डों को कवर करेगी। नगर में एक वैन और ग्राम पंचायतों के लिए 8 वैन के माध्यम से शुरू की गई ये यात्रा 26 जनवरी 2024 तक अवनरत चलती रहेगी। इसके जरिये नगरीय क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में भारत सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। वैन के माध्यम से किसानों को दक्ष बनाने के लिए ड्रोन तकनीक की जानकारी दी जा रही है। गांव-गांव में इस यात्रा से पहले सर्वेक्षण का काम भी किया जा रहा है। पंचायत सहायकों द्वारा इसके लिए डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। इस पूरे काम के लिए सघन पर्यवेक्षण के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।



लाभार्थियों ने योजनाओं के लाभ के बारे में अपने अनुभवों को साझा किया

### पीएम मोदी व शाह के मीडिया इंटरव्यू पर किया तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 13 दिसंबर को संसद सुरक्षा उल्लंघन पर मीडिया साक्षात्कार देने, लेकिन संसद में कोई बयान नहीं देने के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तंज किया। एक्स पर एक पोस्ट में, जो कांग्रेस महासचिव (संचार) प्रधानमंत्री 13 दिसंबर को संसद के गंभीर सुरक्षा उल्लंघन पर एक प्रमुख अखबार से बात करते हैं। गृह मंत्री टीवी चैनल से बात करते हैं। लेकिन संसद में बोलने को तैयार नहीं हैं। इंडिया गठबंधन की पार्टियां मामले में दोनों सदनों में गृह मंत्री से एक बयान की मांग कर रही हैं। यह एक सरल, सीधी और वैध मांग है। लेकिन गृह मंत्री एक बयान देने से इनकार करते हैं, जो उनका कर्तव्य और जिम्मेदारी है।

## दाउद को हीरो की तरह पेश कर रहा था बॉलीवुड

**एजेंसी। मुंबई**

भारत का मोस्ट वॉन्टेड आतंकी दाऊद इब्राहिम मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार धमाकों का गुनहगार है। अंडरवर्ल्ड से जुड़ी कई फिल्में बनीं हैं, जिनके किरदार दाऊद या अंडरवर्ल्ड से जुड़े लोगों के आसपास नजर आते हैं। वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई, मिलन लथूरिया की फिल्म 'वंस अपॉन अ टाइम इन मुंबई' अंडरवर्ल्ड की दुनिया को बेहद करीब से दिखाती है। हाजी मस्तान के जीवन पर आधारित इस फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। ऐसा कहा जाता है कि एक अभिनेत्री और हाजी मस्तान के बीच प्रेम संबंध थे, जिसे दिखाने के लिए फिल्म में कंगना रणौत ने भी किरदार निभाया था। इस फिल्म ने अंडरवर्ल्ड की काली दुनिया पर राज करने वाले डॉन की अच्छाई और उसूलों को दर्शाया। यह फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में इमरान हाशमी का किरदार दाऊद इब्राहिम की कहानी पर आधारित है। शूटआउट एट वडाला साल 2013 में बनी फिल्म 'शूटआउट एट वडाला' भी अंडरवर्ल्ड पर ही आधारित थी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम, सोनू सूद और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी।



## आईसीएमआर डेटा लीक मामले में 4 गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) से डेटा लीक मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारियां केंद्रीय जांच एजेंसियों की जांच के बाद हुई हैं, जिसमें खुलासा हुआ है कि 81 करोड़ से अधिक भारतीयों के व्यक्तिगत विवरण आईसीएमआर के डेटा बैंक से चुराकर डार्क वेब पर बिक्री के लिए पेश किया गया। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों को तीन अलग-अलग राज्यों में बड़े पैमाने पर तलाश के बाद हिरासत में लिया गया। आरोपी, जो कथित तौर पर एक गेमिंग प्लेटफॉर्म पर मिले थे, ने त्वरित वित्तीय लाभ के लिए डेटा को हैक करने और बिक्री पर पूंजी लगाने की साजिश रची। इस साल की शुरूआत में, महत्वपूर्ण डेटा उल्लंघन के संबंध में रिपोर्ट सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस के साइबर सेल ने संज्ञान लिया। इस साल अक्टूबर में, बड़े पैमाने पर डेटा उल्लंघन में, आईसीएमआर के पास मौजूद 81.5 करोड़ से अधिक नागरिकों का डेटा डार्क वेब पर बिक्री के लिए उपलब्ध था, जिसमें नाम, फोन नंबर और पते के साथ आधार और पासपोर्ट विवरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल थी।



## हंगामे के बीच लोकसभा से 'डाकघर बिल-2023' पारित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्षी सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच 'डाकघर बिल-2023' पारित हो गया है।
बिल पारित होने के बाद सदन की कार्यवाही को 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर हंगामे के बीच 'डाकघर बिल-2023' पर चर्चा भी हुई, जिसमें भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) और बसपा के सांसदों ने हिस्सा लिया और हंगामे के बीच ही सदन में अपना-अपना भाषण दिया। केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान ने लोकसभा में 'डाकघर बिल-2023' पर हुई चर्चा का जवाब भी सदन में दिया। इसके बाद पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने विपक्षी दलों द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक पर भी चर्चा में शामिल नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए सदन की कार्यवाही को 2:45 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### महिला आरक्षण याचिका पर विचार से इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू करने का आग्रह किया गया था ताकि 2024 के लोकसभा चुनावों में भी उसका फायदा मिल सके।

### राज्यसभा में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** दो बार स्थगित होने के बावजूद राज्यसभा में सोमवार को जबरदस्त हंगामा हुआ। दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विपक्ष ने सुरक्षा को लेकर चर्चा की मांग और नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे के बीच ही जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक 2023 और संघ राज्यक्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023 पारित किया गया।

### राजस्थान में विपक्ष के नेता की होगी घोषणा

**जयपुर।** पार्टी सूत्रों ने कहा कि छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में विपक्ष के नेता (एलओपी) की घोषणा के बाद, कांग्रेस इस सप्ताह राजस्थान में एलओपी की घोषणा करेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के पांच वरिष्ठ नेता इस पद की दौड़ में हैं। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में पांच में से तीन राज्यों में हार का सामना करने के बाद, पार्टी संगठन में कुछ चरणबद्ध बदलाव होंगे। पार्टी नेताओं ने कहा, पहले चरण में नेता प्रतिपक्ष के पद पर नियुक्ति की जाएगी और इस सप्ताह नाम की घोषणा होने की संभावना है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस आलाकमान के स्तर पर विपक्ष के नेता के नाम पर चर्चा की गई है।" लेकिन अभी तक नियुक्ति आदेश जारी नहीं हुए हैं। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विपक्ष के नेताओं की नियुक्ति पहले ही हो चुकी है, इसलिए राजस्थान में भी जल्द ही नियुक्ति की संभावना है।

फिल्म जगत

## शाहरुख के खास दोस्त ने 'डंकी' को लेकर की भविष्यवाणी

**दुबई।** बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान व निर्देशक राजकुमार हिरानी अपकमिंग फिल्म 'डंकी' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस साल की शुरूआत में 'जवान' और 'पठान' की शानदार सफलता के बाद, 'डंकी' ने फैंस और क्रिटिक्स के बीच एक्साइटमेंट पैदा कर दी है। यह फिल्म 21 दिसंबर को दुनिया भर में रिलीज होगी।



शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी 'डंकी' के जरिए पहली बार साथ में काम कर रहे है। दमदार कास्टिंग, रोलर-कोस्टर राइड और कॉमिक से भरपूर इमोशन्स का वादा करने वाली स्क्रिप्ट के साथ 'डंकी' 2023 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विजनरी बिजनेसमैन और खान के करीबी दोस्त भरत मेहरा की भविष्यवाणी ने उत्साह बढ़ा दिया है। अपनी सटीक भविष्यवाणियों के लिए जाने जाने वाले मेहरा ने पूरे दावे के साथ कहा कि 'डंकी' ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी। उनका ट्रैक रिकॉर्ड जबरदस्त है, उन्होंने खान के पिछले प्रोजेक्ट्स 'पठान' और 'जवान' की सफलता की सटीक भविष्यवाणी की थी, जो न केवल उनके 700 करोड़ रुपये और 1,000 करोड़ रुपये के अनुमान को पार कर गया, 1,050 करोड़ रुपये और 1,200 करोड़ रुपये को पार करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया। मेहरा ने कहा, ये सफलताएं न केवल खान के स्थायी करिश्मे को प्रमाणित करती हैं, बल्कि दर्शकों की अटूट नब्ज को भी दशार्ती हैं। 'डंकी' इस असाधारण यात्रा को जारी रखने के लिए तैयार है। मेहरा की भविष्यवाणी के बारे में पूछे जाने पर खान ने कहा, मैं बहुत पॉजिटिव इंसान हूं।

बेधड़क | लोग भी मुझे पसंद करते हैं, मैं किसी भी धमकी से नहीं झुकूंगा

## केरल के राज्यपाल 'स्वीट स्ट्रीट' से गुजरे

### एसएफआई ने कहा था, राज्यपाल को सड़क पर कदम नहीं रखने देंगे

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

अपने इरादे स्पष्ट करते हुए कि वह सीपीआई-एम की छात्र शाखा एसएफआई की धमकियों से डर नहीं सकते, केरल के राज्यपाल सोमवार को कोझिकोड के प्रसिद्ध और भीड़-भाड़ वाले 'स्वीट स्ट्रीट' पहुंचे। उन्होंने राज्य पुलिस प्रमुख को पत्र लिखकर कालीकट विश्वविद्यालय परिसर छोड़ दिया कि उन्हें किसी सुरक्षा कवर की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा,मुझे केरल के लोग बहुत पसंद हैं और मैं जानता हूं कि लोग भी मुझे पसंद करते हैं। मैं किसी भी धमकी के आगे नहीं झुकूंगा," और स्वीट स्ट्रीट चले गए। इससे पहले एसएफआई ने कहा था कि वे उन्हें राज्य की सड़कों पर कदम नहीं रखने देंगे। स्वीट स्ट्रीट के रास्ते में वह स्कूली बच्चों को देखकर रुके और एक छात्र को चूमते हुए उनसे बात की। लोगों और स्कूली बच्चों को उनकी ओर दौड़ते देखा गया और उन्होंने उनका अभिवादन किया। वह व्यस्त स्वीट स्ट्रीट पर रुके और यहां भी लोगों ने उनका स्वागत किया। वह कुछ मिठाई की दुकानों में भी गए और दुकानदारों द्वारा पेश किए गए प्रसिद्ध 'कालीकट हलवा' का स्वाद चखा। 'स्वीट स्ट्रीट' में 40 मिनट से अधिक समय बिताने के बाद उन्होंने इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों से कहा, मैं लोगों द्वारा मेरे प्रति दिखाए गए प्यार और कृतज्ञता से बहुत अभिभूत हूं। मुझे नहीं पता कि मैं इसके लिए अपना आभार कैसे व्यक्त करूं। वह कालीकट यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस में ठहरे हैं। रविवार को एसएफआई ने कथित तौर पर राज्यपाल के खिलाफ बैनर लगाया था। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से बैनर हटाने को कहा और कहा कि अगर मुख्यमंत्री परिसर में रहते, तो पुलिस अलग तरीके से कार्रवाई करती। राज्यपाल ने कहा, केरल पुलिस देश की सबसे अच्छी फोर्स है लेकिन उसे अपना काम करने की इजाजत नहीं है। सीपीआई-एम नेता ए.के. बालन ने कहा कि राज्यपाल के साथ अजीब चीजें हो रही हैं। बालन ने कहा,हमें गंभीरता से लगता है कि राज्यपाल के साथ कुछ समस्या है। उसने जो किया वह ठीक नहीं था. उन्हें सुरक्षा ब्रीफिंग दी जानी चाहिए.' अगर कुछ हो जाता तो कौन जिम्मेदार होता।



केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने इस विधेयक को पारित किए जाने का प्रस्ताव रखा। इससे पहले भाजपा सांसदों ने हंगामे के बीच अपनी बात रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर में आदिवासी, एससी-एसटी महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की है। तेज हंगामे और नारेबाजी के बीच राज्यसभा के सभापति ने पेश किए गए बिल पर सांसदों से उनका मत मांगा। ध्वनि मत से राज्यसभा में सोमवार को बिल पारित कर दिया गया।
गौरतलब है कि इससे पहले लोकसभा विधेयक पारित कर चुकी है। लोकसभा में दो व्यक्तियों के जबरन घुसने के मुद्दे पर सभापति ने राज्यसभा में बताया कि यह सामूहिक चिंता का विषय है। एक उच्च स्तरीय कमेटी मामले की जांच कर रही है। इस प्रकार की व्यवस्थाएं की जा रही है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो। हालांकि, विपक्षी सांसद सभापति के बयान से संतुष्ट नहीं हुए और गृह मंत्री के बयान की मांग करते रहे। विपक्ष लगातार 'गृहमंत्री सदन में आओ, सदन में आओ', 'गृहमंत्री जवाब दो, जवाब दो' के नारे लगता रहा। विपक्ष द्वारा किए जा रहे हंगामे से नाराज सभापति ने सदन में इस प्रकार के व्यवहार को निंदनीय करार दिया।
हंगामा जारी रहने पर सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही उन्होंने हंगामे पर विराम लगाने के लिए नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मुलाकात और चर्चा के लिए अपने चेंबर में आमंत्रित किया।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) चेतन शर्मा ने केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए अदालत को सूचित किया कि विधेयक एक अधिनियम बन गया है। यह जनगणना के बाद की एक कवायद है। इसे अधिनियम के अंतर्गत शामिल किया गया है। इस पर संसद में बहस हो चुकी है...यह याचिका महज प्रचार के लिए दायर की गई है।"याचिकाकर्ता ने अधिनियम या विधेयक की वैधता को चुनौती न देते हुए महिला आरक्षण को समयबद्ध तरीके से लागू करने की मांग की।"मैं अधिनियम या विधेयक को चुनौती नहीं दे रहा हूं... भारत के इतिहास में पहली बार संसद ने सर्वसम्मति से विधेयक पारित किया है। 75 साल से प्रतिनिधित्व नहीं मिला. वे आएं और कहें कि हम इसे समयबद्ध तरीके से कर सकते हैं। मैं किसी भी चीज को चुनौती नहीं दे रहा हूं। मैं सिर्फ यह कोशिश कर रहा हूं कि इसे समयबद्ध तरीके से किया जा सके। अन्यथा ऐसा होने वाला नहीं है। अदालत ने महिला आरक्षण से पहले परिसीमन की संसदीय शर्त पर गौर किया और प्रावधान की वैधता को चुनौती देने का सुझाव दिया। इसने सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे मामले और याचिकाकर्ता को या तो इसे रद्द करने या ठोस आधार पेश करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जनहित याचिका वापस लेने के साथ, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने याचिकाकर्ता, वकील योगमाया एम.जी. को सुप्रीम कोर्ट जाने की स्वतंत्रता दी, जहां इसी तरह की याचिका पहले से ही लंबित है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने पिछले सप्ताह इसी मामले पर विचार करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि प्रार्थनाएं एक जनहित याचिका के समान हैं और याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने और एक नई जनहित याचिका दायर करने का सुझाव दिया था।

## एक नजर

### जेवीएम के प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 494 छात्र सम्मानित



रांची। जवाहर विद्या मंदिर श्यामली में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 494 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के दयानंद प्रेक्षागृह में माध्यमिक विभाग की ओर से पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण एवं रक्षा) प्रिया दूबे, प्राचार्य समरजीत जाना, उप प्राचार्य बीएन झा, संजय कुमार, अनुपमा श्रीवास्तव, शीलेश्वर झा और मीनूदास गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

### शैक्षिक व सांस्कृतिक मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित



रांची। मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के अंतर्गत हिंदपीड़ी स्थित सिटी पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैसे छात्र-छात्राओं को पुरष्कृत किया गया, जिन्होंने 11 नवंबर को कडरू स्थित माही द्वारा हज हाउस में शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक मसूद कच्छी को मेले से संबंधित मेमोरी फोटो एवं स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड से नवाजा गया।

### कांग्रेस ने मनाया विश्व अल्पसंख्यक दिवस



**रांची।** महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान की अध्यक्षता में विश्व अल्पसंख्यक दिवस मनाया गया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय आयोजित कार्यक्रम में रांची महानगर अल्पसंख्यक विभाग के सभी पदाधिकारी, जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी के सामाजिक कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग के मंजूर अंसारी ने सभी को सम्मानित किया।

### आरक्षण देने की मांग को लेकर जेपीएससी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**रांची।** परीक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर अभ्यार्थियों ने स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले जेपीएससी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। मौके पर अभ्यर्थियों ने कहा कि जेपीएससी नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी मिल गया है। छात्रों का आरोप है कि जेपीएससी पीटी परीक्षा में आरक्षित वर्ग में दावा करने वाले छात्रों को अनारक्षित वर्ग में मौका नहीं दिये जाने की सूचना है।

### तापमान में अगले दो दिनों में 2 से 3 डिग्री तक होगी गिरावट

# उत्तर दिशा से आने वाली सर्द हवा और बढ़ायेगी कनकनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है, इससे मौसम में कनकनी बढ़ गयी है। सुबह और शाम के बाद कपकपाती ठंड से लोगों का हाल बेहाल है। ठंड से बचने के लिए लोगों को कई गर्म कपड़े एक साथ पहनने पड़ रहे है। दिनभर चलने वाली हल्की हवा ने ठंड का अहसास ज्यादा करा दिया है। हालांकि दोपहर में धूप रहने से थोड़ी राहत मिल रही है। इसके बावजूद हवा में नमी रहने के कारण गर्म कपड़ों में भी ठंड का अहसास हो रहा है। दोपहर बाद कनकनी बढ़ने से लोगों को परेशानी हो रही है। मौसम में बदलाव का क्रम जारी है, रांची और आसपास न्यूनतम तापमान में गिरावट आयी है। कांके का न्यूनतम पारा 3.8 डिग्री हो गया है। वहीं रांची में न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री पहुंच गया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक मंगलवार से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादल छाएंगे, इससे न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। राज्य में अगले 24 घंटे में दक्षिणी-पूर्वी हवा चलने की उम्मीद है। इसी हवा की वजह से बादल छाएंगे और न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। सुबह और रात की कनकनी से राहत मिल सकती है।

**सुबह छाएगा कोहरा या धुंध**

रांची के मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में आगामी दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। लेकिन इसके बाद मौसम के तापमान में अगले दो दिनों के अंदर 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है। 21 दिसंबर से 23 दिसंबर को सुबह में कोहरा या धुंध छाए रहने की संभावना है। वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर दिशा से आने वाली सर्द हवा का प्रभाव बढ़ सकता है।

**रांची का अधिकतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट :** मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक ठंड के इस सीजन में रांची के तापमान में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। रांची में सीजन की सबसे ठंड लोगों को महसूस हो रही है। रांची का न्यूनतम तापमान भी 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है।

मौसम पूवार्नुमान के मुताबिक रांची समेत झारखंड में अगले 24 घंटे तक ठंड व कनकनी कायम रहेगी, लेकिन इसके बाद मौसम में बदलाव के संकेत हैं।

**21 से 23 दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध छाए रहने की संभावना**

**राज्य में अगले 24 घंटे में दक्षिणी-पूर्वी हवा चलने की उम्मीद है। हवा की वजह से बादल छाएंगे**

### दस सूत्री मागें पूरी नहीं होने तक राशन का न करेंगे उठाव न वितरण

# एक जनवरी से राज्य के 26 हजार पीडीएस डीलर्स जायेंगे हड़ताल पर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पीडीएस डीलर्स कमीशन बढ़ाने और बकाये का भुगतान करने की मांग लंबे समय से सरकार से कर रहे है। लेकिन सरकार की ओर से मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से राज्य भर के पीडीएस डीलर्स नाराज है। आगे की रणनीति तैयार करने और आंदोलन तेज करने पर विचार विमर्श के लिए सोमवार को फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि अपने मांगों को लेकर राज्य भर के 26 हजार पीडीएस डीलर्स नये साल में एक जनवरी से हड़ताल पर चले जायेंगे। फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की ओर से इसकी घोषणा कर दिया गया है। निर्णय लिया गया कि 10 सूत्री मांगें पूरी होने तक एसोसिएशन के बैनर तल्ले डीलर्स आंदोलन करेंगे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने बताया कि 24 जिलों में पीडीएस सेंटर्रस इस दौरान बंद रहेंगे। सरकार के बार बार के आश्वासन के बाद अब पीडीएस डीलर्स अपने को छला हुआ महसूस कर रहे है। एसोसिएशन की मुख्य रूप यह दस मांगे है। पिछले दो साल से राज्य के 26 हजार पीडीएस डीलर्स मांगें पूरा करने की गुहार लगा रहे है। झा ने बताया कि सभी जिला के डीलर्स आंदोलन को समर्थन दे रहे है। ज्ञानदेव झा ने बताया कि हमारी 10 सूत्री मांगों में अनुकंपा पर बहाली व्यवस्था फिर से शुरू करने, 2021 में कोविड के दौरान बांटे गये राशन का कमिशन देने, कुल 13 महीने का कमिशन देने, पंद्रह साल से एक रूपया कमीशन बढ़ाकर तीन रुपये करने, कमिशन प्रति किलो खाद्यान पर देने, ई पॉश मशीन में टू जी सिम को बदल कर फॉर जी सिम लगाने, नेटवर्क ठीक करने और गुजरात सरकार की तर्ज पर 30 हजार रुपए प्रति महीने मानदेय की मांग की गयी है। ज्ञानदेव झा ने बताया कि इन मामलों में खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव और सचिव से आठ महीने पहले वार्ता हुई थी। लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला।

### भवन निर्माण मजदूरों ने किया विरोध प्रदर्शन

**रांची।** भवन निर्माण मजदूर यूनियन की ओर से डोरंडा स्थित श्रीकृष्ण पार्क से श्रमायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च किया गया। जिसके बाद श्रमायुक्त कार्यालय के समक्ष 14 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। भवन निर्माण मजदूरों के आंदोलन को सीटू की ओर से संचालित किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष भवन सिंह ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान श्रमायुक्त को 14 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी देते हुए श्री सिंह ने कहा कि भवन निर्माण के मजदूरों को नये-नये आदेश निर्गत किये जा रहे हैं। मजदूरों को लाभ देने में तथा नया कार्ड बनाने में अनावश्यक देरी की जा रही है। इन्हें पेंशन देने में भी श्रम विभाग की ओर से लापरवाही बरती जा रही है। साल 2022 और 2023 में भी लाभुकों को लाभ का भुगतान नहीं किया गया है। श्रमिक मित्रों को सामाजिक सुरक्षा और इंसेंटिव का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इंसेंटिव में बढ़ोतरी भी नहीं की जा रही है। श्री सिंह ने बताया कि इन मांगों के लिए आने वाले समय में आंदोलन और तेज किया जायेगा।

### बुद्धिजीवियों ने किया रांची विवि के टीआरएल संकाय का दौरा, कहा

# झारखंड-गोवा के वातावरण व संस्कृति में है काफी समानता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गोवा विश्वविद्यालय के शिक्षकों, वरिष्ठ पत्रकारों, कोंकणी लेखकों और साहित्यकारों की टीम ने डॉ राम मनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन, दिल्ली के अभिषेक रंजन सिंह की अगुवाई में रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय का भ्रमण किया। संकाय के नौ भाषाओं के शिक्षकों के साथ गोवा एवं झारखंड की भाषा व संस्कृति की जानकारी प्राप्त किया। बातचीत के क्रम में गोवा के लोगों ने बताया कि झारखंड की संस्कृति और गोवा की संस्कृति में काफी समानता है। जिस तरह झारखंड में पड़हा संस्कृति है, ठीक उसी तरह गोवा में भी पड़हा संस्कृति है। पेड़-पौधे, वातावरण काफी कुछ मिलता जुलता है। उन्होंने बताया कि झारखंड की मुंडा जनजातियों की भाषा और गोवा की कोंकणी भाषा के शब्दों में भी काफी समानताएं हैं। उनका मानना है कि कोंकणी भाषा का निर्माण मुंडारी समुदाय के द्वारा ही किया गया होगा। गोवा से आये हुए प्रतिनिधियों ने झारखंड और गोवा की भाषा व संस्कृति पर शोध कार्य करने पर जोर दिया। इस बात पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के कोर्डिनेटर डॉ हरि उरॉव ने कहा कि गोवा और झारखंड की भाषा संस्कृति को और करीब से जानने व समझने के लिए सबकी सहमति से जल्द ही रांची विश्वविद्यालय और गोवा विश्वविद्यालय के द्वारा एमएयू किया जायेगा।

### आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने विनोद बिहारी महतो को दी श्रद्धांजलि

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने अलग राज्य आंदोलन के अमर पुरोधा विनोद बिहारी महतो की 33 वीं पुण्यतिथि मनाई। मोर्चा के नेताओं ने उनके चित्र में पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मेदिनीनगर
जेलहाता, रेलवे क्रोसिंग के नजदीक, डालटनगंज, जिला-पलामू-822101
Ph. No. 06562- 231237, E-mail Id- eenhmedini-jhr@nic.in, eenhmedini@gmail.com

निविदा से संबंधित शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक 13.12.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से E-tender Reference No.-NH/MEDININAGAR/ PBMC/03/2023-24 प्रकाशित की गई है जिसका PR No.:- PR 313579 Road(23-24)D है, जिसके समय (Time) में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :-

| विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|
| Period of Sale of Bid Document | From 19.12.2023 15:30 HRS to 18.01.2024 upto 17:00 HRS | From 19.12.2023 15:00 HRS to 18.01.2024 upto 15:00 HRS |
| Bid Due Date | Date 18.01.2024 upto 17:00 HRS | Date 18.01.2024 upto 15:00 HRS |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR 313703 (Road) 23-24 (D)


# बाबूलाल मरांडी से मिले चाइल्डलाइन के पूर्व कर्मी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चाइल्डलाइन बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता के लिए एक आपातकालीन सेवा है जो कोविड-19 जैसे महामारी के समय भी बच्चों की सुरक्षा के लिए अपना कीमती योगदान देती आई है। 31 अगस्त 2023 के बाद झारखंड के हर जिले में चाइल्डलाइन के तीन कर्मियों से कम लिया जा रहा है लेकिन विभाग से केवल 2 महीने ( सितंबर और अक्टूबर) का ही पत्र प्राप्त हुआ था। अब दिसंबर महीना भी समाप्त होने को है परंतु अब तक विभाग से किसी तरह का कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है फिर भी झारखंड के हर जिले में तीन कर्मी अपना सेवा प्रदान कर ही रहे हैं। झारखंड चाइल्डलाइन के कर्मियों के द्वारा विभाग में चाइल्डलाइन कर्मियों की नियुक्ति से संबंधित पत्र विभाग में कई बार दिया जा चुका है और साथ ही महिला एवं बाल विकास मंत्री जोबा मांझी एवं सरकार के उप सचिव विकास कुमार से भी मुलाकात कर ज्ञापन दिया गया था जिसमें उनके तरफ से चाइल्डलाइन के पूर्व कर्मी को केवल आश्वासन ही मिला है, और अब तक कुछ नही किया गया है, ना ही कुछ सुचना प्राप्त कराया गया है, साथ ही ज्ञात हुआ है कि झारखंड सरकार चाइल्डलाइन को निजी कंपनी के हाथों में दे चुकी है, और साथ ही विभाग द्वारा चाइल्डलाइन में नए कर्मियों की नियुक्ति भी की जा रही है।

इसी संदर्भ में चाइल्डलाइन के सभी कर्मियों को उनके कार्य अनुभव को प्राथमिकता देते हुए नियुक्ति दिया जाए जिसके लिए झारखंड चाइल्ड लाइन के सभी जिला के लीडर अपनी समस्या को लेकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी से मुलाकात कर अपनी समस्या को उनके समक्ष रखकर मांग पत्र दिया। बाबूलाल मरांडी ने आश्वासन दिया कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए वह इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द करेंगे एवं सभी पूर्व चाइल्डलाइन कर्मियों को नियुक्ति दिलाने का आश्वासन दिया।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना

(अपहृत लड़का उपेन्द्र यादव, उम्र-21 वर्ष)



कांडी थाना कांड सं0-101/2023, दिनांक-12.12.2023, धारा-363, भा0द0वि0 में अपहृत उपेन्द्र यादव, उम्र-21 वर्ष, पिता-अमेरिका यादव, ग्राम-चटनियॉ, थाना-कांडी, जिला-गढ़वा, राज्य-झारखण्ड, के रहने वाले है। उक्त अपहृत लड़का के पिता के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मेरा पुत्र उपेन्द्र यादव दिनांक-02.12.2023 की रात्रि शौच हेतु बोलकर घर से निकला परन्तु घर वापस नहीं आया है। उक्त अपहृत लड़का का खोजबीन किया जा रहा है परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि अपहृत लड़का उपेन्द्र यादव के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0-9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0- 9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

हुलियाः-
रंग- गोरा, ऑख-बड़ा एवं काला, बाल-काला बढ़ा हुआ,
लम्बाई-05 फीट 05 इंच, विशेष पहचान चिन्ह- गले पर तिल, बोली-देहाती हिन्दी, भोजपुरी मगही।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 313701 Police(23-24)#D


### जेपीएससी के अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधिमंडल

# पंचपरगनिया व कुरमाली व्याख्याताओं की नियुक्ति की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंचपरगनिया भाषा-साहित्य एवं कला परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा से मुलाकात किया। सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने पंचपरगनिया एवं कुरमाली विषय की व्याख्याता नियुक्ति सह साक्षात्कार जल्द कराने को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक ने जानना चाहा कि अन्य जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा में नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण हो गयी। किंतु पंचपरगनिया विषय का अभी तक क्यों नहीं हुआ। जबकि साक्षात्कार दिन तय करने के बाद उसे अचानक रद्द किया गया। जेपीएससी के अध्यक्ष डॉ.मेरी नीलिमा केरकेट्टा ने बताई कि पंचपरगनिया भाषा का अभी तक एक भी भाषायी विशेषज्ञ का नाम नहीं आया। इस संबंध में विश्वविद्यालय से भी नाम मांगा गया। परंतु विश्वविद्यालय भी अक्षम रहा। राजभवन को भी तीन-तीन बार भाषायी विशेषज्ञ का सूची उपलब्ध कराने को लेकर पत्राचार किया गया। अभी तक राजभवन से भी विशेषज्ञ का कोई लिस्ट प्राप्त नहीं हुआ है।


कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
दूरभाष (मो0) सं0-
(जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-75 (Section-II)
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड-2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा-3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू-अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0-75 अन्तर्गत मौजा :- दुलसुलमी, थाना :- सतबरवा, थाना नं0 :- 259
पत्रांक- 832 (A)/भू0अ0, दिनांक- 12.12.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | दुलसुलमी | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0125 | 1 | अर्पण कुमार गुप्ता पिता वासुदेव प्रसाद गुप्ता | |
| 2 | | 6 | 106 P | रैयती | टाड़-3 | 0.1025 | 2 | अमरदयाल प्रसाद पिता किशुन साव | |
| 3 | | 5 | 104 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0100 | 3 | अवधेश प्रसाद पिता राज गोविन्द मेहता | |
| 4 | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0287 | 4 | उर्मिला देवी पति रामवृक्ष साव | मकान |
| 5 | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0050 | 5 | उपेन्द्र ठाकुर वो अजेन्द्र ठाकुर पिता जुगनु ठाकुर | |
| 6 | | 6 | 106 P | रैयती | टाड़-3 | 0.4400 | 6 | कन्हाई साव पिता स्व0 छेडी साव | मकान |
| 7 | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0850 | 7 | कविता देवी पति शंभु प्रसाद | |
| | | 5 | 104 P | रैयती | टाड़-2 | 0.1050 | | तदैव | |
| 8 | | 6 | 106 P | रैयती | टाड़-3 | 0.1507 | 8 | कलावती देवी पति शालीग्राम एवं शिवनारायण तिवारी वगै0 पिता बालेदव तिवारी के मध्य (विवाद) | विवादित |
| 9 | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0700 | 9 | गोपाल प्रसाद पिता रामनेसाज साहु | भुनु देवी पति गोपाल साव |
| | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0750 | | तदैव | तदैव |
| | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0400 | | तदैव | तदैव मकान |
| 10 | | 8 | 93 | रैयती | टाड़-2 | 0.0633 | 10 | गोपाल प्रसाद वो अरूण कुमार पिता रामनिवाज साव | मकान |
| 11 | | 6 | 107 P | रैयती | टांड़-3 | 0.6061 | 11 | चम्पा देवी पति रामचन्द्र मोची | 1. कुन्दन राम पिता स्व0 रामचन्द्र राम 2. बसंती कुंवर पति संजय कुमार 3. सोनी देवी पति अतुल कुमार |
| 12 | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0500 | 12 | चमेली देवी पति सुरेश साव | |
| 13 | | 1 | 90 P | बकास्त | टांड-1 | 0.0100 | 13 | छठन साहु पिता सुधन साहु | |
| 14 | | 5 | 104 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0200 | 14 | जयचंद मेहता पिता बालगोबिन्द मेहता | |
| | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0200 | | तदैव | |
| 15 | | 6 | 106 P | रैयती | टाड़-3 | 0.0375 | 15 | जयप्रकाश प्रसाद पिता स्व0 हरि चरण साव | मकान |
| 16 | | 12 | 94 P | रैयती | टाड़-3 | 0.0941 | 16 | दामोदर सिंह पिता महाबीर सिंह | मोहन प्रसाद और दिनेश प्रसाद पिता तपेश्वर साव का मकान |
| 17 | | 1 | 90 P | बकास्त | टाड़-1 | 0.0100 | 17 | दुर्गा प्रसाद वगै0 पिता स्व0 राजकुमार प्रसाद | |
| 18 | | 1 | 89 | बकास्त | टाड़-1 | 0.0284 | 18 | पार्वती देवी पति स्व0 केदार प्रजापति | |
| 19 | | 5 | 104 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0325 | 19 | प्रभा देवी पति छककन प्रसाद | कमलेश प्रसाद पिता छककन प्रसाद |
| | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.1300 | | तदैव | तदैव |
| 20 | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0400 | 20 | प्रभु मेहता पिता स्व0 यदुनन्दन मेहता | |
| 21 | | 7 | 115 P | रैयती | धान खेत-3 | 0.0671 | 21 | पुष्पा देवी पति महेन्द्र प्रसाद प्रमीला देवी पति राजेश प्रसाद | जवाहर प्रसाद राजेन्द्र प्रसाद सुरेन्द्र प्रसाद रविन्द्र प्रसाद पिता स्व0 लक्ष्मी प्रसाद |
| 22 | | 8 | 93 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0700 | 22 | पंकज प्रसाद वो महेन्द्र प्रसाद पिता केशरी साह | मकान |
| 23 | | 5 | 104 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0025 | 23 | बृन्दबिहारी प्रसाद यादव पिता सेठा यादव | |
| | | 8 | 105P | रैयती | टाड़-2 | 0.1250 | | तदैव | |
| 24 | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.1782 | 24 | भरत भुषण प्रसाद अरूण प्रसाद बसंत प्रसाद पिता स्व0 वशीधर प्रसाद | मकान |
| | | 5 | 104 P | रैयती | टाड़-2 | 0.1317 | | तदैव | मकान |
| 25 | | 5 | 104 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0125 | 25 | भोला मेहता धनंजय कुमार मेहता पिता वृजकुमार मेहता | |
| | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.2150 | | तदैव | मकान |
| 26 | | 8 | 93 P | रैयती | टाड़-2 | 0.02062 | 26 | भोला प्रसाद पिता स्व0 महाबीर प्रसाद | मकान |
| 27 | | 8 | 93 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0225 | 27 | भोला प्रसाद पिता स्व0 महाबीर प्रसाद वो मुन्ना देवी पति भोला प्रसाद | मकान |
| 28 | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.1200 | 28 | भुनु देवी पति स्व0 गोपाल साव, नागवन्ती देवी पति प्रेम प्रसाद | मकान |
| 29 | | 1 | 90 P | बकास्त | टाड़-1 | 0.0100 | 29 | ममता देवी पति राजेश कुमार | |
| 30 | | 5 | 104 P | रैयती | टाड़-1 | 0.0800 | 30 | महेन्द्र प्रसाद पिता स्व0 भुगेश्वर साव | |
| 31 | | 8 | 105 P | रैयती | टांड़-2 | 0.1075 | 31 | महेन्द्र प्रसाद पिता स्व0 युगेश्वर प्रसाद | मकान |
| 32 | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0150 | 32 | महेन्द्र प्रसाद वो राजेश प्रसाद पिता रामनिवाज साव | |
| 33 | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0050 | 33 | महेन्द्र प्रसाद पिता रामनिवाज साव | |
| 34 | | 1 | 101 | बकास्त | टाड़-3 | 0.0300 | 34 | मीरा देवी पति दीनानाथ प्रसाद | |
| 35 | | 8 | 93 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0225 | 35 | मुना देवी पति भोला प्रसाद | मकान |
| 36 | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.1000 | 36 | मुरली प्रसाद शंकर प्रसाद प्रभु प्रसाद पिता रामचलितर साव | |
| 37 | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0500 | 37 | राजकुमार साव पिता स्व0 केशर साव | |
| 38 | | 8 | 105 P | रैयती | टाड़-2 | 0.1850 | 38 | राजपति देवी पति सत्यनारायण सिंह | |
| 39 | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0069 | 39 | रामचलितर साव पिता रघुनन्दन साव | मुरली प्रसाद, शंकर प्रसाद, प्रभु प्रसाद पिता रामचलीतर साव |
| 40 | | 1 | 87 P | बकास्त | टांड़-1 | 0.1500 | 40 | लखन साव पिता बली साव | जवाहर प्रसाद राजेन्द्र प्रसाद सुरेन्द्र प्रसाद रविन्द्र प्रसाद एवं अन्य पिता स्व0 लक्ष्मी साव, रामनेवाज साव पिता लखन साव |
| | | 7 | 79 | रैयती | धान खेत-3 | 0.0971 | | तदैव | जवाहर प्रसाद राजेन्द्र प्रसाद सुरेन्द्र प्रसाद रविन्द्र प्रसाद पिता स्व0 लक्ष्मी साव, रामखेलावन साव पिता स्व0 लखन साव |
| | | 7 | 115 P | रैयती | धान खेत-3 | 0.0700 | | तदैव | |
| 41 | | 1 | 89 | बकास्त | टांड़-1 | 0.0167 | 41 | शदु कुम्हार पिता वंगाली कुम्हार | अनील प्रजापति पिता सुनिल प्रजापति, देवन्ती देवी पति स्व0 रामकेवल प्रजापति |
| 42 | | 6 | 106 | रैयती | टांड़-3 | 0.0400 | 42 | शिवनारायण तिवारी पिता स्व0 बालदेव तिवारी | |
| 43 | | 12 | 77 P | रैयती | टांड़-2 | 0.2310 | 43 | शोभा देवी पति सुरेश गुप्ता | |
| 44 | | 8 | 93 P | रैयती | टांड़-2 | 0.0400 | 44 | सुमन गुप्ता पति ब्रजेश प्रसाद ममता गुप्ता पति पपु प्रसाद | |
| 45 | | 12 | 94 P | रैयती | टांड़-3 | 0.0250 | 45 | सुमन गुप्ता पति ब्रजेश प्रसाद | ब्रजेश प्रसाद पिता तापेश्वर साव |
| 46 | | 1 | 90 P | रैयती | टांड-1 | 0.0175 | 46 | सुरेश प्रसाद वो लवकुश प्रसाद पिता स्व0 विश्वनाथ प्रसाद | |
| 47 | | 21 | 99 P | रैयती | टाड़-2 | 0.1721 | 47 | बैगइ भूमि (स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया) | |
| 48 | | 21 | 99 P | रैयती | टांड़-2 | 0.0900 | 48 | नहर सिचाई विभाग | |
| | | 1 | 88 | रैयती | टांड़-1 | 0.1356 | | तदैव | |
| | | 1 | 89 | बकास्त | टांड़-1 | 0.0649 | | तदैव | |
| 49 | | 1 | 101 P | बकास्त | टाड़-3 | 0.0300 | 49 | देव स्थान (ब्रहमदेव स्थान) | |
| 50 | | 1 | 90 P | बकास्त | टांड़-1 | 0.0360 | 50 | अज्ञात | संतोष कुमार, धिरज कुमार गुप्ता, पिता स्व0 परमेश्वर प्रसाद गुप्ता |
| 51 | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0300 | 51 | अज्ञात | विजय साहु मकान |
| 52 | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0200 | 52 | अज्ञात | नागवन्ती देवी पति प्रेम प्रसाद |
| 53 | | 12 | 77 P | रैयती | टाड़-2 | 0.0784 | 53 | अज्ञात | |
| 54 | | 22 | 76 | रैयती | धान खेत-3 | 0.0034 | 54 | अज्ञात | जवाहर प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद रविन्द्र प्रसाद, पिता स्व0 लक्ष्मी प्रसाद, रामनेवाज साव पिता स्व0 लखन साव |
| 55 | | 8 | 105 P | रैयती | टांड़-2 | 0.1093 | 55 | अज्ञात | विनय सिंह |
| 56 | | 8 | 93 P | रैयती | टांड़-2 | 0.0462 | 56 | अज्ञात | पुदीना कुवंर पति स्व0 दामोदर सिंह राजू सिंह पिता दामोदर सिंह |
| | | | | | कुल | 5.3465 | | | |

कानूनगो, जिला भू-अर्जन कार्यालय,पलामू
जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू
अपर समाहर्त्ता पलामू
उपायुक्त पलामू

PR 313676 Palamu(23-24)#D

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 58.850

चांदी (किलो) 75.500

## एक नजर

### साई सुदर्शन ने डेब्यू मैच में जड़ा नाबाद अर्द्धशतक, कहा - सपने सच होते हैं...

**नई दिल्ली:** टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की. युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन ने भी अपने डेब्यू में पचासा जड़ा। उनके बल्ले की चमक पूरी दुनिया ने देखी। अर्शदीप सिंह ने पांच विकेट चटकाए। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए पहले वनडे मुकाबले में एक युवा खिलाड़ी ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया। वह आईपीएल स्टार साई सुदर्शन थे। सुदर्शन ने अपने इंटरनेशनल डेब्यू पर ही एक लो स्कोरिंग मैच में नाबाद अर्धशतक जड़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टीम इंडिया ने जोहान्सबर्ग में तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली. पहले अर्शदीप सिंह और आवेश खान की गेंदबाजी के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 116 रनों पर समेटा। उसके बाद 8 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। सुदर्शन भी अपनी इस पारी से काफी खुश हैं और इसे सपना सच होने जैसा बताया।

# पहली बार भारत से बाहर विदेश में होगी आईपीएल खिलाड़ियों की नीलामी

## आईपीएल 2024 में मल्लिका सागर होंगी पहली महिला ऑक्शनर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मंगलवार को आई पीएल 2024 की नीलामी,ये पहली बार होगा जब आईपीएल में खिलाड़ियों की नीलामी देश से बाहर यानी विदेश में होगी। दुबई में इस एरिना हाई प्रोफाइल इवेंट का आयोजन होगा। बीसीसीआई ने उन 333 खिलाड़ियों के नाम शेयर किए हैं, जो आईपीएल की मिनी ऑक्शन में शामिल होंगे।



इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन के लिए खिलाड़ियों की बोली कल यानी मंगलवार 19 दिसंबर को होगी। ये पहली बार होगा जब आईपीएल में खिलाड़ियों की नीलामी देश से बाहर यानी विदेश में होगी। दुबई में इस एरिना हाई प्रोफाइल इवेंट का आयोजन होगा। बीसीसीआई ने उन 333 खिलाड़ियों के नाम शेयर किए हैं जो आईपीएल की मिनी ऑक्शन में शामिल होंगे। 10 टीमों के बीच 77 स्लॉट खाली हैं। इसका मतलब ये है कि 333 में से 77 खिलाड़ी नीलाम होंगे जिनमें से 30 विदेशी रहेंगे।






आईपीएल 2024 सीजन के लिए नीलामी भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। आईपीएल 2024 नीलामी की लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा पर उपलब्ध होगी। जबकि स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क अपने कई चैनलों पर इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

वहीं इस बार नीलामी में कुल कितने खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे? कुल 333 खिलाड़ियों की नीलामी होगी जिनमें 214 भारतीय और 119 विदेश खिलाड़ी शामिल हैं। एक टीम ज्यादा से ज्यादा कितने खिलाड़ी रख सकती है? हर आईपीएल टीम ज्यादा से ज्यादा 25 सदस्य और न्यूनतम 18 सदस्य हो सकते हैं। हर टीम में अधिकतम आठ विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। रिटेन किए गए खिलाड़ी की संख्या कितनी है और आईपीएल 2024 की नीलामी में टीमों के लिए शेष राशि कितनी है? आईपीएल की 10 टीमों ने कुल मिलाकर 173 खिलाड़ियों को रिटेन किया है, जिनमें 50 विदेशी क्रिकेटर हैं। सीएसके, लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने सबसे ज्यादा 19 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। आईपीएल 2024 के लिए ऑक्शनर मल्लिका सागर होंगी। ये आईपीएल इतिहास में पहली बार होगा जब कोई महिला ऑक्शनर द्वारा नीलामी आयोजित की जाएगी।

# मैनचेस्टर ने लिवरपूल को ड्रॉ पर रोका, आर्सेलन शीर्ष पर

**एजेंसी। नई दिल्ली** इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी। लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि आर्सेनल एक बार फिर से शीर्ष पर काबिज हो गया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी। लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि आर्सेनल एक बार फिर से शीर्ष पर काबिज हो गया।



आर्सेनल और लिवरपूल के नाम मौजूदा सत्र में 17-17 मैचों में क्रमशः 39 और 38 अंक है। मैनचेस्टर यूनाइटेड को लिवरपूल ने इस साल मार्च में 0-7 के बड़े अंतर से हराया था लेकिन नये कोच एरिक टेन हैग की देख रेख में टीम ने अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा करते हुए एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। आर्सेनल ने दूसरे हाफ में गैब्रियल जेसुस और काइ हैवट्र्ज के गोल से पर ब्रिगटन को शिकस्त दी।

तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला ने ने ब्रेंटफोर्ड को 2-1 से हराया। विला की टीम पहले हाफ के आखिरी क्षण में कीन लुईस-पॉटर के गोल के बाद 0-1 से पिछड़ रही थी लेकिन एलेक्स मोरेनो और ओली वाटकिंस ने दूसरे हाफ में गोल कर टीम को जीत दिला दी। ब्रेंटफोर्ड के बेन मी को 71वें मिनट में रेड कार्ड दिखाया गया। जिसके बाद टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ मैच खेलना पड़ा। मोहम्मद कुदुस के दो गोल के दम पर वेस्ट हैम ने वोल्व्स को 3-0 से हराया। कुदुस ने 10 मिनट के अंदर दो गोल कियटीम के एक और गोल डेविड मोयेस ने किया।

## खिलाड़ियों को साइन करने के लिए कुल सात स्लॉट उपलब्ध

# सिराज का समर्थन करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्प हासिल करना प्राथमिकता : निदेशक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बोबाट ने कहा, हमारे पास मुख्य खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह है। टीम का शीर्ष क्रम काफी मजबूत है। खिलाड़ियों को रिलीज करने का हमारा फैसला का एक हिस्सा मध्य क्रम को मजबूत करने की कोशिश करना था। कैमरून ग्रीन को टीम में लाना एक शानदार था कदम है। आरसीबी के पास 40.75 करोड़ रुपये का पर्स है और खिलाड़ियों को साइन करने के लिए कुल सात स्लॉट उपलब्ध हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने सोमवार को कहा कि आगामी आईपीएल नीलामी में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का समर्थन करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्प हासिल करना टीम की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आरसीबी ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान फाफ डू प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल और सिराज समेत




18 खिलाड़ियों को रिटेन (टीम में बरकरार)किया है और 11 खिलाड़ियों को रिलीज (टीम से बाहर) कर दिया है। जिन खिलाड़ियों को रिलीज किया गया है उनमें मध्यम तेज गेंदबाज हर्षल पटेल, श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तिकड़ी शामिल हैं। इससे टीम की गेंदबाजी कमजोर हुई है। बोबाट ने यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, हम जो करते हैं मोहम्मद सिराज उसका मुख्य हिस्सा है। हमारे लिए सिराज का समर्थन करने के लिए गेंदबाजी विदेशी गेंदबाज सहित कुछ और गेंदबाजी विकल्पों को टीम में शामिल करना एक वास्तविक प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा,हमारे पास स्थानीय स्पिनरों का एक समूह है, जो मुझे लगता है कि काफी मजबूत है। उनमें से कुछ को पिछले एक या दो वर्षों में सीमित अवसर मिले हैं और वे आगे चलकर अधिक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। शीर्ष क्रम में दिग्गज बल्लेबाजों से सजी आरसीबी ने अपने मध्य क्रम को मजबूत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को मुंबई इंडियंस से 17.5 करोड़ रुपये में खरीदा। बोबाट ने कहा, हमारे पास मुख्य खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह है।

टीम का शीर्ष क्रम काफी मजबूत है। खिलाड़ियों को रिलीज करने का हमारा फैसला का एक हिस्सा मध्य क्रम को मजबूत करने की कोशिश करना था। कैमरून ग्रीन को टीम में लाना एक शानदार था कदम है। आरसीबी के पास 40.75 करोड़ रुपये का पर्स है और खिलाड़ियों को साइन करने के लिए कुल सात स्लॉट उपलब्ध हैं।

# रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप में होंगे कप्तान!

**नई दिल्ली:** आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान बना दिया. ऐसा माना जा रहा है कि इसका असर टीम इंडिया पर भी देखने को मिल सकता है. लेकिन एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रोहित अगले साल टी20 वर्ल्ड कप में कप्तान होंगे।आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक मुंबई इंडियंस ने पिछले शुक्रवार को अपने सबसे सफल कप्तान रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पांड्या के हाथों में टीम की कमान दे दी. इसके साथ ही रोहित के सफल कप्तानी का 10 साल का सफर समाप्त हो गया. एमआई के इस फैसले ने सभी को चौंका दिया, वहीं फ्रेंचाइजी को फैंस की नाराजगी भी झेलनी पड़ी. कुछ दिन और पीछे चलें तो गुजरात टाइटंस को पहले ही सीजन में खिताब दिलाने और दूसरे सीजन में फाइनल तक पहुंचने वाले पांड्या को मुंबई ने ट्रेड किया. इस ट्रेड के बाद कई लोगों को उम्मीद थी कि एमआई के नेतृत्व में परिवर्तन होगा. इस बड़े बदलाव के बाद, क्रिकेट जगत में इस बात की भी चर्चा है कि क्या टीम इंडिया भी उसी बदलाव की ओर जाएगा, लेकिन एक रिपोर्ट से पता चला है कि रोहित जून में टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया की कप्तानी के पहले पसंद बने हुए हैं.हार्दिक पांड्या करीब एक साल से अधिक समय से भारत के लिए वैकल्पिक टी20 आई कप्तान हैं. रोहित ने आखिरी बार इस प्रारूप में नवंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टीम की टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में हार के साथ खेला था. उम्मीद थी कि रोहित एकदिवसीय विश्व कप के बाद टी20 आई में वापसी करेंगे, लेकिन पिछले महीने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह नहीं हो सका. यहां तक कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में भी रोहित शर्मा को आराम दिया गया।बीसीसीआई ने सफाई दी है कि ऐसा रोहित शर्मा की मर्जी से हुआ. उन्होंने खुद ही ब्रेक लेने का फैसला किया है. इस बात ने इस प्रारूप में रोहित के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है. ऐसी चर्चा है हार्दिक पांड्या टी20 वर्ल्ड कप 2024 में टीम इंडिया के कप्तान बन सकते हैं. इस वनडे वर्ल्ड कप में रोहित ने टीम को फाइनल तक पहुंचाया. शायद ही वह अगला वनडे वर्ल्ड कप खेल पाएं। क्योंकि यह सलामी बल्लेबाज अगले साल अप्रैल में 37 साल का हो जाएगा.

## व्यापार

## आई फोन यूजर्स पर मंडरा रहा बड़ा खतरा, सरकार ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली :** अब एप्पल के डिवाइस इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के ऊपर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। सीईआर टी-इन(कंप्यूटटर इमर्जेंसी रिस्पॉन्स टीम ऑफ इंडिया) ने शुक्रवार को कहा कि उसे ऐपल के प्रोडक्ट्स में कई खतरे मिले हैं। इनसे यूजर्स के डेटा की सेफ्टी हैकर्स के निशाने पर आ गई है। स्कैमर्स आए दिन किसी न किसी तरह से लोगों को अपना शिकार बनाते रहते हैं। इसी कड़ी में अब एप्पल के डिवाइस इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के ऊपर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। CERT-I»»f (कंप्यूटटर इमर्जेंसी रिस्पॉन्स टीम ऑफ इंडिया) ने शुक्रवार को कहा कि उसे ऐपल के प्रोडक्ट्स में कई खतरे मिले हैं। इनसे यूजर्स के डेटा की सेफ्टी हैकर्स के निशाने पर आ गई है। दरअसल, रिपोर्ट के अनुसार ये हैकर इनसे ऐपल डिवाइस में वायरस वाले कोड को रन कराने के साथ ही सिक्योरिटी रिस्ट्रिक्शन्स को भी बाइपास कर सकते हैं। इसके अलावा इनसे हैकर यूजर्स के डिवाइस में डिनायल ऑफ सर्विस भी चालू कर सकते हैं।

CERT-I»»f के अनुसार, ये खतरा OS, Apple WÔtch OS, iPÔdOS और 17.2 वर्जन के ऊपर वाले ऐपल सफारी के यूजर्स की परेशानी बढ़ा सकता है। CERT-I»»f ने इस खतरे को हाई कैटेगरी में रखा है। ये सिक्योरिटी एडवाइजरी सैमसंग यूजर्स को दी गई वॉर्निंग के महज 48 घंटे बाद आई है।

CERT-I»»f ने सैमसंग यूजर्स को दी गई चेतावनी में कहा था कि एंड्रॉयड वर्जन 11,12,13 और 14 पर चलने वाले फोन की सिक्योरिटी गंभीर खतरे में है। इसमें सैमसंग के प्रीमियर फोन गैलेक्सी एस 23 का भी नाम है। क्योंकि ये ऐंड्रॉयड 14 को सपोर्ट करता है।

# स्कूटर और कैब के बाद अब ओला से गूगल और चैट जीपीटी को मिलेगा टक्कर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अब ओला भी कूद गया है। कैब और इलेक्ट्रिक स्कूटर के बाद कंपनी ने अपना पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस Krutrim अंकपेश किया है। इस प्रोजेक्ट को कंपनी के सीईओ भाविश अग्रवाल ने इंट्रोड्यूस किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन दिनों काफी चलन में है। लगभग हर कंपनी इस सेक्टर में कदम रख रही है। इस क्रम में अब ओला भी कूद गया है। कैब और इलेक्ट्रिक स्कूटर के बाद कंपनी ने अपना पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस Krutrim अकपेश किया है। इस प्रोजेक्ट को कंपनी के सीईओ भाविश अग्रवाल ने इंट्रोड्यूस किया है। PÔt»»fÔ में पुरानी कारों की कीमतें आपको आश्चर्यचकित कर सकती हैं

**उपयोग की गयी गाड़ी की कीमत**

|SeÔrch Ads

कंपनी का कहना है कि ये एक ग्राउंडब्रेकिंग प्रोजेक्ट है, जिसका फोकस भारत का पहला फुल स्टैक अक सॉल्यूशन विकसित करना है। कंपनी ने इसके दो मॉडल-कृत्रिम और




कृत्रिम प्रो को पेश किया है।

इन अकमॉडल्स में क्या खास है इसके बारे में आपको डिटेल्स में समझना होगा। सबसे पहले तो Krutrim अंक की शुरूआत अप्रैल 2023 में भविश अग्रवाल और कृष्णमूर्ति वेणुगोपाला टेनेटी ने की। ड" ने इसके दो मॉडल्स पेश किए हैं। बेस मॉडल यानी Krutrim अंक 22 भाषाओं को समझता है और 10 भारतीय भाषाओं में टेक्स्ट जनरेट कर सकता है। वहीं प्रो वेरिएंट की बात करें, तो इसे एडवांस प्रॉब्लम्स को सॉल्व करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये अगली तिमाही में रिलीज होगा।

कंपनी का दावा है कि किसी दूसरे अक मॉडल के मुकाबले Krutrim अंक को 20 गुना ज्यादा इंडिक टोकन पर ट्रेन किया गया है। इस कारण से ये इंडिक परफॉर्मेंस के मामले में जीपीटी-4 AüSX LIÔmÔ मॉडल्स को आउट परफॉर्म करता है। ये अकवॉयल इनपुट को प्रॉसेस कर सकता है। और उसका जवाब भी वॉयल आउटपुट केरूप में दे सकता है।

वहीं इससे यूजर्स को एक यूनिक एक्सपीरियंस मिलेगा। भारतीय संस्कृति और भाषाओं से अक को जोड़ने के लिए Krutrim अंक को काफी ट्यून किया गया है और इंडियन डेटा पर ट्रेन किया गया है। भारतीय भाषाओं की स्क्रिप्ट्स को ट्रांसलेट करने के लिए ये कदम कस्टम टोकनाइजर पर काम करता है। इस कारण ये आर्टिफिशियल दूसरे ओपन सोर्स लर्निंग मॉडल्स से बेहतर काम करता है। कंपनी ने इसे अकको लाइव कर दिया है। ये मॉडल कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर लाइव हो चुका है। हालांकि, इसके लिए यूजर्स को रजिस्टर करना होगा। इसका बेस मॉडल अगले महिने से सभी के लिए उपलब्ध होगा।

## शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, 300 से अधिक टूटा सेंसेक्स

**एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार का नया सप्ताह शुरू हो गया है। इस सप्ताह की शुरूआत शेयर बाजार में अच्छी नहीं हुई है। सेंसेक्स और निफ्टी में जोरदार गिरावट देखने को मिल रही है। बैंक निफ्टी शुरूआत में ही 200 अंकों की गिरावट का शिकार हुआ है। वहीं इसे मिडकैप की तेजी से भी बाजार को खास सोपर्ट नहीं मिल सका है। एशियाई बाजारों के कमजोर रुख का असर घरेलू बाजार पर पड़ा। एनएसई का निफ्टी 21.85 अंक गिरावट के साथ खुला है। इसका स्तर 21,434 का रहा है। आंकडों की मानें तो बीएसई वाला 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स 341.46 अंक गिरकर 71,142.29 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर नुकसान में रहे। सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन और बजाज फाइनेंस के शेयर लाभ में रहे। निफ्टी 65.30 अंक फिसलकर 21,391.35 पर रहा।



अन्य एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग तथा जापान का निक्की नुकसान में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी फायदे में रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.90 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 9,239.42 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## अदाणी एंटरप्राइजेज ने भी निवेशकों को दिया तगड़ा मुनाफा

# निवेशकों का मुनाफा कराने में अदाणी से आगे अंबानी

**नयी दिल्ली :** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के एक अध्ययन के अनुसार अदाणी एंटरप्राइजेज ने भी निवेशकों को तगड़ा मुनाफा दिया। कंपनियों के शेयर बाजार में प्रदर्शन पर आधारित इस अध्ययन में कहा गया कि रिलायंस लगातार पांचवीं बार संपत्ति निर्माण में अव्वल रही। भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों की झोली भरने में भी मुकेश अंबानी की कंपनी गौतम अदाणी की कंपनी से आगे है. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 2018 से 2023 तक पांच साल के दौरान संपत्ति निर्माण के लिहाज से अव्वल रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के एक अध्ययन के अनुसार अदाणी एंटरप्राइजेज ने भी निवेशकों को तगड़ा मुनाफा दिया. कंपनियों के शेयर बाजार में प्रदर्शन पर आधारित इस अध्ययन में कहा गया कि रिलायंस लगातार पांचवीं बार संपत्ति निर्माण में अव्वल रही।


हिंडनबर्ग रिपोर्ट से हुए नुकसान से तेजी बाहर आ रहा अदाणी ग्रुप, 64 बिलियन डॉलर रह गया घाटा।



रिलायंस ने 2018-23 के बीच 9,63,800 करोड़ रुपये की संपत्ति जोड़ी. इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (6,77,400 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (4,15,500 करोड़ रुपये), इन्फोसिस (3,61,800 करोड़ रुपये) और भारती एयरटेल (2,80,800 करोड़ रुपये) का स्थान रहा. मोतीलाल ओसवाल ने अपने अध्ययन में कहा कि एक कम चर्चित कंपनी लॉयड्स मेटल्स ने 2018-23 के दौरान 79 प्रतिशत सालाना वृद्धि दर (सीएजीआर)के साथ सबसे तेजी से संपत्ति निर्माण किया. अदाणी समूह की प्रमुख फर्म अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड 78 प्रतिशत सीएजीआर के साथ दूसरे स्थान पर रही। अध्ययन में कहा गया है कि शीर्ष 10 सबसे तेज संपत्ति निर्माण करने वाली कंपनियों में यदि 2018 में 10 लाख रुपये का निवेश किया जाता, तो यह राशि 2023 में बढ़कर एक करोड़ रुपये होती. यह 59 प्रतिशत का सीएजीआर प्रतिफल है. शेयर बाजार में सबसे तेज, सबसे बड़े और लगातार बेहतर प्रदर्शन को दशार्ने वाली श्रेणी ऑल-राउंड वेल्थ क्रिएटर्स में अदाणी एंटरप्राइजेज शीर्ष पर रही. फर्म कुल संपत्ति निर्माण के लिहाज से 9वें स्थान पर, सबसे तेज संपत्ति निर्माण के लिहाज से दूसरे स्थान पर और लगातार बेहतर प्रदर्शन करने के लिहाज से पांचवे स्थान पर है. इस श्रेणी में इसके बाद वरुण बेवरेजेज, अदाणी पावर, ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स और आईसीआईसीआई बैंक का स्थान है। इस सूची में रिलायंस 10वें नंबर पर है। पिछले सप्ताह बाजार में जारी तेजी के बीच, सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.26 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस रहीं।

# फोन पे, गूगल पे 31 दिसंबर के बाद हो सकता है बंद

**नई दिल्ली :** बैंक के ऐसे ग्राहक जो डिजिटल लेनदेन के लिए का इस्तेमाल करते हैं। उनके लिए ये बेहद खास खबर है। बताया जा रहा है कि बैंक आपके यूपीआई आईडी को लेकर एक बड़ा फैसला लेने वाला है। इससे लाखों ग्राहकों के थर्ड पार्टी ऐप्लिकेशन जैसे गूगल पे, फोन पे आदि बंद हो सकते हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने अपने नए गाइडलाइन में कहा है कि बैंक और थर्ड पार्टी ऐप्लिकेशन प्रोवाइडर्स ऐसे ग्राहकों के यूपीआई आईडी और उससे जुड़े मोबाइल नंबर की पहचान करें, जिन्होंने पिछले एक साल या उससे ज्यादा वक्त से अपने यूपीआई आईडी का इस्तेमाल नहीं किया है। संस्थान ने ऐसे आईडी को बंद करने का निर्देश भी दे दिया है। कहा है कि सभी टीपीएपी और पीएसपी बैंक उन ग्राहकों से जुड़े मोबाइल नंबर की पहचान करेंगे। इस दायरे में ऐसे यूपीआई आईडी आएंगे,जिन्होंने पिछले एक साल में किसी भी तरह का क्रेडिट या डेबिट नहीं हुआ है।




ऐसे जेडयूपीआई पर नए साल के बाद से यूजर्स ट्रांजैक्शन नहीं कर पाएंगे. हालांकि, संस्थान से इस बारे में जानकारी नहीं मिली कि बंद यूपीआई को क्या फिर से शुरू किया जा सकता है या नहीं. अगर हां तो उसकी प्रक्रिया क्या हो सकती है।

## सोने में निवेश पर मिल रही छूट

**नई दिल्ली:** सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम में डिजिटल पेमेंट करने और ऑनलाइन बॉन्ड खरीदने पर 50 रुपए का डिस्काउंट मिलता है। भारत में इन्वेस्ट करने के लिए सोना सबसे बेहतरीन ऑप्शन माना जाता है। सोने की कीमत में लगातार हो रहे इजाफे को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग सोने में इन्वेस्ट करने की इच्छा रखते है। सोना खरीदकर इन्वेस्ट करनेवालों के लिए केंद्र सरकार भी सरकारी योजना लाई है जिसके तहत सोने में निवेश किया जा सकता है। केंद्र सरकार की सवर बॉन्ड स्कीम की इस सीरीज की शुरूआत 18 दिसंबर से हो गई है, जो 22 दिसंबर तक जारी रहेगी। इस बार योजना के तहत एक ग्राम सोना खरीदने पर 6,199 रुपए का भुगतान करना होगा। सोने के बाजार में चल रहे दाम से ये कीमत काम होती है। इस कीमत को आईबीजीए द्वारा दिए गए रेट के आधार पर तय किया जाता है। आरबीआई द्वारा संचालित इस स्कीम में बॉन्ड को खरीदने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध होते है। बता दें कि इस



वर्ष के लिए ये अंतिम सवर बॉन्ड स्कीम है। इस स्कीम के तहत सोना खरीदने वालों को 24 कैरेट यानी 99.9% शुद्ध सोने में निवेश करने का मौका मिलता है। सोने में निवेश करने पर सरकार 2.5 प्रतिशत का सालाना ब्याज भी देती है। इस गोल्ड बॉन्ड पर लोन लेने की भी सुविधा दी जाती है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम में डिजिटल पेमेंट करने और ऑनलाइन बॉन्ड खरीदने पर 50 रुपए का डिस्काउंट मिलता है। वहीं 10 ग्राम सोना खरीदने पर इस तरह 500 रुपए बचाए जा सकते है।